माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080
लखनऊ, सोमवार, 29 जनवरी 2024
वर्ष 34, अंक 4, पृष्ठ 14
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

अमेरिका के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सिख इतिहास 14
सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी 13

नई दिल्ली के विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में शामिल राष्ट्रपति के काफिले के घुड़सवार। ● एजेंसी

# पत्नी के प्रेमी ने पति को कमरे में बंद कर फूंका

## कमरे में बंद करके आग लगा दी, पत्नी से अवैध संबंधों का विरोध करता था पति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फतेहपुर के देवरी बुजुर्ग गांव के रहने वाले थे शिक्षक
- पत्नी को प्रेमी संग आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था

**अमृत विचार :** पनकी में रविवार दोपहर पत्नी के प्रेमी ने अपने साथियों संग मिलकर सरकारी शिक्षक पति को कमरे में बंदकर जिंदा फूंक दिया। आग से खुद को घिरा देख शिक्षक ने फोन से अपने छोटे भाई को घटना की जानकारी दे दी थी। छोटे भाई ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शिक्षक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक शिक्षक की जलने व दम घुटने से मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटनास्थल से एक हत्यारोपी वकील को गिरफ्तार कर लिया। सरकारी शिक्षक के भाई ने उनकी पत्नी समेत चार पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी है।

मूलरूप से फतेहपुर जनपद के देवरी बुजुर्ग गांव निवासी दयाराम (45) कानपुर देहात के सिकंदरा रसधान के बुधौली गांव स्थित ग्राम विकास इंटर कालेज में शिक्षक थे। दयारात की शादी जहानाबाद के भैसौली गांव निवासी संगीता देवी से वर्ष 2009 में हुई थी। दोनों के 12 साल का बेटा आद्विक उर्फ स्वास्तिक है। दयाराम बर्रा आठ में पत्नी और बेटे के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि सितबंर 2023 में

दयाराम

दयाराम ने संगीता को बिधनू के हरबसपुर गांव निवासी ढाबा संचालक प्रेमी पवन के साथ आपत्तिजनक स्थितियों में पकड़ लिया था। इसके बाद से दयाराम पत्नी से अलग अपने छोटे भाई अनुज की कानपुर देहात के गजनेर स्थित ससुराल में रहते थे। दयाराम ने पत्नी से तलाक का मुकदमा कोर्ट में दाखिल किया था। छोटे भाई अनुज ने बताया कि पवन का एक दोस्त महेश दयाराम का भी दोस्त था। महेश के बहनोई वकील संजीव कुमार ने संगीता से विवाद निस्तारण के लिए रविवार को दयाराम को मिलने बुलाया। वहां सबने दयाराम को कमरे में बंद कर आग लगा दी। अनुज ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े 11 बजे दयाराम ने उसे फोन कर बताया कि संजीव व पवन ने उसे कमरे में बंद कर कमरे में आग लगा दी है। अनुज की सूचना पर पुलिस पहुंची और दरवाजा तोड़कर दयाराम को बाहर निकाला, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने संजीव को मौके से गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि कमरे से शिक्षक का जला हुआ शव मिला है। शिक्षक के भाई ने पत्नी संगीता, प्रेमी पवन, संजीव समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। एक आरोपी संजीव को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री योगी ने नीतीश कुमार को दी बधाई

**लखनऊ।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर रविवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दी। योगी ने अपने एक्स एकाउंट पर बिहार में नवगठित सरकार को शुभकामनाएं देते हुए नीतीश कुमार और दोनों उप मुख्यमंत्री को भी बधाई दी है। योगी ने लिखा है, नीतीश कुमार को बिहार राज्य के मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। पूरा विश्वास है कि बिहार में बनी डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सेवा, सुशासन और विकास के मानक स्थापित करेगी।

### सड़क हादसे में नेपाल के चार नागरिकों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में एक कार की चपेट में आने से साइकिल और स्कूटर सवार नेपाल के चार नागरिकों की मौत हो गई। सिविल लाइन्स पुलिस थाना के प्रभारी रविंदर कुमार ने रविवार को बताया कि यह दुर्घटना बीती रात सोनीपत के मामा-भांजा चौक पर हुई। घायलों में से एक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। कुमार ने बताया कि कार ने साइकिल सवार चार व्यक्तियों और स्कूटर सवार एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। घटना में चार लोगों की मौत हो गई।

## जदयू प्रमुख ने रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

# नौवीं बार... मैं नीतीश कुमार

- जदयू-भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार, भाजपा के सम्राट और विजय बने उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी

बिहार के लिए शपथ के ये शब्द 'मैं नीतीश कुमार' नए नहीं हैं, लेकिन अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद रविवार को रिकॉर्ड नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और देश की मौजूदा राजनीति को बता दिया मैं नीतीश कुमार।

यहां राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने नीतीश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश के साथ भाजपा के नेताओं विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी और प्रेम कुमार ने भी मंत्रिपद की शपथ ली। जद (यू) नेता विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र यादव और श्रवण कुमार के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की अगुवाई वाले हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों पर एक या दो दिन में निर्णय लिया जाएगा।नीतीश ने रविवार

दिन में यह कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में उनके लिए चीजें ठीक नहीं चल रही हैं। इसी के साथ उन्होंने भाजपा के सहयोग से नई सरकार बनाने का दावा भी पेश किया था। लगभग डेढ़ साल पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। नीतीश की पूर्व सहयोगी पार्टी राजद ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया, जबकि एक अन्य पूर्व सहयोगी कांग्रेस भी अनुपस्थित रही। जदयू सुप्रीमो ने 2000 में राज्य के मुख्यमंत्री पद की पहली बार शपथ ली थी।

### जहां थे, वहीं वापस आ गए : नीतीश

नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे और अब इधर-उधर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे, बीच में कहीं गए। फिर हमारी पार्टी के लोगों को लगा तो हम वापस आ गए। अब सब दिन के लिए हम लोग एक ही साथ रहेंगे जो शुरू से थे। अब इधर-उधर जाने का सवाल नहीं है। नीतीश ने बताया कि मेरे साथ सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं।

### विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी नई सरकार : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में फिर से राजग की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को भी बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि बिहार में बनी राजग सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई।

### जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी: तेजस्वी

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 2024 में ही खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। मुझे कोई गुस्सा नहीं है, लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अभी खेल बाकी है। आप लिखकर ले लीजिए जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी। मैं भाजपा के लोगों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने उन्हें (नीतीश कुमार) को साथ ले लिया। नीतीश कुमार पर तंज करते हुए कहा कि ये थके हुए मुख्यमंत्री थे, लेकिन हमने इनसे इतना काम करवाया कि रिकॉड बन गया।

### कांग्रेस का तंज, गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं नीतीश

**नई दिल्ली।** नीतीश कुमार के रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस ने उनकी तुलना गिरगिट से की और कहा कि राज्य के लोग इस विश्वासघात के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वह महागठबंधन छोड़ने के कुमार के फैसले के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने 'इंडिया' को बरकरार रखने के लिए कुछ नहीं कहा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, 'बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

# आज बनाए जा रहे कानून, कल के उज्ज्वल भारत का बनेंगे आधार

## सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार वर्तमान संदर्भ को ध्यान में रखते हुए कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है और ये कानून भारत को भविष्य में और मजबूत करेंगे। उच्चतम न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ (हीरक जयंती) के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक न्याय कानून बनने से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सैकड़ों साल पुराने कानूनों से नए कानूनों की ओर प्रवेश सुचारू हो। इस संबंध में, हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्य पहले ही शुरू कर दिया है। मोदी ने उच्चतम न्यायालय से अन्य हितधारकों के क्षमता निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का हिस्सा है। सरकार लगातार काम कर रही है और भरोसेमंद न्यायिक प्रणाली बनाने के लिए कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में उठाया गया कदम है। भविष्य में इससे न्यायिक प्रणाली पर अनावश्यक बोझ कम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है। कहा कि आज भारत में जो कानून बन रहे हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूती प्रदान करेंगे। आज बनाए गए कानून भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।

समारोह के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ से चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### न्यायपालिका को कठिन संवाद शुरू करने की जरूरत : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने 'स्थगन की संस्कृति' और लंबी छुट्टियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने की न्यायपालिका की क्षमता के लिए जरूरी है कि वह चुनौतियों को पहचाने और 'कठिन संवाद' शुरू करे। उन्होंने हाशिए पर मौजूद वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने और पहली पीढ़ी के वकीलों को समान अवसर प्रदान करने पर भी जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि कानूनी पेशे में पारंपरिक रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम रहता था, लेकिन अब जिला न्यायपालिका के कार्यबल में उनकी हिस्सेदारी 36.3 प्रतिशत है। सीजेआई ने समाज के विभिन्न वर्गों को कानूनी पेशे में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने रेखांकित किया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व बार और पीठ दोनों में काफी कम है।

# घर में सो रहे दंपति और तीन बच्चों की जिंदा जलाकर हत्या

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- फरीदपुर कस्बे के मोहल्ला फर्रखपुर में दिल दहलाने वाली वारदात

**अमृत विचार :** फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में शनिवार रात घर के कमरे में सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की शनिवार रात जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले ने दरवाजे पर बाहर से ताला भी डाल दिया था ताकि कोई बाहर न निकल सके। एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या की दिल दहला देने वाली इस वारदात का पता लोगों को रविवार सुबह लग पाया। पुलिस की पूरे दिन की छानबीन के बावजूद न हत्यारे का कोई सुराग मिला, न हत्या करने का कारण पता चला। वारदात का शिकार होने वाले अजय गुप्ता (35) का परिवार फर्रखपुर मोहल्ले में तिरंगा स्कूल के पास किराए के मकान में रहता था। अजय बिजली सबस्टेशन के पास नान का ठेला लगाते थे। परिवार में पत्नी अनीता (32) के अलावा बेटा दिव्यांश (09), दक्ष (03) और बेटी दिव्यांशी (06) थी। मकान में मेन गेट के अंदर कुछ जगह खाली पड़ी है और दूसरे कोने पर सिर्फ एक कमरा बना हुआ है जिसमें पूरा परिवार सोता था। शनिवार रात इसी कमरे में सोते हुए पांचों लोगों की आग लगाकर हत्या कर दी गई। घनी आबादी में मकान होने के बावजूद रात में आसपास किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। रविवार सुबह घटना का तब पता चला, जब अजय के चचेरे भाई राजेंद्र उनके घर में खड़ी अपनी बाइक लेने पहुंचे। काफी देर आवाज लगाने के बाद भी मेन गेट नहीं खुला तो राजेंद्र पड़ोस के घर से छत पर पहुंचे। वहां से झांककर देखने पर अजय के कमरे से धुआं उठते देख उनके होश उड़ गए। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने के बाद भीड़ अंदर से तालाबंद मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई। सीओ गौरव कुमार सिंह और इंस्पेक्टर रामसेवक सिंह की मौजूदगी में दरवाजे पर बाहर से पड़ा ताला तोड़कर कमरा खोला गया तो अंदर वीभत्स नजारा देखकर लोगों की रूह कांप गई। कमरे में अजय, उनकी पत्नी और तीनों बच्चों के बुरी तरह जले शव इधर-उधर पड़े हुए थे।

### मुख्यमंत्री ने की पांच लाख देने की घोषणा

एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि सभी मृतकों का वह खुद अंतिम संस्कार कराने का इंतजाम करे। इसके साथ मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की भी घोषणा की है।

## बीटिंग रिट्रीट समारोह में बजेंगी भारतीय धुनें

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक समापन के मौके पर रायसीना हिल्स पर सोमवार को आयोजित होने जा रहे 'बीटिंग रिट्रीट' में सेना और अर्द्धसैनिक बलों के बैंड पूर्ण रूप से भारतीय धुन बजाएंगे। यह समारोह राष्ट्रीय राजधानी में विजय चौक पर होगा और इसी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का भी औपचारिक समापन हो जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि रायसीना हिल्स 'पूर्ण रूप से भारतीय धुनों का गवाह बनेगा' जो 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान बजाया जाएगा। इसके मुताबिक थलसेना, नौसेना, वायुसेना और सीएपीएफ के बैंड भारतीय धुन बजाएंगे।

## यूजीसी का सुझाव

# पर्याप्त उम्मीदवार नहीं होने पर हटाया जा सकता है आरक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के एक मसौदा दिशा निर्देशों में प्रस्ताव किया गया है कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं।

यूजीसी की ओर से उच्च शिक्षा संस्थानों में आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के लिए जारी मसौदा दिशा-निर्देश में कहा गया कि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रिक्तियां संबंधित उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार से नहीं भरी जा सकतीं लेकिन एक आरक्षित रिक्ति को प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है।

### एक भी आरक्षित पद अनारक्षित नहीं किया जाएगा: प्रधान

उच्च शिक्षा संस्थानों में आरक्षित पदों को भरने पर यूजीसी के मसौदा दिशानिर्देशों पर विवाद के बीच, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को स्पष्ट किया कि एक भी आरक्षित पद अनारक्षित नहीं किया जाएगा। प्रधान ने कहा कि केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान (शिक्षक संवर्ग में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के आने के बाद आरक्षण में अस्पष्टता की कोई गुंजाइश नहीं है।

## गुजरात के कच्छ में 4.0 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार शाम 4.0 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसमें हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार भूकंप का केंद्र कच्छ जिले के भचाऊ के निकट स्थित था। आईएसआर ने बताया कि भूकंप के झटके रविवार शाम 4: 45 बजे महसूस किए गए और भूकंप का केंद्र भचाऊ से लगभग 21 किमी दूर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। बीते दिनों दिल्ली-एनसीआर, पंजाब सहित चंड़ीगढ़ और जम्मू कश्मीर में भूकंप से धरती कांप उठी थी।

# बर्नार्ड अरनॉल्ट बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी

वाशिंगटन, एजेंसी

- एलन मस्क को पीछे छोड़कर टॉप पर पहुंचे
- फोर्ब्स की सूची में मुकेश अंबानी 11वें नंबर पर

लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, वैश्विक लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के सीईओ और फ्रांसीसी अरबपति अरनॉल्ट और उनके परिवार की कुल संपत्ति शुक्रवार को 23.6 बिलियन डॉलर की वृद्धि के बाद 207.8 बिलियन डॉलर हो गई। वहीं मस्क की संपत्ति 204.5 बिलियन डॉलर से अधिक है। जेफ बेजोस करीब 15.04 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

भारत का कोई भी अरबपति इस लिस्ट में टॉप टेन में शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 104 बिलियन डॉलर (करीब 8.64 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं।

## हरियाणा के हर जिले में होंगे वृद्ध सेवा आश्रम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि राज्य के हर जिले में बुजुर्गों के लिए वृद्ध सेवा आश्रम खोले जाएंगे, जिनमें 50-50 बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था होगी। खट्टर ने कहा कि करनाल में तीन महीने में सिटी ई-बस सेवा शुरू की जाएगी। गरीबों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में पहले चरण में 50 हजार भूखंड दिए जाएंगे। आवेदन के लिए दो दिन बाद पोर्टल खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को करनाल के मॉडल टाउन के वार्ड 11 में जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए खोले जाने वाले वृद्ध सेवा आश्रमों में गरीबों के रहने और खाने-पीने की व्यवस्था होगी।

## सरकार की योजना

### जापान, चीन, ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी सहित 28 देशों में चलेगा प्रचार अभियान

# प्रदेश को दुनिया का सर्वोत्तम टूरिस्ट हब बनाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या के कारण इन दिनों दुनिया भर में छाए उत्तर प्रदेश को पर्यटन की नजर से सर्वाधिक आकर्षक गंतव्य के तौर पर प्रस्तुत करने की तैयारी है। इसके लिए इनवेस्टर्स समिट की तर्ज पर पड़ोसी देशों समेत विदेशों में उप्र. की ब्रांडिंग की जाएगी। एक विस्तृत कार्ययोजना तय हो गई है। कुल 28 राष्ट्रों के लगभग 50 शहरों में विभिन्न आयोजनों के दौरान उत्तर प्रदेश को टूरिस्ट हब के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाना है।

कार्ययोजना के मुताबिक, ब्रिटेन के लंदन, मैनचेस्टर, बर्मिंघम व ग्लासगो, स्पेन के मैड्रिड, बिलबाओ, बार्सिलोना, इटली के रोम, मिलान व जर्मनी के बर्लिन, म्यूनिख, फ्रैंकफर्ट में इंटरनेशनल रोड शो होगा। इसी तरह, पुर्तगाल के लिस्बन, नॉर्वे के ओस्लो, स्वीडन के स्टॉकहोम, फ्रांस के पेरिस, नीदरलैंड के हेग व फिनलैंड के हेलसिंकी में भी रोड शो व प्रदर्शनी लगेंगी। इनमें जापान, इजरायल, चीन, अमेरिका, फ्रांस, सिंगापुर, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इजरायल, रूस व यूएई प्रमुख हैं।

इस दौरान दुनिया के सभी प्रमुख टूरिस्ट हब में भी ब्रांड यूपी का प्रचार-प्रसार होगा। इन सभी अंतर्राष्ट्रीय स्थलों पर उप्र. के प्रचार और ब्रांडिंग के लिए तमाम देशों के भारतीय दूतावासों की मदद ली जानी है। वहीं, खाड़ी देशों में संयुक्त अरब अमीरात के दुबई, ओमान के मस्कट, कतर के दोहा, कुवैत के कुवैत शहर, लेबनान के बेरूत, रूस के मॉस्को, इज़राइल के तेल अवीव में भी ये कवायद होगी।

इतनी ही नहीं, दक्षिण पूर्व देशों में सिंगापुर, थाईलैंड के बैंकॉक, जापान के टोक्यो, कंबोडिया के नोम पेन्ह, फिलीपींस के मनीला, वियतनाम के हनोई, इंडोनेशिया के जकार्ता, मलेशिया के कुआलालंपुर, साउथ कोरिया के सियोल, श्रीलंका के कोलंबो, भूटान के थिम्पू और नेपाल के काठमांडू में ब्रांड यूपी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां होंगी। इस कवायद के तहत उप्र. के आध्यात्मिक समेत अन्य प्रमुख आकर्षक पर्यटन केंद्रों के प्रति देश-दुनिया में रुचि पैदा की जानी है।

### अंग्रेजी बोलने वाले पुलिसकर्मियों की है तलाश

दुनिया के पर्यटकों का आकर्षण उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ता देख यूपी पुलिस भी अपना एक अलग व्यक्तित्व दिखाने की तैयारी में है। दिलचस्प यह होगा कि अपराधियों की धरपकड़ करने वाली पुलिस की एक नई टीम बनने जा रही है जो सिर्फ पर्यटकों की गाइड बनेगी। यानि टूरिस्ट पुलिस फोर्स गठित करने के बाद इसका पहला प्रयोग प्रयागराज कुंभ 2025 में किया जाएगा। ऐसे में तलाश ऐसे पुलिस कर्मियों की है जिन्हें हिन्दी के अलावा दूसरी भाषाओं की जानकारी हो। अंग्रेजी बोलना और समझना आना चाहिए। चयन के बाद इन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें प्रमुख भाषाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

## एक नजर

### बिजली कर्मियों का प्रदेशभर में प्रदर्शन 20 फरवरी को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लंबित मांगों को पूरा न किये जाने के विरोध में नियमित व संविदा बिजली कर्मी 20 फरवरी को प्रदेश भर में विरोध-प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी प्रबंधन ने कोई ध्यान नहीं दिया तो 27 फरवरी को शक्ति भवन के सामने सत्याग्रह करेंगे। विद्युत मजदूर संगठन व विद्युत संविदा मजदूर संगठन उप्र की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रांतीय अध्यक्ष विमल चन्द्र पांडेय ने बताया कि ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने नियमित व संविदा कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था, इसके बावजूद कोई भी आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने नियमित कर्मचारियों का ग्रेड पे बढ़ाये जाने, संविदा लाइनमैन व उपकेंद्र परिचालक को 25 हजार व श्रमिक को 18 हजार रुपये वेतन दिये जाने, कार्यरत संविदा कर्मियों को मृत्यु के बाद 10 लाख रुपये क्षतिपूर्ति दिये जाने आदि मांग की।

# नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन तैयार

## पद रिक्त न होते हुए भी डीपीसी में बना दिए गए डीजी, पूर्व के कई फैसलों से पक्ष दिख रहा मजबूत

बागीश धर द्विवेदी, लखनऊ

**अमृत विचार :** कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार इसी माह 31 जनवरी को रिटायर होंगे। ऐसे में नये डीजीपी को लेकर कयासबाजी शुरू हो गई है। चूंकि लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में संभावित है, इसलिए इस बार डीजीपी के लिए नाम चयन करते समय इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार, उप्र शासन की ओर से डीजीपी के लिए वरिष्ठ अफसरों का पैनल अभी तक केंद्र को नहीं भेजा गया है, ऐसे में इस बार भी कार्यवाहक डीजीपी ही बनाए जाने की संभावना है। इस लिहाज से भी महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार का नाम सबसे ऊपर माना जा रहा है।

▸▸ **31 को सेवानिवृत्त होंगे विजय कुमार 1 फरवरी को नए डीजीपी की होगी तैनाती**

प्रशांत कुमार

सत्ता के गलियारों में चल रही चर्चाओं पर ध्यान दें तो प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उनके नाम को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसके अलावा पूर्व में हुए कई और फैसलों पर नजर डालें तो ऐसा लगता है कि नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार हो गई है। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। अगर ऐसे ही बनाना था तो पहले भी बनाया जा सकता था। एक माह पहले ही क्यों ऐसा फैसला किया गया।

पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत्त होने पर खाली पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास है। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को देखते हुए प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों की छुट्टी को लेकर आदेश भी इस बार प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से ही जारी हुए थे। सूत्रों के मुताबिक, ऐसे में अगर केंद्र या कहीं और से कोई बड़ा अड़ंगा नहीं लगा तो उनके नाम पर मुहर लगना तय है।

### रमाशास्त्री, आदित्य नारायण, आनंद कुमार व सावत भी दौड़ में

वरिष्ठता के आधार पर केंद्र में तैनात पीवी रमाशास्त्री एवं आदित्य नारायण मिश्र और उप्र में मौजूद आनंद कुमार, एसएन सावत, रेणुका मिश्रा, संदीप साल्लुके भी दौड़ में माने जा रहे हैं। डीजी जेल बनाए जाने के बाद एसएन सावत इस दौड़ में शामिल हो गये हैं। प्रदेश में मौजूद आईपीएस अफसरों के वरिष्ठता क्रम में वैसे तो मुकुल गोयल के बाद आनंद कुमार फिलहाल सबसे ऊपर हैं। हालांकि आनंद कुमार को सीबीसीआईडी का डीजी बनाए जाने से यह माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री की नाराजगी दूर हो गई है, लेकिन उनका कार्यकाल कम होने से उनकी दौड़ में बने रहने की संभावना कम दिख रही है। आनंद कुमार के केंद्र से भी नजदीकी की बात कही जा रही है। उनके बाद नंबर आशीष गुप्ता का आता है, लेकिन लंबी प्रतीक्षा के बाद काफी महत्वहीन पद पर तैनाती से उनके नाम पर विचार होने की कोई संभावना नहीं है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीजी होमगार्ड बीके मौर्या भी दावेदार हो सकते हैं। अव्वल तो वह जातीय समीकरण के हिसाब से खांचे में फिट आएंगे और दूसरा, फील्ड में भी काम करने का उनका लंबा अनुभव है।

# प्रोन्नति को तरस रहे आयुर्वेदिक चिकित्सक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **15 वर्षों बाद भी आयुर्वेद विभाग ने तैयार नहीं की अपनी पृथक सेवा नियमावली**

**अमृत विचार :** आयुर्वेद विभाग को यूनानी विभाग से अलग हुए 15 वर्ष बीत चुके हैं, मगर विभाग की अपनी सेवा नियमावली नहीं बनी है। मिश्रित सेवा नियमावली से दोनों विभाग चल रहे हैं, जिसका खामियाजा सेवारत चिकित्सकों को झेलना पड़ रहा है। संवर्ग पुनर्गठन न होने से 30-35 वर्ष की सेवाएं देने के बाद चिकित्सक उसी चिकित्साधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संवर्ग पुनर्गठन को लेकर चिकित्सक संघ द्वारा की जाने वाली मांग को भी शासन द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है।

आयुर्वेद विभाग में 2224 चिकित्साधिकारियों का संवर्ग है, इनमें 1479 पुराने और 601 नये चिकित्सक तैनात हैं यानी 2080 डॉक्टर सेवारत हैं। मगर कैडर रिव्यू न होने से प्रमोशन रुके हैं। जिसकी वजह से वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के पद, स्टेट फार्मेसी अधीक्षक पद, उपनिदेशक आयुर्वेद पद, संयुक्त निदेशक, अपर निदेशक व निदेशक आयुर्वेदिक सेवाएं आदि के पद कार्यवाहक के भरोसे चल रहे हैं। मालूम हो कि आयुर्वेद व यूनानी विभाग में बंटवारे के बाद राज्य में आयुर्वेद विभाग के पास 56 जिला क्षेत्रीय अधिकारी मिले हैं। इन पदों के सापेक्ष बीते सितंबर 2023 में संपन्न डीपीसी में 20 चिकित्सकों को पदोन्नति मिली, मगर पद भार नहीं मिला है।

**ड्यूटी स्थल से फोटो भेजकर लगानी होगी उपस्थिति**

आयुर्वेद चिकित्सालय में बायोमेट्रिक अटेंडेंस की अनिवार्यता के बाद डॉक्टरों में व्याप्त गुस्सा खत्म हो गया है। अस्पताल के बाहर सेवाएं देने वाले आयुर्वेद चिकित्सकों को अपने ड्यूटी स्थल पर मौजूदा फोटो खींच कर विभागीय अधिकारी को प्रेषित करनी होगी। उनके द्वारा भेजी गई फोटो ही डॉक्टरों की उपस्थिति मान्य होगी। मालूम हो कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस के अभाव में डॉक्टरों का वेतन रोकने के निर्देश, शासन द्वारा दिए गए थे, जिसके बाद आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों ने जबरदस्त विरोध किया था।

> संवर्ग पुनर्गठन के लिए आयुष मंत्री, प्रमुख सचिव व अन्य अधिकारियों को कई पत्र भेजे जा चुके हैं। शासन द्वारा चिकित्सकों की संख्या कम होने की बातते हुए मांग ठुकरा दी जाती है। वर्तमान में विभाग में चिकित्सकों का संख्या बल भी लगभग 93 .5 प्रतिशत पहुंच गया है। इसलिए दोबारा मांग की जा रही है, कैडर रिव्यू से विभाग को अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं बढ़ेगा, बल्कि चिकित्सकों को नई ऊर्जा मिलती है। और विभाग में चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी।
>
> **-डॉ. प्रवीन राय, अध्यक्ष आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ, उप्र.**

> चिकित्सकों के संवर्ग पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है, शासन और निदेशालय स्तर पर बैठकें भी संपन्न हो चुकी हैं। जल्द ही कैडर रिव्यू की प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी। नवनियुक्त चिकित्सकों की तैनाती के साथ ही क्षेत्रीय चिकित्साधिकारियों को भी जिम्मेदारी मिल जाएंगी। बात सही है, पुरानी सेवा नियमावली से विभाग संचालित हो रहा है, मगर इससे विभागीय कार्य में कोई रुकावट नहीं आ रही है।
>
> **-डॉ. प्रकाश चंद्र सक्सेना, निदेशक आयुर्वेद विभाग**

# 65 पुलिस अफसरों का तबादला

## 39 डिप्टी एसपी और 18 अपर पुलिस अधीक्षक की तैनाती में फेरबदल

▸▸ **आठ आईपीएस के भी कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र शासन ने रविवार को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। इसके तहत आईपीएस और पीपीएस कैडर के 65 पुलिस अफसरों का तबादला किया है। इसमें 39 पुलिस उपाधीक्षक, (डिप्टी एसपी), 18 अपर पुलिस अधीक्षक तथा 2019 और 2020 बैच के आठ आईपीएस अफसर बदले गए हैं। लोकसभा चुनाव के पहले यह बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

डीजीपी मुख्यालय से जारी सूचना के मुताबिक, 2019 बैच के सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज अभिनव त्यागी एडिशनल एसपी कुशीनगर बनाए गए हैं। इनके अलावा 2020 बैच के आदित्य बंसल को सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुजफ्फरनगर, चिराग जैन को सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आजमगढ़, विक्रम दहिया को सहायक पुलिस अधीक्षक झांसी से अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत, अनुकृति शर्मा को सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से अपर पुलिस अधीक्षक संभल, अभिजीत कुमार को सहायक पुलिस अधीक्षक बरेली से अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर, मानुष पारिक को सहायक पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से अपर पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर और मनोज कुमार रावत को सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा के पद पर तैनाती दी गई है।

### ये अपर पुलिस अधीक्षक बदले गए

18 अपर पुलिस अधीक्षक के फेरबदल में अपर पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक गोरखपुर श्याम देव को अपर पुलिस अधीक्षक बरेली, स्टाफ अफसर एडीजी जोन प्रयागराज प्रवीण सिंह चौहान को अपर पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक गोरखपुर, अपर पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्ध नगर दिनेश कुमार सिंह द्वितीय को अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी साइबर क्राइम गौतमबुद्ध नगर कृष्णकांत सरोज को अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहांपुर सुधीर जायसवाल को अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम गोरखपुर, स्टाफ अफसर एडीजी जोन मेरठ अनिल कुमार प्रथम को अपर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी, उप सेनानायक एसडीआरएफ शोएब इकबाल को अपर पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय, अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112 मुख्यालय हरेंद्र प्रताप यादव को उप सेनानायक एसडीआरएफ लखनऊ तथा अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अनिल कुमार यादव प्रथम को अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन चंदौली के पद पर भेजा गया है।

इसी तरह अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुजफ्फरनगर संजय कुमार चुतुर्थ को अपर पुलिस अधीक्षक सिटी शाहजहांपुर, अपर पुलिस उपयुक्त गौतमबुद्ध नगर पवन गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी, उप सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर जोगिंदर को लाल अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112, भीम कुमार गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया, अपर पुलिस अधीक्षक एसआईटी मुख्यालय प्रेमचंद को अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव, स्टाफ अफसर एडीजी जोन लखनऊ अनिल कुमार झा को अपर पुलिस अधीक्षक बलिया, अपर पुलिस अधीक्षक फायर सर्विस मुख्यालय दिनेश कुमार पुरी को अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112 बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम गोरखपुर निवेश कटिहार स्थानांतरण निरस्त किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक एसआईटी श्वेता श्रीवास्तव को पुलिस भर्ती बोर्ड भेजा गया है।

### इन पुलिस उपाधीक्षकों का हुआ तबादला

पुलिस मुख्यालय की सूची के अनुसार अशोक कुमार सिंह को अलीगढ़ से मिर्जापुर, दिलीप सिंह द्वितीय को प्रतापगढ़ से हमीरपुर, गणेश कुमार को मुरादाबाद से कानपुर देहात, रविकांत गौड़ को कानपुर देहात से महोबा, राजीव सिरोही को आगरा से कानपुर देहात, सुधाकर पांडे को सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ से गाजीपुर, गिरेंद्र कुमार सिंह को चित्रकूट से जौनपुर, डॉ.अर्चना सिंह को भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय से अयोध्या, सुधाकर मिश्रा को गोरखपुर से 37वीं पीएसी वाहिनी कानपुर, प्रतिमा वर्मा को बिजनौर से जौनपुर, नितिन तनेजा को मेरठ से गोरखपुर, अंशु जैन को पीलीभीत से भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय, राजकुमार मिश्रा द्वितीय को बरेली से गौतमबुद्ध नगर, चित्रांशु गौतम को सहारनपुर से कानपुर नगर, सुमन कनौजिया को अलीगढ़ से मथुरा, उदय प्रताप सिंह द्वितीय को एसटीएफ से गोरखपुर, आनंद कुमार राय को बहराइच से प्रतापगढ़ तथा रवि प्रकाश सिंह को गाजियाबाद से हरदोई भेजा गया है। इसी क्रम में संतोष कुमार सिंह को कानपुर नगर से हरदोई, गौरव कुमार को गाजीपुर से वाराणसी, हेमंत कुमार को मुजफ्फरनगर से आगरा, ज्योति यादव को मुरादाबाद से शाहजहांपुर, राकेश वशिष्ठ को फिरोजाबाद से बिजनौर, सतीश चंद्र शुक्ला को पीलीभीत से सीतापुर, शमशेर बहादुर को अयोध्या से खीरी, सुनीता दहिया को मैनपुरी से मुरादाबाद, अजय कुमार चतुर्थ को बुलंदशहर से ललितपुर, सोमेंद्र विश्वास को संभल से उन्नाव, वंदना शर्मा को हरदोई से मेरठ, अर्पित कपूर को मुरादाबाद से संभल, उदय प्रताप सिंह प्रथम को कानपुर नगर 37वीं वाहिनी से सहायक पुलिस अयुक्त प्रयागराज, अजय सिंह चौहान को महाराजगंज से मैनपुरी, संगम लाल मिश्रा को आगरा से 42 वाहिनी पीएसी प्रयागराज, कुलदीप कुमार गुप्ता को जौनपुर से मुरादाबाद, राजेश सिंह को मुरादाबाद से बिजनौर, आदित्य कुमार गौतम को डीजीपी मुख्यालय से देवरिया, परमानंद कुशवाहा को डीजीपी मुख्यालय से जौनपुर, प्रियाश्री पाल को एलआईयू गाजियाबाद से सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद और विवेक सिंह को गाजियाबाद से एलआईयू गाजियाबाद भेजा गया है।

# बड़े पैमाने पर होंगे आईएएस-पीसीएस के तबादले

## मुख्य सचिव ने सीएम कार्यालय भेजी सूची, गोरखपुर से आकर योगी लेंगे फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बदलेंगे 10 डीएम, 12 सीडीओ और 100 से अधिक एसडीएम**

▸▸ **प्रोन्नति के बाद सचिव व प्रमुख सचिव बने शीर्ष अधिकारियों का बदलेगा कार्यक्षेत्र**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादले की तैयारी में है। इसमें केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक ही स्थान पर ढाई साल से अधिक कार्यरत अफसर भी शामिल हैं। इस दायरे में दस डीएम, 12 सीडीओ और एक सौ से अधिक एसडीएम बदले जाएंगे। साथ ही प्रोन्नति के बाद सचिव व प्रमुख सचिव बने शीर्ष अधिकारियों का भी कार्यक्षेत्र बदलेगा।

मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की देखरेख में केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों और प्रोन्नति के बाद आईएएस संवर्ग के असफरों को नई जिम्मेदारी देने के लिए सूची तैयार की गई है। इसी के साथ पीसीएस संवर्ग के उन अफसरों की तबादला और नई तैनाती की सूची भी बनी है, जो पिछले ढाई साल से एक ही जगह तैनात हैं। हालांकि चुनाव के लिए बनी गाइडलाइन में नियम तीन साल लगातार तैनाती का है। लेकिन चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव और प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी को भेजे पत्र में स्पष्ट कहा है कि 30 जून 2024 तक एक ही स्थान पर तीन साल के दायरे में आने वाले चुनाव से जुड़े अधिकारी हटाए जाएंगे। चुनाव आयोग ने 31 जनवरी तक राज्य से अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। ऐसे में हर हाल में मंगलवार तक इस दायरे में आ रहे रामपुर, गाजियाबाद, अमेठी और कौशाम्बी के डीएम का तबादला तय माना जा रहा है। आगरा व अयोध्या समेत तीन जिलों के सीडीओ भी तबादले की जद में हैं। इसके अलावा करीब 50 एसडीएम भी हटाए जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, 30 जून को ध्यान में रखते हुए ढाई साल से तैनात आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादले की सूची मुख्य सचिव कार्यालय से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जा चुकी है। कहा जा रहा है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की वजह से तबादलों में देर हो रही थी। अब गोरखपुर से लौटकर मुख्यमंत्री सोमवार और मंगलवार को तबादले के आदेशों को हरी झंडी दे सकते हैं। इसमें चुनाव आयोग के आदेश के मद्देनजर तबादला ही नहीं होना है, बल्कि प्रोन्नति के बाद पहली जनवरी से प्रमुख सचिव का कैडर हासिल करने वाले मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम व पारेषण निगम के प्रबंध निदेशक पी.गुरुप्रसाद, आयुक्त अलीगढ़ मंडल रविन्द्र और आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र संयुक्ता समद्दार को भी नये दायित्य मिलना है।

इसके अलावा 2008 बैच के 17 आईएएस विशेष सचिव से सचिव/आयुक्त के पद पर प्रमोशन के बाद तबादले की बाद जोट रहे हैं। हालांकि इसमें कई पहले से ही सचिव कैडर वाले पद पर तैनात हैं। इसके अलावा 2011 बैच के 24 अफसर समेत नौ साल की सेवा पूरी करने वाले 2015 बैच के 34 अफसर डीएम बनने की कतार में हैं।

### 29 से कम सीटों पर तैयार नहीं है प्रदेश कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी प्रदेश कांग्रेस 29 सीटों से कम सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। प्रदेश संगठन ने केंद्रीय नेतृत्व को अपनी मंशा से अवगत करा दिया है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कांग्रेस को प्रदेश में 11 सीटें देने की घोषणा के बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि सीटों को लेकर केंद्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा, पर सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस 29 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। 2009 के लोकसभा चुनाव व इसके बाद हुए उप चुनाव में जीती कुल 22 सीटों पर चुनाव लड़ने व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सात और सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की जा रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस जमीनी स्तर पर तैयारी में जुटी है।

# मोदी ने यूपी की उद्यमी महिलाओं को सराहा

## योगी ने उत्साहवर्धन पर प्रधानमंत्री का जताया आभार

**मन की बात**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े ऐतिहासिक कार्यक्रम के साथ-साथ प्रदेश में काम कर रही वुमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) की भी प्रशंसा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को सुना और साथ ही स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के उत्साहवर्धन पर मोदी का आभार भी जताया।

योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में बहराइच में बायो फर्टिलाइजर और बायो पेस्टिसाइड बनाने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया है। इससे देश-प्रदेश की अन्य महिलाओं में भी आत्मनिर्भरता की इच्छाशक्ति जागृत होगी।

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में खासकर उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा, मुझे उप्र. के बहराइच में स्थानीय चीजों के उपयोग से बायो फर्टिलाइजर और बायो पेस्टिसाइड तैयार करने वाली महिलाओं के बारे में पता चला। सेल्फ हेल्प ग्रुप्स से जुड़ी निबिया बेगमपुर गांव की महिलाएं, गाय के गोबर, नीम की पत्तियां और कई तरह के औषधीय पौधों को मिलाकर बायो फर्टिलाइजर तैयार करती हैं।

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### न्याय यात्रा हर भारतीय की यात्रा : अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा हर भारतीय की यात्रा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि अन्याय के खिलाफ न्याय की शक्ति लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल की भूमि पर आगे बढ़ रही है। यह किसानों, मजदूरों, महिलाओं, दलित-आदिवासियों और युवाओं के अधिकारों की यात्रा है। यह हर उस भारतीय की यात्रा है, जिसने अन्याय को मिटाने की प्रतिज्ञा ली है।

# गांवों में रात्रि प्रवास के दौरान मंत्री सुनेंगे जनसमस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के बाद अब भाजपा का गांव चलो अभियान भी सरकारी कार्यक्रम जैसा ही दिखेगा। खासकर मुख्यमंत्री, दोनों उप मुख्यमंत्री और मंत्रीगण के गांव में प्रवास के दौरान नजारा बदला रहेगा। शासन और प्रशासन के अफसर साफ-सफाई और योजनाओं को लेकर सतर्क दिखेंगे, साथ ही कैंप लगाकर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद, शिकायतों का निस्तारण समेत केंद्र और राज्य की योजना से छूटे लोगों को लाभान्वित भी किया जाएगा।

भाजपा की ओर से 4 से 11 फरवरी को गांव चलो अभियान के तहत रात्रि प्रवास अनिवार्य किया गया है। जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूछकर उनके लिए भी गांव का चयन होगा, साथ ही दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत सभी मंत्रियों के लिए गांव तय हो जाएगा।

▸▸ **भाजपा के चुनावी कार्यक्रम में अधिकारी भी होंगे शामिल**

▸▸ **कैंप लगाकर योजनाओं का लाभ देगी सरकार**

सूत्रों का कहना है कि इन गांवों को लेकर मुख्य सचिव के स्तर से संबंधित जिला व मंडल प्रशासन को भी मौके पर जाकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का निर्देश दिया जाएगा। योजनाओं की प्रस्तुति और मौके पर कोई खामी न दिखे, इसके लिए भी अफसर-कर्मी सतर्क रहेंगे। हालांकि भाजपा मुख्यमंत्री और मंत्रियों के प्रवास वाले गांवों में पोलिंग का 60 फीसदी वोट अपने पक्ष में करने की तैयारी में हैं। इसी के मुताबिक वहां कार्यक्रम भी होंगे। नाराज लोगों की बैठकें और उनके सुझाव और मागों को वरीयता देते हुए अपने पाले में लाने की कोशिश होगी। हर वोट के लिए चौतरफा घेराबंदी की रणनीति तैयार की गई है। अभियान के तहत पार्टी लोकसभा चुनाव की घोषणा तक 95 हजार गांवों में घर-घर संपर्क करेगी। गांव में जो भी व्यक्ति दस-बीस वोट प्रभावित कर सकते हैं उन्हें पार्टी से जोड़ना है।

# विपक्ष को आलोचना का अधिकार पर व्यवधान ठीक नहीं : महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को उप्र विधानसभा अध्यक्ष ने किया संबोधित**

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सरकारी कामकाज और नीतियों की आलोचना करने का विपक्ष को पूर्ण अधिकार है, पर सदन में औपचारिक अवसरों पर व्यवधान न तो विपक्ष के लिए शोभाजनक माना गया है और न ही इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होती है। विधायिका के सम्मान को नष्ट करने की दिशा में किया गया कोई भी कार्य लोकतंत्र पर घातक प्रहार है। विधानसभा अध्यक्ष मुंबई में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में 'एजेंडे के बिंदुओं पर चर्चा' पर आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे।

महाना ने कहा कि सदस्यों को सदन में अपनी बात कहने के लिए नियम और निर्धारित कार्य विधि के अंतर्गत ही व्यवहार करना चाहिए। नियमों में सदस्यों के लिए अनेक प्रावधान हैं, जिनके अंतर्गत वह अपनी बातों को प्रभावी ढंग से उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों के समक्ष यह चुनौती होती है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं व ज्वलंत मुद्दों को सदन में इस प्रकार से उठाएं कि उनका निस्तारण शीघ्र हो सके।

कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता लेते लोग।

### जनसंघ सेवक मंच के कई नेता कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाराबंकी से जनसंघ सेवक मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष रामानुज पांडेय व प्रदेश महासचिव विशाल शुक्ला ने रविवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में नेताओं को सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर विधायक वीरेंद्र चौधरी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**उपलब्धि** | प्रदेश में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के कचरे से कुल 466 सड़कों का नवीनीकरण

# प्लास्टिक कचरे से बनाई 813 किमी सड़क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग ने सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए कोलतार के साथ सिंगल यूज्ड प्लास्टिक कचरे का इस्तेमाल करके 813 किमी लंबी सड़कों का निर्माण व सुदृढ़ीकरण कराया है। कुल 466 सड़कों व मार्गों को नवीन तकनीक से प्लास्टिक मार्ग के तौर पर सुदृढ़ करने में मदद मिली है। इससे सड़कें कम लागत में तैयार होने के साथ ही बेहद टिकाऊ रहती है।

इस प्रक्रिया के जरिए सिंगल यूज्ड प्लास्टिक कचरे को उचित तरीके से बिना प्रदूषण निस्तारित किए जाने का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है। सड़कों के निर्माण की यह प्रक्रिया अमेरिका समेत दुनिया के 15 देशों में इस्तेमाल में लाई जा रही है। इस लिहाज से उत्तर प्रदेश में 813 किमी लंबाई में प्लास्टिक से सड़कों का निर्माण कर अग्रणी राज्य बन रहा है। लोक निर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में औसतन प्रतिदिन एक सड़क व प्रत्येक तीन दिन में एक पुल का निर्माण होता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सड़कों पर 567 ब्लैक स्पॉट निस्तारण के लिए 200 करोड़ रुपये प्रावधानित किए गए हैं। प्रदेश में प्रतिदिन 9 किलोमीटर के औसत से चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है जबकि 11 किमी प्रतिदिन के हिसाब से नई सड़कों का निर्माण हो रहा है।

### मुख्यमंत्री की कोशिश से देश में मिसाल बन रहा प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के साथ इसके निस्तारण के लिए सड़क बनाने में प्रयोग करने की प्रक्रिया देश में मिसाल बन गई है। सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए कोलतार के साथ ही सिंगल यूज्ड प्लास्टिक वेस्ट का भी इस्तेमाल बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इससे सड़कें कम लागत में तैयार होने के साथ ही बेहद टिकाऊ रहती हैं। सरकार की इस पहल की देश-दुनिया में चर्चा हो रही है।

### इंडिया गठबंधन को मजबूत करने में जुटा रालोद

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडिया गठबंधन में दलों को सीट लड़ने के लिए नहीं, जीतने के लिए दी जाती है। राष्ट्रीय लोकदल को सात सीटें मिली हैं, हमने उन सीटों पर काम शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी लगातार पश्चिम उप्र के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर रहे हैं और इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। रविवार को रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि राजस्थान व मध्य प्रदेश समेत पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव से हम लोगों ने सबक लिया है। संगठित होकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि बीजेपी किसान मोर्चा की बैठक करें या रैली करें, उसे किसानों का समर्थन नहीं मिलने वाला है। क्योंकि उप्र का किसान भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है, भाजपा ने किसानों के साथ वादाखिलाफी की है, विश्वासघात किया है, गन्ना किसानों को लागत का डेढ़ गुना मूल्य नहीं मिल रहा है।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

## शहर में आज

- स्पोर्ट्स कॉलेज (कुर्सी रोड) में ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता - 10:30 बजे।
- माल ब्लॉक के ग्राम रनीपारा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला - 11:00 बजे।
- पंचायती राज निदेशालय की ओर से अधिकारियों व कर्मचारियों का ई-ग्राम स्वराज पोर्टल का प्रशिक्षण - 11:00 बजे।
- बीएसएनवी पीजी कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान को लेकर आयोजन - 12.30 बजे।

## एक नजर

### एलडीए में नागरिक सुविधा दिवस कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के गोमती नगर स्थित प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में 30 जनवरी को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहरी क्षेत्र के नागरिकों की मूलभूत समस्याओं बिजली, पानी, सड़क, भवन निर्माण, जल निकासी, यातायात, परिवहन एवं प्रदूषण आदि समस्याओं का एक छत के नीचे समाधान किया जाएगा। प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि सुविधा दिवस में जिलाधिकारी लखनऊ, उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं नगर आयुक्त अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे। इसके अलावा समस्त संबंधित विभागों के वरिष्ठ नामित अधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

### 50 लाख वृद्धों को मिली पेंशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 50 लाख 21 हजार लोगों को तीसरी तिमाही की धनराशि का भुगतान हो गया है। बता दें कि वृद्धावस्था पेंशन के तहत एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन दी जाती है। साथ ही, शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये की वार्षिक आय सीमा वालों को पेंशन दी जाती है। धनराशि का भुगतान करने के साथ ही पोर्टल को अपडेट कर दिया गया है। चौथी किस्त के लिए पात्रों की सूची फरवरी में शासन को भेजी जाएगी, साथ ही बजट की भी मांग की जाएगी।

# एफआई अस्पताल पर चला एलडीए का हथौड़ा

## 5वें तल की छत व दीवारों को ड्रिलिंग मशीन व हथौड़े से तोड़ा, सुबह पहुंच गई थी एलडीए की प्रवर्तन टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार के करीबी बिल्डर सिराज इकबाल के कैंट रोड स्थित बर्लिंगटन चौराहे के पास अवैध तरीके से बनाए गए एफआई अस्पताल पर रविवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई दोबारा शुरू कर दी।

एलडीए की कोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद रविवार को सुबह से ही एलडीए की प्रवर्तन टीम अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गई। पांच मंजिला अस्पताल के 5वें तल की छत और दीवारों को मजदूरों ने हथौड़े और ड्रिलिंग मशीन से ध्वस्त करना शुरू कर दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। अधिकारियों के अनुसार, 5वें और चौथे तल को मजदूरों की सहायता से तोड़ा जाएगा। इसमें एक सप्ताह का समय लग सकता है। तीसरे तल से भूतल तक के निर्माण पोकलैंड और जेसीबी की मदद से ध्वस्त किए जाएंगे। रविवार को ध्वस्तीकरण के लिए एलडीए ने 50 मजदूरों को लगाया था। मौके पर एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक सहित अभियंता एवं भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

एफआई अस्पताल के 5वें तल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मौजूद एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा व अन्य।

▸▸ मुख्तार के करीबी बिल्डर सिराज ने नक्शा पास कराए बिना बना दिया था पांच मंजिला अस्पताल

### अकबर नगर में पांच टीमों ने शुरू किया सर्वे

अकबर नगर में पांच टीमों ने रविवार को सर्वे शुरू कर दिया। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने नए सिरे से पात्र विस्थापितों का सर्वे करने का आदेश दिया था। इसके लिए पांच टीमें बनाई थीं। ये टीमें अकबर नगर में प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्रों और अपात्रों को चिन्हित करेंगी। सर्वे के दौरान एलडीए और जिला प्रशासन के अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। लोगों ने सर्वे का विरोध किया, लेकिन पुलिस बल के आगे उनकी एक न चली। अकबर नगर में बंधे और नदी की जमीन पर 1,200 अवैध मकानों, दुकानों और कॉम्प्लेक्स बने हैं। इन्हें एलडीए ने ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया है। ध्वस्तीकरण मामले में 7 फरवरी को उच्च न्यायालय में अगली सुनवाई है।

### दहशत में दिखे एफआई टावर के आवंटी

एफआई अस्पताल के ठीक पीछे एफआई टावर भी ध्वस्तीकरण की जद में है। सुबह जब एलडीए का प्रवर्तन दस्ता एफआई अस्पताल पहुंचा तो एफआई टावर के आवंटी दहशत में दिखे। उन्हें लगा कि टावर के फ्लैट भी ध्वस्त किए जाएंगे। बिल्डर सिराज ने एलडीए से छह तल का नक्शा पास कराके नौ मंजिला अपार्टमेंट बना दिया था। 9वें तल पर एफआई अस्पताल का हॉस्टल और एक पेंटा हाउस भी शामिल है। 7वें और 8वें तल पर बने 24 फ्लैट भी ध्वस्त किए जाने हैं। प्राधिकरण ने पिछले महीने 9वें तल पर बने हॉस्टल समेत, 6वें और 7वें तल के फ्लैट की दीवारें हथौड़े और ड्रिलिंग मशीन से ध्वस्त कर दी थीं, लेकिन न्यायालय से स्टे होने के बाद दोबारा कार्रवाई शुरू नहीं हो सकी।

# महंगा पड़ा सेवानिवृत्त जज को टूटी सीट पर यात्रा कराना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सैन फ्रांसिस्को से लौटते समय मिली बिजनेस क्लास में टूटी सीट

▸▸ एयर इंडिया पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने लगाया लाखों का हर्जाना

**अमृत विचार :** एयर इंडिया की उड़ान में एक सेवानिवृत्त जज को बिजनेस क्लास की सुविधा नहीं मिली। बीमार होते हुए भी सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली तक टूटी सीट पर उसे यात्रा करनी पड़ी। मामला राज्य उपभोक्ता आयोग पहुंचा तो उसने एयर इंडिया को टिकट के पैसे, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना व अन्य व्यय आदि के लाखों रुपये अदा करने के आदेश दिए हैं।

हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज 73 वर्षीय राजेश चंद्रा मेरठ के बलवंत नगर के निवासी हैं। उन्होंने पत्नी रेखा अग्रवाल के साथ दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को आने-जाने के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट में इकोनॉमी क्लास सीट 1,80,408 रुपये में बुक कराई थी। उन्होंने सर्वाइकल स्पांडिलायसिस एवं साइटिका से ग्रसित होने पर 1,23,900 रुपये अतिरिक्त जमा कर बिजनेस क्लास सीट बुक कराई। वह पत्नी के साथ 14 जून 2022 को सैन फ्रांसिस्को गए और 22 सितंबर को लौटे। वापसी में उन्हें बिजनेस क्लास सीट का ऑटोमेटिक सिस्टम टूटा मिला। स्टाफ से बिजनेस क्लास की खाली अन्य सीट देने को कहा तो नहीं दी गई। उन्होंने इसकी सूचना कैबिनेट सेक्रेटरी को दी। वहां से शिकायत नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजी गई। लेकिन, कोई असर नहीं हुआ। इधर, टूटी सीट पर बैठने से वह बीमार हो गए। डॉक्टर ने बेड रेस्ट बताया। कहीं सुनवाई न होने पर वह राज्य उपभोक्त आयोग गए। न्यायमूर्ति अशोक कुमार अध्यक्ष ने मामले की सुनवाई की। एयर इंडिया लिमिटेड, गुरुग्राम के खिलाफ फैसला सुनाया। जो कि राजेश चंद्रा को बिजनेस क्लास टिकट की मद में 1.69 लाख रुपये 10 प्रतिशत ब्याज समेत अदा करेगा। साथ ही शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना के लिए 20 लाख रुपये का हर्जाना, क्षतिपूर्ति व परिवाद व्यय के 20 हजार रुपये 45 दिनों में देना होगा। जो समय पर न देने पर 12 प्रतिशत ब्याज के साथ देय होगा।

# पार्किंग के टेंडर में लापरवाही पर नगर निगम का लिपिक निलंबित

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ सात लाख रुपये कम धनराशि दिखाकर निगम को पहुंचाई वित्तीय क्षति

**अमृत विचार :** नगर निगम में पार्किंग की टेंडर प्रक्रिया में लापरवाही पाए जाने पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने लिपिक प्रताप चंद्रा को निलंबित कर दिया। नगर निगम द्वारा शहर की भूमिगत एवं ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पार्किंग के लिए टेंडर कराए जा रहे हैं।

इसमें से मल्टीलेवल पार्किंग हजरतगंज, अमीनाबाद सहित कई पार्किंग की निविदा प्रक्रिया की पूरी कर से नीलामी की जा चुकी है। बची हुईं 13 पार्किंगों का टेंडर दोबारा किया गया था। गोल मार्केट भूमिगत पार्किंग में टेंडर प्रक्रिया होनी थी। टेंडर में गड़बड़ी की शिकायत अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के संज्ञान में आने पर तत्काल पत्रावली की जांच की गई। जिसमें पाया कि टेंडर की मूल धनराशि से सात लाख रुपये कम टेंडर की राशि उल्लेख की गयी, जिससे टेंडर की वित्तीय निविदा नहीं खोली जा सकी और टेंडर प्रक्रिया दोबारा करानी पड़ी। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव की रिपोर्ट के आधार पार्किंग लिपिक प्रताप चंद्रा द्वारा लापरवाही बरतने और वित्तीय क्षति संबंधी आरोप में नगर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से बाबू को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

# लखनऊ और आसपास धुंध के साथ बारिश के आसार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ और आसपास के इलाकों में लोगों को खराब मौसम से राहत मिलने की उम्मीद कम है। आने वाले दिनों में धुंध और बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट में कहा गया है कि कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

लखनऊ में धुंध का असर शनिवार रात से लेकर रविवार सुबह तक रहा। दिन बढ़ने पर हल्की धूप निकली, लेकिन खास राहत नहीं दे सकी। शाम ढलने पर कोहरा छा गया। पहाड़ की हवाओं ने न्यूनतम तापमान पर तीसरे दिन भी असर बनाए रखा। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, लखनऊ और उसके आसपास के इलाकों में आने वाले दिनों में गरज के साथ बारिश भी हो सकती है। आकाशीय बिजली भी गिरने की संभावना है। रविवार को दृश्यता 50 से लेकर 499 मीटर रही।

**7-8 डिग्री रहा लखनऊ का तापमान :** लखनऊ का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, सीतापुर और बाराबंकी जनपद में तापमान 7 डिग्री दर्ज हुआ। हरदोई का पारा 8 डिग्री तक रहा। लखीमपुर खीरी का तापमान भी 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

हजरतगंज क्षेत्र में ठंड व हल्की धुंध के बीच गंतव्य को जाते लोग। अमृत विचार

▸▸ लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में दृश्यता रही 50 से अधिक

### शुष्क मौसम के साथ चलेंगी सर्द हवाएं

शुष्क मौसम के साथ ठंडी हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों पर चल रही ठंडी हवाओं के कारण मौसम में खास परिवर्तन देखने को नहीं मिल रहा है। इन हवाओं के कारण शुष्क मौसम अभी बना रहेगा।

### अति घने कोहरे का अनुमान

लखनऊ के निकट जनपदों में अति घने कोहरे की संभावनाएं जताई गई हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट में सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी में अति घना कोहरा छाया रहने की संभावनाएं जताई गई हैं।

### दो दिनों तक रहेगा शीत दिन

शीत दिन की चपेट में लखनऊ के अतिरिक्त आसपास के जनपदों के लोग भी आ सकते हैं। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह का कहना है कि लखनऊ के अलावा सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, रायबरेली और हरदोई जनपद में शीत दिवस हो सकता है।

## ट्रांस गोमती: आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के ट्रांस गोमती क्षेत्र के कई इलाकों में सोमवार को अनुरक्षण कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इंजीनियरिंग कॉलेज, पहाड़पुर, सेक्टर आई जानकीपुरम के साथ ही जानकीपुरम के सेक्टर-7,8,9 में दिनभर बिजली गुल रहेगी। इससे करीब 30 से अधिक उपभोक्ता प्रभावित होंगे। रहीम नगर के अधिशासी अभियंता ने बताया कि क्षेत्र में आरडीएसएस योजना के एचटी और एलटी लाइनों के जर्जर तारों और खंभों के बदलने का कार्य किया जाना है। इसके अलावा कई उपकेंद्रों पर फीडरों के मेंटीनेंस का कार्य किया जाना है। जिसके कारण इन इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# नई सफाई कंपनी रामकी पर नगर निगम मेहरबान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नई सफाई कंपनी रामकी पर नगर निगम मेहरबान है। कंपनी को तीन महीने में संसाधन जुटाने के साथ शहर में सफाई शुरू करनी है, लेकिन नगर निगम उसके लिए खुद सुविधाएं विकसित कर रहा है। बीते मंगलवार को नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में कूड़ा प्रबंधन का बजट बढ़ाकर पांच गुना कर दिया गया।

जबकि कंपनी को सफाई और कूड़ा प्रबंधन के लिए नगर निगम प्रति वर्ष 300 करोड़ रुपये देगा। इसके बावजूद नगर निगम कंपनी को अपने कूड़ा उठाने वाले वाहन भी एक वर्ष के लिए मुफ्त में देने जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर सड़कें बनाने और मरम्मत का बजट नहीं बढ़ाया गया। इससे पार्षदों में नाराजगी है। नगर निगम सदन की 1 फरवरी को होने वाली बैठक में पार्षद हंगामा कर सकते हैं।

▸▸ कूड़ा प्रबंधन का बजट बढ़ाकर पांच गुना किया

▸▸ पार्षद नगर निगम सदन की बैठक में करेंगे विरोध

▸▸ कंपनी से कूड़ा उठाने वाले वाहनों का नगर निगम नहीं लेगा किराया

### नाला सफाई में बढ़ जाएगी कमाई

नाला सफाई के लिए नगर निगम प्रति वर्ष पांच करोड़ रुपये खर्च करता है। इसके बावजूद शहर में जलभराव की समस्या किसी से छिपी नहीं है। नाला सफाई के नाम पर अधिकारी और ठेकेदार जमकर कमाई करते हैं। नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में अब साल में दो बार नाला सफाई कराने का हवाला देते हुए बजट बढ़ाकर आठ करोड़ रुपये कर दिया है। नाला भले न साफ हो, लेकिन ठेकेदार और अधिकारियों की कमाई जरूर बढ़ जाएगी।

### कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों का पता नहीं

नगर निगम ने पिछले दो वर्षों में कूड़ा प्रबंधन के लिए 15वें वित्त की धनराशि से करीब 450 कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां खरीदी थीं। नगर आयुक्त अजय द्विवेदी के समय यह खरीदारी की गई, लेकिन अधिकांश वाहनों का पता नहीं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने पिछले छह महीने में करोड़ों रुपये से रिक्शा ट्राली, हत्थू ठेला समेत अन्य गाड़ियां खरीदीं। इसके बावजूद हर साल नगर निगम करोड़ों रुपये के वाहन खरीदता है। सूत्र बताते हैं कि वाहनों की खरीदारी में अधिकारी जमकर कमाई करते हैं। कंपनी को पांच जोन का काम दे देने के बावजूद नगर निगम ने कूड़ा प्रबंधन का बजट बढ़ा दिया।

### कंपनी को नगर निगम देगा एक साल के लिए अपने वाहन

कंपनी रामकी नगर निगम के आठ में से पांच जोन में सफाई व्यवस्था 1 अप्रैल से संभालेगी। टेंडर खोलने के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को बताया था कि कंपनी को तीन महीने का समय दिया जाएगा। इस बीच, कंपनी वाहन खरीदेगी। कंपनी को नगर निगम अपने वाहन किराये पर देगा। कुछ दिनों बाद ही अचानक शर्त में बदलाव हो जाता है और बताया जाता है कि नगर निगम एक वर्ष के लिए अपने वाहन कंपनी को देगा और इसके लिए कोई किराया नहीं लेगा।

# दो उड़ानें रद, एक डायवर्ट

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** खराब मौसम का असर विमान सेवाओं पर पड़ रहा है। विमान सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। मौसम के कारण दो उड़ानें रद की गईं, जबकि एक को डायवर्ट करना पड़ा।

लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 2773 और लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7741 को रद कर दिया गया। जबकि मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान खराब मौसम के चलते काफी देर तक आसमान में चक्कर काटती रही और उसे दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। वहीं, मस्कट से लखनऊ आने वाली ओमान एयर की उड़ान संख्या डब्ल्यूवाई 265, नागपुर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7467, इंदौर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7127, अहमदाबाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6244 और दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6282 ने विलंब से उड़ान भरी।

जबकि लखनऊ से कोलकाता जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 505, लखनऊ से मस्कट जाने वाली ओमान एयरलाइंस की उड़ान संख्या डब्ल्यूवाई 266, लखनऊ से इलाहाबाद जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7935, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6281, लखनऊ से दुबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 1483, लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 5241 और लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2243 देर से उड़ान भर सकी। उड़ानें एक से तीन घंटे तक विलंब से रहीं।

### मस्कट और दम्माम के लिए सीधी उड़ान मार्च से

अमृत विचार, लखनऊ : अब मस्कट और दम्माम की यात्रा करने वालों को परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। मस्कट और दम्माम के लिए चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मार्च में सीधी उड़ान सेवा शुरू होगी। मस्कट के लिए प्रतिदिन तो दम्माम के लिए सप्ताह में चार दिन विमान उड़ान भरेंगे। बता दें कि अमौसी एयरपोर्ट से 23 घरेलू और आठ अंतरराष्ट्रीय शहरों के लिए उड़ान हैं। मस्कट और दम्माम के लिए उड़ान सेवाओं की संख्या कम होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी होती थी। यात्रियों को कनेक्टिंग फ्लाइट का सहारा लेना पड़ता था। 15 मार्च से सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों का समय और धनराशि दोनों की बचत होगी। इसको लेकर एयर इंडिया ने शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके लिए बुकिंग भी शुरू हो गई है। एयर इंडिया ने दोनों ही जगह के लिए सीधे शेड्यूल जारी किया है। इसकी बुकिंग भी शुरू हो गई है। लखनऊ से मस्कट के लिए उड़ान संख्या आईएक्स 149 और मस्कट से लखनऊ के लिए उड़ान संख्या आईएक्स 150 संचालित होगी। जबकि लखनऊ से दम्माम के लिए उड़ान संख्या आईएक्स 141 और दम्माम से लखनऊ के लिए उड़ान संख्या आईएक्स 142 संचालित होगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनऊ से मस्कट के लिए विमान सुबह 7:30 बजे उड़ान भरेगा। जबकि मस्कट से लखनऊ के लिए विमान सुबह 10:35 पर उड़ान भरेगा। लखनऊ से दम्माम के लिए शाम 7:50 पर और दम्माम से लखनऊ के लिए विमान रात 11.30 पर उड़ान भरेगा।

उपलब्धि — एकेटीयू छात्र की डिवाइस को एससीआई की स्वीकृति मिलने का इंतजार

# डिजिटल उम्मीदों को रफ्तार देगा माइक्रोस्ट्रिप एंटीना

जीशान कदीर, लखनऊ

शोधार्थी मोहसिन

▸▸ 5-जी और 6-जी नेटवर्क को आसानी से लोगों तक पहुंचाएगा तैयार मॉडल

**अमृत विचार :** डिजिटल उम्मीदों को एकेटीयू के छात्र द्वारा तैयार माइक्रोस्ट्रिप एंटीना जल्द रफ्तार देने जा रहा है। इसके सहारे लोगों तक 5-जी ही नहीं, 6-जी की भी राह आसान हो जाएगी। फिलहाल इस नए शोध को अंतर्राष्ट्रीय संस्था एससीआई की स्वीकृति का इंतजार है। शोधार्थी को तकनीकी एवं शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है।

मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी के छात्र मोहसिन अफरोज का मानना है कि पहले बाजार में 2-जी ने आकर हलचल मचाई। फिर 3-जी आया तो पुराने मोबाइल काम के न रहे। नेटवर्क की व्यवस्था में बदलाव आने से लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता गया। कहते हैं कि अब 5-जी का जमाना है, फिर 6-जी भी होगा। इसी को लेकर उन्होंने एक नई डिवाइस तैयार की है। माइक्रोस्ट्रिप एंटीना के नाम से तैयार डिवाइस हर मोबाइल में कारगर रहेगी। माइक्रो चिप के रूप में डिवाइस लगते ही पुराना मोबाइल भी नई व्यवस्था के लिए कारगर साबित हो जाएगा। बताते हैं कि उन्होंने तैयार मॉडल को अंतर्राष्ट्रीय संस्था एससीआई को प्रेषित कर दिया है। स्वीकृति मिलते ही इसे बाजार में उतारकर उपयोग में लाया जा सकेगा।

**हाई प्रोफाइल चिप का इनमें होगा उपयोग :** हाई प्रोफाइल चिप का इस्तेमाल मोबाइल के अतिरिक्त ब्लूटूथ, लैबटॉप सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों में आसानी से उपयोग में ला जा सकेगा।

### अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से सस्ती देसी डिवाइस

अभी तक बाजार में अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा गोल्ड और कॉपर से तैयार डिवाइस ही इस्तेमाल में लाई जाती रही है। जो काफी खर्चीली है। शोधार्थी का दावा है कि कॉपर से तैयार नई डिवाइस अपेक्षाकृत काफी सस्ती और सुलभ है।

### एकेटीयू के सभी संस्थानों में अव्वल रहा शोधार्थी

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 550 से अधिक संस्थानों में मोहसिन अफरोज को शिक्षा एवं तकनीकी शोध के क्षेत्र में प्रथम स्थान मिला है। इन्हीं उपलब्धियों के कारण शोधार्थी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गोल्ड मेडल व चांसलर अवार्ड दिया जा चुका है।

# हीटर पर गिरा संविदा कर्मी, झुलसने से मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ट्रांसगोमती में बीकेटी 33/11 विद्युत उपकेंद्र मुंशी खेड़ा बौरूमऊ पावर स्टेशन पर हीटर ताप रहा लाइनमैन गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां रविवार सुबह उसकी मौत हो गई।

लेसा अधिकारियों के अनुसार, इटौंजा थाना क्षेत्र के बगहा गांव निवासी राम समुझ रावत उर्फ जेके (45) मुंशी खेड़ा बौरूमऊ उपकेंद्र पर करीब 10 वर्षों से संविदा पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। वह रोज की तरह ही बीती रात उपकेंद्र में ड्यूटी पर तैनात था। एसडीओ अशोक मौर्य के अनुसार राम समुझ रात में ड्यूटी पर था, अधिक ठंड होने के चलते वह कंट्रोल रूम में जल रहे हीटर के पास बैठा था। सुबह करीब 4 बजे उसे नींद आ गई और वह हीटर पर गिर गया। इससे आग की चपेट में आकर झुलस गया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों जल रहे राम समुझ को किसी तरह बाहर निकाला गया। जिसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे हास्पिटल ले जाया गया।

> अचानक हुए हादसे की जांच के लिए कमेटी बना दी गई है। रिपोर्ट आने के बाद जरूरी कदम उठाए जाएंगे।
>
> –सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

## एक नजर

### सीएमएस छात्रा अग्रिमा को अखिल भारतीय चतुर्थ रैंक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस की छात्रा अग्रिमा रस्तोगी ने इण्डियन स्टेटिस्टिकल सर्विस (आईएसएस) परीक्षा में अखिल भारतीय चतुर्थ रैंक अर्जित कर लखनऊ का मान पूरे देश में बढ़ाया है। यह परीक्षा यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) द्वारा आयोजित हुई। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि छात्रा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं सीएमएस के शिक्षकों को दिया है। बताया कि इस अत्यन्त प्रतिस्पर्धी परीक्षा में चयन के लिए अत्यन्त उच्च स्तरीय प्रतिभा, ज्ञान व मेधात्व की आवश्यकता होती है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट एवं प्रबंधक, प्रो. गीता गांधी किंगडन ने अग्रिमा की इस अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक बधाई दी है।

# पौष्टिकता परखनी है तो मेस चले जाइए

## मेस में दूषित खाना परोसने का दावा, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने की शिकायत

संवाददाता, काकोरी/ लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में छात्रों और प्रबंधन के बीच रार समाप्त होने का नाम नहीं ले रही। एक बार फिर छात्रों ने मेस द्वारा तैयार खाने को दूषित बताते हुए उप कुल सचिव से शिकायत की है। दावा है कि मेस द्वारा खराब भोजन दिया जा रहा है। इससे छात्रों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

बीते दिनों पहले भी कुछ ऐसा ही आरोप पुनर्वास विवि के छात्रों ने धरना प्रदर्शन करते हुए लगाया था। जिसमें उन्हें पुलिस का भी सामना करना पड़ा। रविवार को एक बार फिर दूषित भोजन प्रकरण विवि के छात्रों ने उठाया।

इस संबंध में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार रोहित सिंह ने बताया कि मेस द्वारा दी जा रही भोजन व्यवस्था का समय-समय पर अवलोकन किया जाता रहा है। पूर्व में हुई शिकायत का निस्तारण किया जा चुका है। वर्तमान में अगर कोई समस्या आ रही है। तो उसका तत्काल निस्तारण किया जाएगा।

प्रहलाद

राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी और विवि के छात्र प्रहलाद कहते हैं कि मेस में तैयार खाने की गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है। सब्जियों के नाम पर केवल आलू का प्रयोग हो रहा है। तेल की गुणवत्ता बेहद खराब है।

प्रकाश

छात्र प्रकाश का दावा है कि पौष्टिकता परखनी है तो एक बार खुद मेस में जाकर देख लीजिये। खाना खाना मुश्किल हो जाएगा।

जितेन्द्र

जितेन्द्र तिवारी का कहना है कि मेस में तेल से तैयार खाने को अगर आप चख लें तो स्वयं ही अंदाजा लगा सकते हैं कि खाना कितान खराब है।

नीलेश यादव

नीलेश यादव कहते हैं कि पहले भी दूषित भोजन और साफ-सफाई का मुद्दा हम लोगों ने उठाया था, लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं निकला।

प्रमोद

प्रमोद कहते हैं कि छात्रावास के छात्रों को दिये जाना वाला खाना केवल कागजों तक ही पौष्टिक रह गया है।

### लविवि में व्याख्यान का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी श्रीवास्तव के तत्वाधान में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभाग की शोध छात्रा प्रिया रावत ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान का विषय एरिस्टोटेलियन एथिक्स था। व्याख्यान में अरस्तू की नैतिकता पर विचार किया गया। सेमिनार का संचालन विभाग की शोध छात्रा मनाल जब्बार ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत शुक्ला और डॉ. राकेश चंद्रा के अलावा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों सहित विभाग के शोधार्थी उपस्थित रहे।

कालीदास मार्ग स्थित उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के समीप रोड पर बैठकर विरोध-प्रदर्शन करते अभ्यर्थी। अमृत विचार

### शिक्षक अभ्यर्थियों ने उप मुख्यमंत्री आवास पर दिया धरना

**अमृत विचार, लखनऊ :** 69,000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6,800 की सूची में नियुक्ति की मांग को लेकर शिक्षक अभ्यर्थियों ने रविवार शाम 5 बजे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास पर धरना- प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने नारेबाजी भी की। बाद में पुलिस बल द्वारा अभ्यर्थियों को पुलिस की गाड़ी में बिठाकर ईको गार्डेन भेज दिया गया। धरने में शामिल अभ्यर्थियों ने कहा कि हम लोग मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रखना चाहते हैं। अधिकारियों द्वारा हमसे कहा गया कि 22 के बाद मुख्यमंत्री से मुलाकात करा देंगे। मगर अभी तक मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं कराई गई। अयोध्या से आई अर्चना शर्मा ने बताया कि हम सभी न्याय चाहते हैं। कुछ दिनों बाद आचार संहिता लग जाएगी तब तो स्थिति हम लोगों के लिए और मुश्किल हो जाएगी। हमारे साथी भूख हड़ताल पर हैं जिनमें से कुछ अस्पताल में भर्ती हैं, लेकिन अभी तक सरकार हमसे बात करने को तैयार नहीं हुई है।

# व्यापारियों ने सरकार के सामने रखीं 15 मांगें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल ने रविवार को सहकारिता भवन में व्यापारी महाकुम्भ का आयोजन किया। इस महाकुम्भ में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने व्यापारियों की राजनीतिक हिस्सेदारी और सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये व्यापारियों ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके साथ मिलकर संघर्ष का वादा किया।

व्यापारी महाकुम्भ के जरिये व्यापारियों ने सरकार के सामने 15 मांगें रखी हैं। जिनमें व्यापारी आयोग का गठन करने, व्यापारियों की राजनैतिक हिस्सेदारी बढ़ाने, व्यापारियों की बीमा राशि दूनी करने, जीएसटी अधिकारियों द्वारा नोटिस के नाम पर किये जाने वाले उत्पीड़न को रोकनेसमेत अन्य मांग की गई है।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने कहा कि व्यापारी परेशान हैं। व्यापारियों का उत्पीड़न तो हो ही रहा है। साथ लूट और हत्या की घटनाओं पर भी पुलिस व प्रशासन समय से कार्रवाई नहीं करता। उन्होंने कहा कि व्यापारी हर मंडल में इस तरह के महाकुम्भ करेंगे और अपनी मांगों की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करेंगे। आज जो मांगें उठी हैं उन्हें मुख्यमंत्री को भेजा जायेगा।

व्यापारी महाकुम्भ में ब्रज किशोर यादव को युवा प्रदेश अध्यक्ष, रेनू शाही को राष्ट्रीय महासचिव, असलम खान को प्रदेश महासचिव, मधु यादव को प्रदेश महासचिव, गीता सिंह को जिलाध्यक्ष, मिसेज यूपी अदिति सिंह को राष्ट्रीय सदस्य नामित किया गया।

चौधरी चरण सिंह सभागार में 15 सूत्री मांगों को लेकर प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा आयोजित महाकुम्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप शुक्ला का माला पहनाकर स्वागत करते व्यापारी। अमृत विचार

**राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने किया हर मंडल में व्यापारी महाकुम्भ करने का एलान**

# कहीं व्यवस्थाओं में बाधा तो कहीं साक्षात्कार का इंतजार

## इजराइल जाने वाले 1500 श्रमिकों का हो चुका है साक्षात्कार, अलग-अलग जनपदों से आ रहे हैं कामगार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इजराइल जाने वाले श्रमिकों का साक्षात्कार रविवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अव्यवस्थाओं से भरा रहा। सर्द मौसम में खुले आसमान के नीचे कामगारों की लंबी कतारें लगवा दी गईं। ऐसे में उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ा। कक्षों में चले साक्षात्कार भी देर से शुरू हुए।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिनों से इजराइल जाने के लिए श्रमिकों के साक्षात्कार हो रहे हैं। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा विदेश स्थित निजी कंपनियों के जिम्मेदार भी शामिल हैं। रविवार को भी साक्षात्कार के लिए सुबह से लंबी कतारें लग गईं। कोई जालौन तो कोई बांदा से आया हुआ था। कई कामगार तो बुलंदशहर और मेरठ के भी मिले। सुबह की लंबी प्रतीक्षा के बाद होती नोंकझोक के बीच पुलिस को हटो-बचो करना पड़ा। ऐसे में कक्षों के भीतर होता साक्षात्कार देर से शुरू हुआ।

संस्थान के प्रधानाचार्य राजकुमार यादव का कहना है कि पर्याप्त सुरक्षा के बीच इजराइल जाने वाले श्रमिकों का साक्षात्कार हुआ है। अब तक 1500 से अधिक साक्षात्कार हो चुके हैं। पंजीकरण की व्यवस्था सोमवार और मंगलवार को बंद रहेगी। केवल स्किल टेस्ट प्रक्रिया पूर्ण होगी। संस्थान की ओर से जारी हस्ताक्षर एवं मोहर युक्त पत्र प्राप्तकर्ता ही टेस्ट दे सकते हैं।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सर्द मौसम के बीच कतार में बैठे श्रमिक। अमृत विचार

**राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चल रही है चयन प्रक्रिया**

### फंसा श्रम विभाग पंजीकरण का पेंच

कामगारों की बढ़ती संख्या और अव्यवस्था के बीच राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा एक आदेश दिया गया है। जिसके अन्तर्गत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से पहले श्रम विभाग में पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण कराना अनिवार्य होगा। साक्षात्कार के दौरान नए आदेश को लेकर दूर क्षेत्रों से आए श्रमिकों में परेशानी देखने को मिलीं।

### खुले आसमां का सहारा पानी के लिए भी दौड़

साक्षात्कार देने के लिए जालौन से अनिल और सोबरन आए हुए थे। इनके साथ बांदा वासी सुरेश भी थे। पूछने पर बताते हैं कि सुबह से लंबी लाइनों में खड़ा कर दिया गया। छाए कोहरे के बीच ठंडी जमीन पर देर तक बैठना मजबूरी थी। पानी के लिए भी उन्हें दौड़ लगानी पड़ी।

## सार-संक्षेप

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते डॉ. एलपी मिश्र व अन्य अमृत विचार

### आर्ट क्राफ्ट प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्नल एसएन मिश्र मेमोरियल विद्यालय के बच्चों द्वारा इंडिया माई कंट्री थीम पर आर्ट क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेट्रंल बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एलपी मिश्र बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान आल इंडिया स्तर पर सीबीएसई की बडिंग ऑथर प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी कक्षा-6 के छात्र अमर सिंह को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक टीएन मिश्र, मैनेजर सन्मय शुक्ला, डायरेक्टर प्रीती त्रिवेदी और प्रधानाचार्य पूजा सिंह सहित शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

### एनपीएस घोटाले को सार्वजनिक करे सरकार : चेत नारायन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य परिषद की बैठक जय नारायण डिग्री कॉलेज चारबाग में हुई। बैठक की अध्यक्षता सदस्य विधान परिषद राज बहादुर सिंह चंदेल व संचालन महामंत्री राम बाबू शास्त्री ने किया। प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा है कि सरकार एनपीएस घोटाले को सार्वजनिक करे और बताए कि शिक्षकों का रुपया कहां-कहां गया। तदर्थ शिक्षकों की पीड़ा असहनीय हो गई है। सरकार उनको विनियमित करने का मार्ग प्रशस्त करे। पुरानी पेंशन की मांग को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। मांगों को पूरा कराने के लिए संघर्ष करने का यही उचित समय व सही समय है। संगठन की धार को मजबूत करने के लिए 75 जनपदों में सदस्य संख्या बढ़ाना होगा। राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि गैर शिक्षक का सदन में जीतकर जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। आगामी विधान परिषद चुनाव के लिए अभी से तैयारी करनी होगी। पदाधिकारी पद से सम्मानित होने के लिए नही बल्कि जिलों में काम करने के लिए बनाए गए हैं, उनको विद्यालयों का भ्रमण करके संगठन को मजबूत करना चाहिए। इस दौरान लवकुश मिश्रा, महेश चंद्र शर्मा, जगदीश चंद्र व्यास, संजय द्विवेदी, डा .सुरेश तिवारी, नर्सिंग बहादुर सिंह, प्रमोद सिंह, सुधाकर सिंह, संत सेवक सिंह,मेजर डा .देवेंद्र सिंह, रामानंद द्विवेदी, विनोद कुमार मिश्रा, ज्योतिष कुमार पांडेय, डॉ .राकेश सिंह, राम विलास यादव सहित सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

भारत हस्तशिल्प महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत लेते अतिथि साथ में भाजपा नेता अपर्णा यादव व अन्य। अमृत विचार

### भारत हस्तशिल्प महोत्सव में उमड़ी लोगों की भीड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** रविवार का दिन भारत हस्तशिल्प महोत्सव के लिए ख़ास रहा। छुट्टी की वजह से महोत्सव में खूब भीड़ उमड़ी। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में कांशीराम स्मृति उपवन आशियाना में चल रहे महोत्सव में रविवार को हर तरफ भीड़ नजर आई। मेले के हर स्टॉल पर, झूलों पर, फूड जोन में लोगों का हुजूम देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ सदस्य अपर्णा यादव, पूर्व राज्य मंत्री एवम जिला सहकारी बैंक जौनपुर के चेयरमैन कुं. वीरेंद्र प्रताप सिंह और पार्षद हिमांशु अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। आयोजकों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। हनु जी ट्रस्ट ने इस मौके पर गायन तथा डांस के कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। हनु जायसवाल ने जय गणेश- जय गणेश देवा तथा राम सिया राम शंभूजी गुप्ता और वैभवी गुप्ता ने छाप तिलक सब अनिका गुप्ता ने, कान्हा सो जा जरा मानुषी पांडे ने, होठों पे ऐसी बात मिष्टी सिंह ने, जय जय शिव शंकर तनिष्का आर्य ने, मेरे घर राम आये हैं वैष्णवी राय ने, वह है अलबेला वंशिका गुप्ता ने, मेरे घर राम शांभवी गुप्ता ने, प्रस्तुत किया।

### कला वसुधा पत्रिका के वामा रंग प्रसंग अंक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में कला वसुधा पत्रिका के वामा रंग प्रसंग के अंक 41-42 का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन महिला कला विद्वानों ने मिलकर किया। निसर्ग संस्था द्वारा आयोजित शाखा बंद्योपाध्याय और डॉ. ऊषा बनर्जी के संपादन में निकाली गई पत्रिका कला वसुधा पर मुख्य रूप से प्रो .उषा सिन्हा ने सारगर्भित समीक्षा की। विमोचन के मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी ललित सिंह पोखरिया, कथक कथक नृत्य गुरु प्रो. कुमकुम धर, वरिष्ठ कला समीक्षक राजवीर रतन आदि मौजूद रहे।

# विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को मिलेगा अवार्ड-ए-तिरंगा सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सामाजिक, शैक्षिक और सामाजिक सनसथा एलायंस सोशल एंड कल्चरल सोसाइटी आगामी 15 फरवरी को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाली विभूतियों को अवार्ड-ए-तिरंगा से सम्मानित करेगी। संस्था के सचिव दिलावर हुसैन ने बताया कि सम्मान समारोह सहकारिता भवन में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि संस्था की बैठक में तय किया गया कि पूर्व प्रमुख सचिव विधि एवं न्याय केके शर्मा, पूर्व जिला जज बीडी नकवी, विधानसभा के डिप्टी सेक्रेटरी अजित कुमार वर्मा, पूर्व मुख्य स्थाई अधिवक्ता आईपी सिंह, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता मोहम्मद इदरीस, कैरियर मेडिकल कालेज के निदेशक अजमत अली सिद्दीकी, गोयल इन्स्टीट्यूट के निदेशक कोआर्डीनेशन एंड प्लानिंग डॉ. आलोक कुमार, सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. अशोक मिश्रा, समाज सेवा में शबीना सिद्दीकी, कैसर काजमी और ज्योति सिंह, सदर गुरुद्वारे के प्रबंधक तेजपाल रोमी, लेखक हारून रशीद और सुनीत श्रीवास्तव को अवार्ड-ए-तिरंगा से सम्मानित किया जायेगा।

उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के निर्वाचित सदस्य। अमृत विचार

# नहीं रहीं बोलते हुए चित्र उकेरने वाली कलाकार सरोज पाल, कला जगत में शोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश की जानी मानी चित्रकार गोगी सरोज पाल का निधन हो गया है। प्रख्यात साहित्यकार यशपाल की भतीजी सरोज पाल ने 1962 से 67 के बीच कला एवं शिल्प महाविद्यालय से पेंटिंग में डिप्लोमा लिया था। कला संसार को अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली गोगी सरोज पाल 79 वर्ष की थीं। उनका निधन दिल्ली के एक अस्पताल में हुआ। लखनऊ में खबर पहुंची तो कला जगत में शोक व्याप्त हो गया।

दिल्ली के कला महाविद्यालय से स्नातकोत्तर करने वाली सरोज पाल ने देश के विभिन्न स्थानों पर अपनी कृतियों के 30 से ज्यादा एकल शो किये। उनकी पेंटिंग्स की प्रदर्शनियां युगोस्लाविया, जर्मनी, फ्रांस, क्यूबा और जापान में भी लगाई गईं। उन्हें ललित कला अकादमी से राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।

लखनऊ के चित्रकार भूपेन्द्र अस्थाना ने बताया कि उनसे पहली बार वर्ष 2015 में जयपुर आर्ट समिट में मुलाक़ात हुई थी। वह साहित्यिक परिवार से थीं लेकिन कलाकार बनना चाहती थीं। उस युग में कला की दुनिया में गिनी-चुनी महिलाएं ही थीं। उन्होंने कला की दुनिया में आकर न सिर्फ खुद को साबित किया बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गईं।

वरिष्ठ मूर्तिकार राजीव नयन पाण्डेय कि सरोज पाल देश की महत्वपूर्ण कलाकार थीं। उनकी कृतियों में उभरे नारी के विभिन्न रूपों में संवेदना का भाव देखने को मिलता है। वह देश की प्रमुख महिला कलाकार थीं लेकिन साथ ही भारतीय समकालीन कला के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट शैली की वजह से प्रमुख स्थान रखती थीं।

कला शिक्षाविद अखिलेश निगम ने कहा कि वो बेबाक छात्रा थीं। साथी विद्यार्थियों और कला गुरुओं दोनों से तर्क करती थीं। ग्राफिक विभाग के प्रवक्ता रहे जयकृष्ण अग्रवाल से उन्होंने शादी भी की लेकिन यह रिश्ता ज्यादा नहीं चला। वह एक प्रयोगधर्मी कलाकार थीं। शादी टूट गई तो उन्होंने लखनऊ भी छोड़ दिया और दिल्ली जाकर कला को समर्पित हो गईं। दिल्ली में उन्होंने वेद नायर से विवाह किया।

नेशनल गैलरी ऑफ़ माडर्न आर्ट नई दिल्ली के महानिदेशक संजीव किशोर गौतम ने कहा कि सरोज पाल की मौत की खबर स्तम्भित करने वाली है। आधुनिक नारीवादी महिला चित्रकारों में उनका नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। जयपुर आर्ट समिट के संस्थापक शैलेन्द्र भट्ट ने कहा कि मैंने अपनी मां के बाद अगर विचारों से मजबूत किसी औरत को देखा है तो वह गोगी सरोज पाल थीं। उनका सृजन ऐसा था कि कैनवस बोलता हुआ नजर आता था।

चित्रकार गोगी सरोज पाल

**सरोज पाल ने अपनी कृतियों के 30 से ज्यादा एकल शो किए**

# 31 पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) लखनऊ की कार्यकारिणी का वार्षिक निर्वाचन संपन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष पद अनिल शर्मा, जिला मंत्री पद पर महेश चन्द्र, कोषाध्यक्ष पद पर आरपी सिंह और आय-व्यय निरीक्षक पद पर आलोक पाठक को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

राज्य कार्यकारिणी के सदस्य एवं निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार मिश्र ने बताया कि कार्यकारिणी के सभी 31 पदों पर केवल एक-एक ही नामांकन पत्र प्राप्त हुआ। इसलिए सभी 31 पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर डॉ. एसके मणि शुक्ल, आरएस गौतम, राजकुमारी, शैलेन्द्र कुमार शुक्ल, एसके सिंह, अनीता वर्मा एवं संयुक्त मंत्री के पद पर डॉ. अनिल तिवारी, विनीता श्रीवास्तव, रश्मि सक्सेना, सुमित अजॉय दास, पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह, शैलजा गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

सदस्य कार्यकारिणी के 15 पदों पर रवि प्रकाश सिंह, राम शंकर, प्रिया श्रीवास्तव, प्रीति गौतम, इसहाक हुसैन जैदी, मो. वसीम महमूद, खालिद बिन, मुनीर अहमद, पुष्पेन्द्र कुमार, गायत्री दीक्षित, उमेश कुमार, रचना गुप्ता, एसके पाण्डेय, उपेन्द्र पाण्डेय, डॉ. रिंकी वर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इसी के साथ 28 प्रान्तीय प्रतिनिधि का निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। संगठन के प्रदेशीय उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्र ने नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रदेशीय मंत्री आरके त्रिवेदी, मीता श्रीवास्तव, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, अनुराग मिश्र, पीके पंत, मंजू चैधरी, प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा, सहित नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

**उप्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) का हुआ वार्षिक निर्वाचन**


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0, इटावा

पत्र संख्या /11ए/2023-24 दिनांक

अल्पकालीन निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0, इटावा लोक निर्माण विभाग उ0 प्र0 में यथा लागू ए0 बी0 सी0 एण्ड डी0 श्रेणी में केवल मार्ग के कार्य हेतु पंजीकृत पात्र एवं अनुमोदित ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर बिड आमंत्रित करते है।

| क्र0 स0 | जनपद | कार्य का नाम | आगणित धनराशि (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | बिड डाक्यूमेंन्ट का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य कराने वाले अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिलाधिकारी का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | इटावा | विशेष मरम्मत योजना के अन्तर्गत जमुनाबाग धनुआ गींजा सैफई मार्ग से गोवेपुरा भुजपुरा सम्पर्क मार्ग | 4.45 | 0.45 | (500+300)+ GST =944 | 01 माह | अधि0 अभि0 प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0, इटावा | अधी0 अभि0 इटावा वृत्त लो0 नि0 वि0, इटावा | जिलाधिकारी, इटावा | मु0 अभि0 कानपुर क्षेत्र, लो0 नि0वि0 कानपुर |

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं प्रदेश सरकार की वेबसाइट (http://up.gov.in) पर सम्बन्धित नियम व शर्तें उपलब्ध है। बिड डाक्यूमेंट की निविदा दिनांक 29.01.2024 से 05.02.2024 के समय 04:00 बजे तक बेंची जानी है। निविदा सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, जिलाधिकारी तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय में दिनांक 06.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक ही प्रप्त की जायेगी, जो कि दिनांक 06.02.2024 को प्रातः 12:30 बजे कालम-10 में उल्लिखित जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित रहने के इच्छुक निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

राकेश भूषण प्रसाद
अधिशासी अधिकारी
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,इटावा

## एक नजर

### मानदेय, भत्ते की गलत फीडिंग, प्रशिक्षण आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायतों में प्रतिनिधियों का मानदेय, सदस्यों का भत्ता व खरीद आदि की गलत फीडिंग की जा रही है। इससे इन मदों में होने वाले खर्च और भुगतान की जानकारी नहीं हो पा रही है। इसके लिए सोमवार को पंचायती राज निदेशालय संबंधित अधिकारी व कर्मियों को प्रशिक्षण देगा। दरअसल, पंचम राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों को मानदेय, सदस्यों को भत्ता, सफाई कर्मियों के लिए किट व अन्य सामान खरीदा जाता है। इस खरीद की ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर बने एकाउंटिंग हेड में फीडिंग करनी है। इसमें मदों की श्रेणियां हैं। लेकिन, पंचायत स्तर पर गलत फीडिंग की जा रही है। लापरवाही के साथ इसकी मॉनीटरिंग तक जिलों पर नहीं की जा रही है। इस पर निदेशक पंचायत राज ने चेतावनी दी है। साथ ही इस संबंध में जूम मीटिंग से प्रशिक्षित किया जाएगा।

### चार माह में मिले 1.94 कुपोषित बच्चे

**अमृत विचार, लखनऊ :** एक तरफ कुपोषण में सुधार तो दूसरी तरफ बच्चों की संख्या बढ़ी है। जुलाई से अक्टूबर तक प्रदेश में 1,94,609 अतिकुपोषित बच्चे मिले हैं। जिन्हें बाल विकास पुष्टाहार विभाग चयनित कर उपचार कर रहा है। प्रदेश में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग संभव अभियान चलाकर कुपोषण के खिलाफ लड़ रहा है। इस अभियान के तहत जून से अक्टूबर तक बेसलाइन सर्वे के तहत 2.48 लाख बच्चे चयनित कर 63 प्रतिशत से अधिक सुधार किया है। दूसरी तरफ इस अभियान के साथ जुलाई से अक्टूबर तक नियमित प्रकिया में 1,94,609 अतिकुपोषि बच्चे और चिह्नित किए गए हैं। इनका भी उपचार व अन्य प्रक्रिया से सुधार किया जा रहा है। विभाग द्वारा अभियान के तहत इनकी देखरेख की जा रही है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दीवार पर बनाया कमल का फूल

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कैंट विधानसभा मंडल एक में बूथ संख्या 111 पर दीवार लेखन अभियान के तहत पार्टी का चिह्न कमल का फूल बनाया। उन्होंने कमल का फूल बनाने के बाद लिखा एक बार फिर से मोदी सरकार। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष सचिन वैश्य, उपाध्यक्ष डॉ. पुष्प श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# सीमा विवाद में नहीं बन रही बटहा की मुख्य सड़क

## लाला लाजपत राय वार्ड में मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं लोग, अमृत विचार की टीम के साथ लोगों ने साझा कीं समस्याएं

**अमृत विचार आपके द्वार**
टीम : पंकज द्विवेदी,
छायाकार : राजकुमार वाजपेयी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुर्सी रोड के बटहा गांव जाने वाली मुख्य सड़क वैसे तो उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के लाला लाजपतराय वार्ड में आती है। यहां के पार्षद भी भाजपा के हैं, लेकिन सड़क के दाहिने तरह के मकान पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में हैं। लिहाजा यह सड़क सीमा विवाद में फंस कर रह गई है।

लोगों का आरोप है कि इस सड़क को इसलिए नहीं बनवाया जाता है कि इसका लाभ पूर्वी विधानसभा के भी लोगों को मिलेगा, साथ ही यह एक ऐसी आबादी वाला क्षेत्र है जिसे पार्षद अपना वोटर ही नहीं समझते। कोई और रास्ता न होने से लोग इस खस्ताहाल सड़क से निकलने को मजबूर हैं। सीवर और नालियां चोक हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। इसके अलावा कूड़ा उठान की गाड़ी नियमित नहीं आती। कॉलोनी में कूड़े के ढेर लगे रहते हैं।

शुद्ध पेयजल के लिए भी लोगों को जद्दोजहद करनी पड़ती है। लोगों का कहना है कि काफी समय से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। शिकायत के बावजूद सुधार नहीं करवाया जाता है। दूषित पानी पीने से गर्मी के मौसम में कई लोग बीमार भी हुए थे। बारिश में भीषण जलभराव का भी सामना समूचे क्षेत्र को करना पड़ता है। हर साल लोगों को लाखों की गृहस्थी का नुकसान उठाना पड़ता है। 'अमृत विचार, आपके द्वार' की टीम रविवार को कॉलोनी में समस्याएं जानने पहुंची तो लोगों ने टीम को एक-एक करके समस्याएं दिखा कर निजात दिलाने की अपील की।

लाला लाजपत राय वार्ड की हकीकत बयां कर रही क्षेत्र में फैली गंदगी।

नाली में भरी गंदगी।

### बारिश में नाला हो जाता है ओवर फ्लो

कॉलोनी की नालियों के पानी की निकासी के लिए भुईयन देवी मंदिर के पास करीब 100 मीटर का नाला है। नालियों को इसी नाले से जोड़ा गया है। लोगों का कहना है कि इस नाले की कभी सफाई नहीं होती है। लिहाजा कूड़ा सड़ने से हर समय दुर्गंध आती रहती है। साथ ही, बरसात के मौसम में नाला ओवर फ्लो हो जाता है। इससे सैकड़ों घरों में गंदा पानी घुस जाता है।

### लाला लाजपत राय पार्क में लगीं 125 लैंप लाइट खराब

सेक्टर एन-1 में स्थित लाला लाजपत राय पार्क में 125 लैंप लाइट लगाई गई थीं। स्थानीय लोगों के मुताबिक इनमें से लगभग सभी लाइटों को अराजकतत्वों ने तोड़ दिया है। कभी क्षेत्र का यह सबसे खूबसूरत पार्क हुआ करता था, जो कि अब पूरी तरह से बदहाल है। यहां हर समय अराजकतत्वों का जमावड़ा रहता है।

### नालियां चोक, नहीं होती है सफाई

बटहा गांव की सभी नालियां चोक हैं, गंदा पानी सड़कों पर ही बहता रहता है। इससे मच्छरजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा महीनों तक झाड़ू नहीं लगती है। साथ ही, डोर टू डोर कूड़ा लेने वाली गाड़ी न आने से कूड़ा भी खुले में ही फेंका जाता है।

वार्ड के कुछ इलाकों में जनप्रतिनिधियों द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। बटहा की मुख्य सड़क का निर्माण महज इसलिए नहीं हो पा रहा है कि वह दो विधानसभा क्षेत्रों की सीमा में है। जनप्रतिनिधियों का ध्यान कुछ खास लोगों के घरों के आसपास विकास कराने में अधिक रहता है। वार्ड के कई पार्क बदहाल हो चुके हैं। झूले टूटे हैं। सीवर ओवर फ्लो होने से गंदगी सड़क पर बह रही है।
**– शैलेंद्र वर्मा, उप विजेता पार्षद**

लाला लाजपत राय पार्क में खम्भों से नदारद फैन्सी लाइट। अमृत विचार

सेक्टर एन वन स्थित लाला लाजपत राय पार्क में खराब पड़ा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार


नाली की गन्दगी को दिखाता क्षेत्रीय निवासी।

### बोले लोग

कुर्सी रोड से बटहा जाने वाली मुख्य सड़क कई वर्षों से बदहाल है। कई बार ई-रिक्शे पलटने की घटनाएं हो चुकी हैं। बारिश में तो स्थिति और भी बदत्तर हो जाती है। **-अजय राजपूत**

कॉलोनी में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। इससे लोग खुले में कूड़ा फेंकते हैं। कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। **-सुनील कुमार**

क्षेत्र में कभी भी सफाई कर्मी नहीं आते हैं। कूड़ा उठान व्यवस्था भी नियमित नहीं है। जगह-जगह गंदगी फैली रहती है। शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं होती। **-सलीम**

चुनाव के समय तो जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद कोई झांकने तक नहीं आता है। समस्याओं के साथ रहने की मजबूरी है। **- रानी**

कॉलोनी में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। लोग बजबजाती नालियों के बीच रहने को मजबूर है। बारिश के मौसम में जलभराव होने से लोग घरों में ही कैद हो जाते हैं। बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पाते हैं। **-सुमन**

आज अखबार में सूचना छपने के बाद सफाई कर्मी आए थे। नालियों से सिर्फ पन्नियां हटा कर चले गए, जबकि नालियां चोक हैं और गंदगी से बुरा हाल है। **- राजेश्वरी**

सप्लाई का पानी गंदा आता है। जिसे पीने से कई बार लोग बीमार पड़ जाते हैं। इसकी कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन सुधार नहीं हो रहा। **-जयंती**

पूरा क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। स्थानीय पार्षद कहते हैं कि उन्हें इस इलाके के लोगों ने वोट नहीं दिया है। इसलिए काम भी नहीं होगा। **-धनीराम**

क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या जल निकासी की है। नालियां और नाला चोक हैं। कोई सुनने वाला भी नहीं है। यहां के लोग इस बदबूदार नालियों और गंदगी में रहने को मजबूर है। **-श्रीकृष्ण**

भुईयन देवी मंदिर के पास का बड़ा नाला पूरी तरह से चोक है। बारिश में भी इसकी सफाई नहीं कराई जाती है। जिसकी वजह से पूरी कॉलोनी को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। **-संदीप**

करीब तीन महीने बाद आज सफाई कर्मी आए थे। पूछने पर पता चला कि अमृत विचार की टीम निरीक्षण करने आ रही है। तभी सफाई कराई जा रही। जिससे अव्यवस्था कम दिखे। **-रामू**

सेक्टर एन-1का पार्क पूरी तरह से बदहाल हो चुका है। पार्क की सभी लैंप लाइटों को अराजकतत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है। पार्क में अराजकतत्वों का जमावड़ा रहता है। **-मनोज कुमार**

सेक्टर एन-1 में साफ-सफाई नहीं होती है। डोर-टू डोर कूड़ा उठान व्यवस्था भी चौपट है। पार्कों पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण पार्कों का बुरा हाल है। **- मो. सुफियान**

कॉलोनी में मार्ग प्रकाश की भी व्यवस्था नहीं है। रात के समय दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में अराजकतत्वों का जमावड़ा रहता है। जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिए। **-हरि प्रसाद**

# ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में पांच साल से अल्ट्रासाउंड जांच बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय (टीबी अस्पताल) की अल्ट्रासाउंड मशीन पांच साल से शो-पीस बनी हुई है। इसकी वजह यह है कि अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट के रिटायर होने के बाद नई तैनाती आज तक नहीं हो सकी।

नतीजतन मरीजों को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए अन्य सरकारी अस्पताल भेजा जा रहा है। जहां एक महीने से अधिक

▸▸ रेडियोलॉजिस्ट के रिटायर होने के बाद नहीं हुई नई तैनाती

समय की तारीख दी जा रही है। लिहाजा मरीज निजी सेंटरों से अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर हैं।

ठाकुरगंज अस्पताल में 200 बेड संचालित होते हैं। रोजाना 700 के करीब ओपीडी होती है। जिसमें से गायनी ओपीडी में रोजाना 50 के करीब महिलाएं आती हैं। करीब 25-30 को अल्ट्रासाउंड लिखा जाता है। इसके अलावा नॉर्मल मरीजों को लिखे जाने वाले अल्ट्रासाउंड बलरामपुर में और गायनी अल्ट्रासाउंड डफरिन महिला अस्पताल में कराए जा रहे हैं। अस्पताल में मौजूद दो गायनी डॉक्टरों का पीएनडीटी में रजिस्ट्रेशन नहीं है इसलिए वह अल्ट्रासाउंड नहीं कर सकतीं। इस कारण महिलाओं को डफरिन अस्पताल जाकर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी जाती है। जहां पर पहले से ही अत्यधिक लोड होने के कारण उन्हें अल्ट्रासाउंड की लंबी तारीख दे दी जाती है।

अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि पांच साल पहले यहां पर डॉ. प्रभात झा अल्ट्रसाउंड करते थे, लेकिन उनके रिटायर होने के बाद से यह पद खाली है। रेडियोलॉजिस्ट के लिए प्रयास तो कई बार किए गए हैं। लेकिन किसी कारण से रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं हो पाई है। फिलहाल के लिए एनएचएम से अनुबंध कर टोकन व्यवस्था चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जो पंद्रह दिन से चल रही है, इसके अलावा जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट के साथ एमडी मेडिसीन और जनरल सर्जन की भी नियुक्ति की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए विधायक डॉ. नीरज बोरा ने भी विधानसभा में मांग की है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही हमें सर्जन व रेडियोलॉजिस्ट मिल जाएंगे। मरीजों को यहां से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# ठाकुरगंज चिकित्सालय में सिर व गर्दन के कैंसर की स्क्रीनिंग भी होगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अस्पताल में प्रत्येक शनिवार को अलग से संचालित होगी ओपीडी

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय (टीबी अस्पताल) में सिर और गर्दन (हेड एंड नेक) कैंसर की स्क्रीनिंग होगी। अस्पताल में इसके लिए प्रत्येक शनिवार को अलग से ओपीडी संचालित की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी अस्पताल ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अनित्या श्रीवास्तव को सौंपी गई है।

ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय की ओपीडी में हर दिन करीब 600-700 मरीज इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल में काफी समय से ईएनटी यूनिट का संचालन हो रहा है। अस्पताल घनी आबादी के बीच में हैं। अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए अब हर शनिवार को कैंसर स्क्रीनिंग ओपीडी का संचालन किया जाएगा। ओपीडी में आने वाले मरीजों की कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी। मरीजों की बायोप्सी जांच भी अस्पताल कराएगा। मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जाएगा।

# राजधानी के कई क्षेत्रों में गुल रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के चौपटिया, सरोजनीनगर, बंगला बाजार, गोमतीनगर, चिनहट समेत कई इलाकों में रविवार को घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। अनुरक्षण कार्य के साथ जर्जर तारों को बदलने और फीडरों का मेंटीनेंस संबंधी कार्य किया गया। जिसके चलते लोगों को घंटों बिजली न आने के कारण पानी की समस्या समेत अन्य कार्यों के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एसडीओ चिनहट ने बताया कि कमता पावर स्टेशन पर फीडरों पर कार्य करने के चलते कई इलाकों में बिजली बाधित रही।

# मन की बात एकजुटता की प्रेरणा देता है : भूपेंद्र सिंह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी के मन की बात कार्यक्रम में हमें देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और एकजुट होकर रहने की प्रेरणा देता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उक्त बातें मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद कहीं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम हमारी संस्कृति हमारी धरोहर से रूबरू कराता है। भाजपा महानगर लखनऊ की ओर से बूथ स्तर पर सभी वार्डों, मोहल्लों, बाजारों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के109वें संस्करण को सुना गया। कैंट विधानसभा कार्यक्रम के दौरान मानसिंह, नानक चंद लखमानी, राकेश श्रीवास्तव, सचिन वैश्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने पूर्व मंडल एक की बूथ संख्या 349 कल्याणपुरी रविंद्र पल्ली में, एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा के शंकर पूर्व वार्ड की बूथ संख्या 248 पर, उत्तर विधानसभा में पुरानिया स्थित विधायक कार्यालय में विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पार्टी के पार्षदों और पदाधिकारीयों के साथ कार्यक्रम सुना।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का संबोधन सुनते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व अन्य। अमृत विचार

# फार्म जमा न करने पर 32 हजार ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में ई-रिक्शा से लगने वाले जाम से अगले कुछ माह शहर वासियों को निजात मिलने पर संशय है। वजह जोनवार ई-रिक्शा के संचालन के लिए शुरू हुई प्रक्रिया बेहद धीमी है। करीब 32 हजार ई-रिक्शा चालकों एवं मालिकों ने अभी तक फार्म ही जमा नहीं किये हैं। इससे न तो उनका सत्यापन हो सका है और न ही किस रूट पर इनका संचालन होगा, तय हुआ है। अभी तक महज सात हजार फार्मों का सत्यापन हुआ है, इनमें भी करीब 10 फीसदी चालक व मालिक आपराधिक इतिहास वाले निकले हैं।

ई-रिक्शा चालक व मालिक भले ही जोनवार संचालन को लेकर आगे नहीं आ रहे हैं। इसे नजरअंदाज करते हुए पुलिस ने नई व्यवस्था जल्द से जल्द लागू करने के लिए खींचे गये खाके को पूरा करने के लिए सख्त रुख अपना लिया है। फार्म नहीं लेने व लेकर जमा नहीं करने वालों के लिए समय सीमा एक फरवरी निर्धारित कर दी है। इसके बाद जिनके फार्म जमा नहीं होंगे। दो हजार रुपये जुर्माना भरना पड़ेगा। बता दें कि राजधानी में करीब 60 हजार ई-रिक्शा संचालित हैं। मनमानी के चलते यह आएदिन जाम का सबब बने रहते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने जोनवार निर्धारित संख्या में ई-रिक्शा का संचालन कराने का खाका खींचा था। उन्होंने 60 हजार फार्म छपवा कर वितरित कराने की जिम्मेदारी थानों को सौंपी थी। लेकिन एक माह में सिर्फ 39 हजार फार्म लिये गये। जबकि सिर्फ 7,185 ने ही फार्म जमा किये। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अभी तक जमा फार्मों के सत्यापन में 10 फीसदी ई-रिक्शा चालक व मालिक आपराधिक इतिहास वाले निकले हैं।

▸▸ सत्यापन में कई मालिक और चालक निकले अपराधी

### फैक्ट फाइल

- 60 हजार के लगभग ई-रिक्शा
- 60 हजार फॉर्म छपवाए गए
- 39,400 फॉर्म अब तक बांटे
- 7,185 ने ही फॉर्म वापस जमा किए

### सत्यापन कराने के लिए सिर्फ तीन दिन बाकी

जेसीपी ने बताया कि एक जनवरी 2024 से नई व्यवस्था लागू की गई थी। 31 जनवरी तक शहर के सभी ई-रिक्शा चालकों को पुलिस सत्यापन कराना है। इसके लिए 10 जनवरी तक थानों में निशुल्क फार्म दिये गये हैं। 39,400 फॉर्म बांटे गये हैं, जो चालकों को किसी भी थाने में जमा करना है। जिन्होंने फार्म नहीं लिए या जमा नहीं किए, एक से सात फरवरी तक अभियान चला प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।

आवेदन करने वाले ई-रिक्शा चालकों का थानावार पुलिस सत्यापन कर रही है। कुछ ई-रिक्शा मालिक व चालकों के नाम सामने आये हैं, जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। सत्यापन कार्य पूरा होने पर ही इनकी सही संख्या पता चलेगी। फिलहाल ऐसा कोई नियम-कानून तय नहीं है कि जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, वह ई-रिक्शा नहीं चला सकते। सत्यापन से जिन ई-रिक्शा मालिकों व चालकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, उनकी कुंडली पुलिस के पास आ जाएगी। ऐसे लोगों की गतिविधियों पर पुलिस की नजर रहेगी।
**-उपेंद्र कुमार अग्रवाल,** संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, लखनऊ

**दिए गए निर्देश** | 13 फरवरी से शुरू होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

# डिवाइस के सहारे सुरक्षित रखना होगा परीक्षा केंद्रों का डाटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों के साथ ही अब परीक्षा केंद्र प्रभारियों को लगाए गए सीसीटीवी की डिवाइस भी सुरक्षित रखनी होगी।

ताकि डिवाइस के सहारे परीक्षा केंद्रों का डाटा सुरक्षित रखा जा सके। अन्यथा की स्थिति में उन्हें कार्रवाई का सामना भी करना पड़ सकता है। मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 59 जनपदों में 13 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जो 21 फरवरी तक चलेंगी।

▸▸ 59 जनपदों में होंगी मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल, फाजिल की परीक्षाएं

▸▸ जिले में स्थापित हर केंद्र पर लगाया जाएगा सीसीटीवी

बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि 59 जनपदों में आयोजित परीक्षाओं के 413 परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि केंद्रों पर लगाए जाने वाले सीसीटीवी की रिकार्डिंग डिवाइस के सहारे सुरक्षित रखी जाएं। केंद्रवार परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन के साथ डिवाइस को भी जांचा जाएगा। ताकि परीक्षा केंद्रों की सही स्थिति का आंकलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन न करने वाले प्रभारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

### इन परीक्षाओं में शामिल होंगे परीक्षार्थी

मुंशी, मौलवी के अलावा आलिम, कामिल और फाजिल भी अपनी परीक्षा देंगे। फरवरी में आयोजित परीक्षा में पूरे प्रदेश में इस बार 1 लाख 43 हजार 119 परीक्षार्थी अलग-अलग परीक्षा केंद्रों में सम्मलित होकर अपनी परीक्षाएं दे सकेंगे।

### राउटर डिवाइस और इंटरनेट की रहेगी व्यवस्था

मदरसा बोर्ड और परीक्षा समिति के सदस्य कमर अली का कहना है कि इस बार हर परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य हो गया है। ताकि परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी और नकल विहीन रहे। सीसीटीवी कैमरे डीवीआर के साथ राउटर डिवाइस और हाई स्पीड इंटरनेट सेवाएं भी परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि विषम परिस्थितियों में हर परीक्षा केंद्रों पर राज्य मुख्यालय से संवाद स्थापित हो सके।

### नहीं करना पड़ेगा आवेदक को इंतजार

उप्र मदरसा बोर्ड के सदस्य कमर अली बताते हैं कि पहले जब परीक्षा परिणाम घोषित होते थे, तो विवि अथवा उससे संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया समाप्त हो जाती थी। ऐसी स्थितियों में छात्रों को एक वर्ष का लंबा इंतजार करना पड़ता था। इस बार समय से हो रही परीक्षाओं के कारण ये समस्या स्वत: समाप्त हो जाएगी।

# स्वास्थ्य शिविर में इलाज के लिए उमड़े लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 364 लोगों ने निशुल्क परामर्श लिया। शिविर का आयोजन पश्चिम विधानसभा मंडल तीन के लेबर कॉलोनी वार्ड में किया गया। शिविर की शुरुआत महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉ. कैलाश नारायन सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज के सहयोग से किया गया। लोगों का निशुल्क परीक्षण कर दवाएं वितरित करने के साथ जांचें की गईं। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि शिविर में आए मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। ठंड से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतने का सुझाव दिया गया। इस दौरान रघुवेंद्र शुक्ला, पार्षद अजय दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, पूर्व पार्षद विजय भुर्जी, शिवपाल सवारियां, धर्मेंद्र सिंह, संतोष श्रीवास्तव, जया शुक्ला, डॉ. यूएन पांडेय आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए पंजीकरण कराते लोग।

## एक नजर

### शटर काट कर दुकान और ताला तोड़ कर घर में चोरी

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बीकेटी थाना क्षेत्र के भौली गांव निवासी बलराम की रैथा रोड स्थित 4 नम्बर ट्यूबवेल के समीप फुटवेयर की दुकान है। शनिवार रात वह दुकान बंद कर घर गए थे। रविवार सुबह पहुंचे तो दुकान का शटर कटा मिला, अंदर से जूते, चप्पल व साड़ियां चोरी हो गयीं थी। उन्होंने 15 हजार से अधिक की चोरी होने की बात कही है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है। उधर, सआदतगंज थाने में गढ़ी पीर खां निवासी मो. रईस ने तहरीर दी। बताया 24 जनवरी की रात चोरों ने घर में घुस कर वहां सो रहे कर्मचारियों के छह मोबाइल, नगदी व अन्य सामान पार कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी कर भाग रहे आरोपी को दौड़ा कर पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक इलाके में दुकान में चोरी कर भाग रहे आरोपी को दुकानदारों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुरी टोला निवासी मो. यूसुफ की धीरू मार्केट में पान मसाला की दुकान है। शनिवार रात करीब 10 बजे एक युवक सिगरेट की पेटी चुरा कर भाग रहा था। अचानक नजर पड़ने पर उसे टोका तो तेजी से भागने लगा। यूसुफ ने शोर मचाते हुये उसे दौड़ा लिया तब तक अन्य दुकानदारों ने उसे दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को आरोपी के सुपुर्द कर दिया। आरोपी की पहचान आफाक निवासी भदेवा गुलर वाली गली मस्जिद के पास थाना बाजारखाला के रूप में हुई। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एथेनॉल से भरा टैंकर पलटा

## टैंकर पलटने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा जाम, विस्फोट की आशंका पर दमकल और पुलिस टीम ने केमिकल को धुलवाया

लखनऊ/सरोजनीनगर

- सरोजनीनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत एयरपोर्ट के पास का मामला

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह एथेनॉल भरा टैंकर अचानक पलट गया। टैंकर से सड़क पर काफी मात्रा में एथेनॉल फैल गया। जिसे देख राहगीरों एवं स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने लोगों को हिदायत देते हुए घरेलू गैस-सिलेंडर न जलाने का आग्रह किया। फिर विस्फोट होने की आशंका पर दमकल और पुलिस टीम ने सड़क से केमिकल को धुलवा दिया।

**गोरखपुर से कानपुर जा रहा था टैंकर**-प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, हरदोई जनपद निवासी टैंकर चालक अनूप गोरखपुर से एथेनॉल भरवा कर कानपुर नगर जा रहा था। रविवार तड़के तकरीबन पांच बजे चालक शांतिनगर के समीप पहुंचा, तो इस बीच उसका संतुलन बिगड़ गया। कुछ ही पल में टैंकर अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट गया। टैंकर पलटने से हजारों लीटर एथेनॉल सड़क पर फैलने गया। आनन-फानन लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम के अलावा दमकल विभाग को सूचना दी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर सरोजनीनगर फायर स्टेशन से फौरन दमकल कर्मी अग्निशमन की गाड़ियों को लेकर पहुंचे।

जेसीबी की मदद से पलटे टैंकर को किया गया सीधा व मौके पर मौजूद अग्निशमन कर्मी।

**लोगों ने राहत भरी ली सांस**-सरोजनीनगर फायर स्टेशन के प्रभारी अधिकारी सुमित कुमार सिंह ने बताया की एथेनॉल बहुत ही ज्वलनशील पदार्थ है। अगर जरा सा भी लापरवाही की जाती तो एथेनॉल से टैंकर में बहुत बड़ा ब्लास्ट होने के साथ ही बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। फिलहाल दमकल कर्मियों और पुलिस की सूझबूझ से बड़ा हादसा होते-होते बचा लिया गया। वहीं इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। हालांकि यातायात रोकने से कुछ देर के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, लेकिन टैंकर हटाने के बाद सड़क का आवागमन सुचारु कर दिया गया। वहीं इस घटना में टैंकर चालकअनूप बाल-बाल बच गया।

### बंद कराई गई विद्युत सप्लाई

जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर मुख्य शमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार भी पहुंचे। इस दौरान पुलिस के सहयोग से दमकल कर्मियों ने घटनास्थल के आसपास एकत्र हुई भीड़ को तत्काल हटाया। फिर विस्फोट होने की आशंका पर दमकल कर्मियों ने क्षेत्र की विद्युत सप्लाई तुरन्त बंद कराई। इसके अलावा नजदीकी घरों में पहुंचकर लोगों से घरों से खाली करने और घरेलू गैस सिलेंडर न जलाने की भी हिदायत दी। सीएफओ ने बताया कि लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान वन-वे किया गया। इसके बाद पुलिस की सहायता ने दमकल कर्मियों ने फौरन पानी की बौछार कर सड़क पर फैले एथेनॉल को साफ किया। उसके बाद क्रेन की मदद से टैंकर को सड़क किनारे खड़ा कराया गया। कई घंटों तक चले रेस्क्यू के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### पति से विवाद के बाद फंदे से लटका मिला महिला का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाका इलाके में पति से हुये विवाद से क्षुब्ध होकर महिला ने फंदा लगा कर जान दे दी। मायके वालों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। थाना अंतर्गत गणेशगंज निवासी अर्चना पांडे (32) का पति कृष्ण मोहन से शनिवार रात घरेलू बातों को लेकर विवाद हो गया था। पति ने बताया कि कहा सुनी के बाद वह घर से चला गया था। कुछ देर बाद लौटा तो कमरे में फंदा से पत्नी लटकी मिली। आनन-फानन उसे फंदे से उतार कर ट्रॉमा सेंटर ले गया। जहां डॉक्टरों ने अर्चना को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर नाका ने बताया रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# कस्टम इंस्पेक्टर पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 लाख व कार की मांग पूरी न होने पर पत्नी को दी छोड़ने की धमकी
- गुडम्बा पुलिस मामले की जांच में जुटी, फतेहपुर का रहने वाला है इंस्पेक्टर

**अमृत विचार:** कस्टम इंस्पेक्टर पति द्वारा दहेज में 10 लाख रुपये व कार की मांग पूरी नहीं होने पर पत्नी को प्रताड़ित कर छोड़ने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर गुड़म्बा पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आदिल नगर निवासी महिला ने बताया 24 फरवरी 2014 में उनका विवाह फतेहपुर के मोमिनपुर गांव निवासी कस्टम इंस्पेक्टर जय कुमार के साथ हुआ था। वर्तमाल में जय गौतम बुद्ध नगर में तैनात हैं। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज में दस लाख व एसयूवी मांगने लगे। मांग पूरी न होने पर मार पीट की। पति ने जबरन गर्भपात करा दिया। परेशान हो कर मायके पहुंची। 18 जून 2019 में बेटा हुआ। पिता ने जय से साथ में रखने को कहा तो दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर महिला को छोड़ने की धमकी देने लगा। इससे प्रताड़ित होकर पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगायी।

# स्कार्पियो न मिलने पर शादी से मुकरा दूल्हा

संवाददाता, मलिहाबाद

- गोद भराई से पहले फोन कर कहा मैं शादी नहीं कर सकता
- दुल्हन की मां ने दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** दहेज में स्कार्पियो की मांग पूरी न करने पर गोदभराई से एक दिन पूर्व दूल्हे ने रिश्ता तोड़ दिया। लड़की पक्ष ने बातचीत कर मसला हल करने का आग्रह किया तब दूल्हे और उसके परिवारिक सदस्यों ने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद दुल्हन की मां ने वर पक्ष के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

**फोन उठाना भी बंद किया**-मलिहाबाद प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक क्षेत्र की रहने वाली महिला ने ठाकुरगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत माधवपुर बेगरिया निवासी सरोज और उसके परिवारिक सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि उसने अपनी बेटी का रिश्ता सरोज के साथ तय किया था। गत 17 दिसम्बर को सगाई हो चुकी थी। 26 जनवरी को गोदभराई की रस्म के बाद तिलक का कार्यक्रम आयोजित होना था। महिला का आरोप है कि गत 25 जनवरी को शाम करीब 4 बजे सरोज ने उन्हें कॉल कर दहेज में स्कॉर्पियों देने की मांग की। यह सुनकर महिला के होश उड़ गए। महिला ने स्कॉर्पियों के लिए असहमति जताई तब दूल्हे ने बरात न लाने की बात कहकर फोन काट दिया। महिला का कहना है उसने वर पक्ष से बातचीत कर मसला हल करने का भी प्रयास किया, लेकिन लड़के वालों ने फोन नहीं उठाया।

### बंट चुके थे शादी के कार्ड

नाते-रिश्तेदारों में बेटी की शादी के कार्ड भी बांट दिए गए थे। इसके अलावा उसने गेस्ट हाउस व हलवाई आदि बुक कर रुपयों का भुगतान भी कर दिया है। 25 जनवरी दूल्हे का फोन आया और कहा कि वो ये शादी नहीं कर सकता। महिला के पूछे जाने पर कहा कि उसे स्कार्पियो चाहिए। आप बात आगे बढ़ाते हो तो ठीक है, वरना शादी रद करते हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सरोज, मनोज, विपिन, संतोष को नामजद किया है।

# पारिवारिक विवाद में बहू और ससुर के बीच हाथापाई

संवाददाता, सरोजनीनगर

- दोनों पक्षों की तरफ से पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** बंथरा कस्बे में पारिवारिक विवाद के चलते बहू और ससुर के बीच हाथापाई हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक हेमंत राघव के मुताबिक, मूलरूप से प्रतापगढ़ जनपद के पिपरी खालसा निवासी तान्या की शादी जून 2023 में शौर्य मिश्रा से हुई थी। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि गत 26 जनवरी की रात करीब साढ़े 8 बजे वह दोस्त अमर सिंह चौहान को लेकर बंथरा स्थित ससुराल पहुंची। आरोप है कि उसे देखकर ससुराल वालों ने दोस्त के संग उसे भी पीट दिया। वहीं, महिला के ससुर पवन मिश्र का कहना है कि बहू का आचरण ठीक न होने पर उसे बेदखल कर दिया गया। आरोप है कि गत 26 जनवरी की शाम बहू दोस्त अमर सिंह और तीन अज्ञात लोगों के संग उनके घर पहुंची। जहां गाली-गलौज कर परिवारिक सदस्यों से हाथापाई करने लगी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला परिवारिक विवाद से जुड़ा है।

लखनऊ व्यापार मंडल की आम सभा की बैठक के दौरान मौजूद व्यापारी नेता। अमृत विचार

# त्योहार से पहले हो खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ व्यापार मंडल की आम सभा बैठक रविवार को ऐशबाग में मवइया ओवर ब्रिज के पास स्थित कार्यालय में दोपहर 12 बजे अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। अध्यक्ष ने व्यापारियों को अंग वस्त्र एवं गुलाब देकर और वरिष्ठजनों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ के साथ अयोध्या के राम मन्दिर का चित्र देकर सम्मानित किया। बैठक में व्यापारियों ने खाद्य विभाग, नगर निगम, जीएसटी आदि विभागों की समस्या को प्रमुखता से उठाया।

व्यापारी ललित तिवारी ने बताया कि त्योहार आने पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सैम्पलिंग करने लगता है। रिपोर्ट छह महीने बाद आती है। इसलिए त्योहार से पहले समय रहते सैम्पलिंग होनी चाहिए। तालकटोरा रोड व्यापार मण्डल की अध्यक्ष सुरेश कुमारी ने लीज की दुकानों का किराया न जमा करने की समस्या बताई। जीएसटी से सम्बंधित नोटिस पर अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि पोर्टल पर कुछ विसंगतियां हैं, इनका मिलान कर ऑनलाइन जवाब दे दिया जाता है, जिससे नोटिस समाप्त हो जाती है। बैठक में प्रान्तीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल, चेयरमैन राजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, संसदीय महामंत्री विनोद अग्रवाल, महामंत्री अनुराग मिश्र, अभिषेक खरे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाइक से निकला था छात्र, देवां रोड पर वाहन ने मारी टक्कर

**अमृत विचार :** प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे पीएसी कांस्टेबल के बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गयी। वह किसी काम से घर से बाइक से निकला था। चिनहट इलाके में देवा रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

चिनहट थाना अंतर्गत सनातन नगर निवासी अंशुमन शंकर गौतम (24) प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। पिता शिवकुमार गौतम पीएसी के कांस्टेबल हैं। वह रिजर्व लाइन में तैनात हैं। चाचा शिव शंकर ने बताया शनिवार देर रात अंशुमन बाइक से चिनहट देवा रोड पर पेट्रोल पंप के पास जा रहा था। इसी दौरान वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया परिजन की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है। अंशुमान के परिवार में पिता के अलावा, मां अनीता व दो बहनें हैं। बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# घायल डिलीवरी ब्वॉय की इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई इलाके में रहने वाले डिलीवरी ब्वॉय की इलाज के दौरान एक सप्ताह बाद मौत हो गयी। दोस्त शाश्वत ने बताया मूलतः मध्य प्रदेश के रीवा निवासी आशीष मिश्रा (22) तेलीबाग में किराये के मकान में रह एक कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करके अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करता था। पिछले रविवार को काम के सिलसिले में स्कूटी से जाते समय तेली बाग में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां शनिवार देर रात उनकी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

मोहनलालगंज इलाके में घूमते छुट्टा जानवर। अमृत विचार

### ग्राम प्रधान ने छुट्टा जानवरों को गोशाला भिजवाया

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** किसानों के लिए आफत बने छुट्टा जानवरों को भौन्दरी ग्राम प्रधान ने पकड़वाकर गौशाला भेज दिया। भौन्दरी ग्राम देवेन्द्र सिंह ने बताया कि छुट्टा जानवर क्षेत्र में किसानों के लिए मुसीबत बन गए हैं। किसान फसल बचाने के लिए खेतों में छप्पर डाल कर रखवाली करने को मजबूर हैं। बीते कई दिनों से ग्रामीण छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने की मांग कर रहे थे। इस पर ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह ने रविवार को ग्रामीणों की मदद से करीब एक दर्जन छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोविंदपुर गौशाला भेज दिया।

### लोडर चालक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज के कनकहा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में लोडर चालक संतोष कुमार (44) की मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अलोक राव के मुताबिक, एटा के मिरहची थानाक्षेत्र अन्तर्गत चांटी गांव निवासी संतोष गौतमबुद्धनगर की ट्रांसपोर्ट कंपनी में चालक था। शनिवार रात 11 बजे वह केरल से माल डिलवरी कर लोडर लेकर गौतमबुद्धनगर जा रहा था। कनकहा के समीप हाइवे किनारे वह लोडर खड़ा कर ढाबे चाय पीने लगा। इसी बीच वह गश खाकर गिर पड़ा। अचेत अवस्था में उसे नजदीकी सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों और लोडर मालिक को फोन पर घटना की जानकारी दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थानाक्षेत्र से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए सम्बन्धित थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, चंद्रोदय नगर देवपुर निवासी वंदना देवी ने पति संतोष कुमार की गुमशुदगी दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि गत 26 जनवरी की शाम पति घर से बालामऊ जाने के लिए निकले थे, लेकिन वहां अभी तक नहीं पहुंचे। संपर्क करने पर मोबाइल बंद जाने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सर्विलांस की मदद से गुमशुदा की तलाश की जा रही है।

### घर के बाहर बंधीं भैंस खोल ले गए चोर

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी थानाक्षेत्र के गोहरामऊ गांव निवासी आशीष कुमार यादव ने बताया कि गत 24 जनवरी की देर रात लगभग 11 बजे वह घर के बाहर बंधी दो भैंसों को चारा देने गए थे। सुबह करीब 6 बजे वह बाहर पहुंचे तब उन्हें खूंटे में बंधी दोनों भैसें गायब मिली। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। बावजूद इसके चोरों का सुराग नहीं मिला। हालांकि, पीड़ित की लिखित शिकायत पर काकोरी पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### वन विभाग की लापरवाही से उजाड़ी जा रही हरियाली

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी क्षेत्र में अवैध रूप से हरे भरे पेड़ों पर लकड़कट्टों का आरा चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह अवैध कटान वन विभाग के संरक्षण में हो रही है। बीते दिनों कठिंगरा, अमेठिया सलेमपुर, काकोरी कस्बा के बिगहूं रोड़ इमामबाग स्थित बनी बाउंड्री वॉल के अंदर लगे 10 आम के पेड़ों को काट कर दिया गया। जब इस संबंध में दुबग्गा वन रेंजर सोनम दीक्षित से बातचीत करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा।

### कार पर पथराव कर दंपति को दी धमकी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थानाक्षेत्र अन्तर्गत परवर पश्चिम निवासी उमेश कुमार यादव ने बल सिंह खेड़ा निवासी रामकुमार, विनय, विकास और विशाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि गत 19 जनवरी की देर शाम करीब 7 :45 बजे पत्नी रीता बेटे बेटे शिवा और शुभम के साथ कार से घर के पास पहुंचा। इसी बीच आरोपियों ने उनकी कार पर ईंट फेंक दी। विरोध करने विपक्षी मारपीट कर धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले।

### धमकी देकर जबरन लोडर ले जाने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी पद का दुरुप्रयोग कर धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने डीसीपी उत्तरी को प्रार्थना पत्र देकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गुड़म्बा थाने अंतर्गत गुड़ियन पुरवा निवासी अर्पित निगम ने बताया वह लोडर चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। 26 जनवरी को पहाड़पुर चौराहा के समीप लोडर खड़ा किया था। इसी दौरान दो पुलिस कर्मी पहुंचे, धमकाते हुये कैसरबाग चलने का कहा। एक पुलिसकर्मी लोडर में जबरन बैठ गया और यूनिटी सिटी चौराहा तक ले गया। इसके बाद गुड़म्बा चलने को कहा, रास्ते में डीजल समाप्त हो गया। पुलिसकर्मियों से भरवाने को कहा तो लोडर सीज करने की धमकी दी।

# नशे की लत पूरी करने के लिए लूट करने वाले दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी पूर्वी ने लूट की दो घटनाओं का किया खुलासा

**अमृत विचार:** नशे की लत पूरा करने के लिये लोगों से लूट करने वाले दो आरोपियों को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव ने रविवार को लूट की वारदात का खुलासा किया।

डीसीपी ने बताया कि गोमतीनगर इलाके में 16 जनवरी को विवेक खंड निवासी प्रिया विश्वकर्मा से अभिषेक पार्क के समीप बाइक सवार बदमाशों ने 20 हजार रुपये, मोबाइल व अन्य सामान लूट लिया था। वहीं 22 जनवरी को कौशलपुरी निवासी अंसिका सिंह स्कूटी से मां के संग बैंक जा रहीं थी। इसी दौरान पीछे बैठी मां के हाथ से एक बाइक से आये दो बदमाश पर्स लूट ले गये थे। जिसमें 62,500 रुपये व मोबाइल था।

बाइक के नंबर के आधार पर पुलिस टीमों ने तरुण व शिवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो लूट का जुर्म कबूल कर लिया। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 25 हजार रुपये, बाइक व मोबाइल बरामद किया है। आरोपी नशे का शौक पूरा करने के लिये लूट करते थे। कहा दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# सब इंस्पेक्टर पर गुमराह करने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** ससुरालवालों ने प्रताड़ित कर महिला को घर से निकाल दिया। लिखित शिकायत के बाद भी गोमतीनगर और हजरतगंज महिला थाने के सब इंस्पेक्टर कार्रवाई का आश्वासन देकर दो माह गुमराह करते रहे। जेसीपी के निर्देश पर कृष्णानगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध, आकाश कुलहरि को कृष्णानगर इलाके के आशुतोष नगर निवासी सुमन श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र दिया। बताया उन्होंने बेटी नेहा का विवाह दो वर्ष पहले विराट खंड निवासी विजित ज्ञान से किया था। 13 नवंबर 2023 को पति समेत अन्य ने नेहा को जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस समझौता करा कर चली गयी। अगले दिन ससुरालवालों ने घर से निकाल दिया। 14 नवंबर को बेटी ने गोमतीनगर थाने में ससुरालवालों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया। सब इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने कार्रवाई की बात कह चलता कर दिया। दोबारा सब इंस्पेक्टर से संपर्क किया तो मामला जिला विधिक प्राधिकरण भेजने की बात कह फिर टरका दिया। दो माह बाद भी न प्राधिकरण से बुलावा आया न ही थाने से। 6 जनवरी 2024 को हजरतगंज महिला थाने के सब इंस्पेक्टर संजय पाठक ने काल कर बताया कि 19 दिसंबर को मामले की नोटिस मिली थी। आपका नंबर नेटवर्क में नहीं था, 8 जनवरी को मेडिटेशन के लिये आना है। जब वह पहुंची तो सुनवाई किये बिना प्राधिकरण की स्लिप थमाकर चलता कर दिया। पीड़िता की मां ने दो माह से थाना पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुये, उन्हें चक्कर लगवाने का आरोप लगाया है। जेसीपी के निर्देश पर कृष्णानगर कोतवाली में आरोपी सास निर्मला श्रीवास्तव और ननद प्रतिमा ज्ञान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। इंस्पेक्टर जीतेंद्र प्रताप सिंह ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्रोफेसर समेत चार के खातों से उड़ाए 2.96 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आशियाना, गाजीपुर, गोमतीनगर और सरोजनी नगर में एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार :** साइबर अपराधियों ने प्रोफेसर समेत चार के खातों से 2.96 लाख रुपए उड़ा लिए।

आशियाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर सार्तिक के खाते से 49,500 रुपए निकल गए। वहीं, इंदिरानगर के हरीनगर निवासी राजेंद्र पांडेय को जालसाज ने बातों के फंसाकर खाते से दो बार में 19,293 रुपए पार कर दिए। उधर, विनीत खंड -2 निवासी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले अनजान नंबर से कॉल आई। जालसाज ने क्रेडिट कार्ड कर्मी बनकर 91,168 रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके अलावा मूल रूप से मुजफ्फरनगर निवासी अरविंद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सनराइज अपार्टमेंट में रहते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर जालसाज ने क्लोन बनाकर दो खातों से 1,36,300 रुपए गायब कर दिए। पीड़ित ने बैंक में शिकायत करने के बाद सरोजनीनगर थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**बुरा हाल** मोहनलालगंज तहसील में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

# एसडीएम कार्यालय के सामने सीवर टैंक से बह रहा गंदा पानी

- शिकायत के बावजूद नहीं बदल रहे तहसील परिसर के हालात

संवाददाता, मोहनलालगंज

**अमृत विचार :** राजधानी की चौखट पर मौजूद मोहनलालगंज तहसील में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। एसडीएम कार्यालय के सामने सीवर टैंक से गंदा पानी बह रहा है। हादसे को दावत देते बिजली के खुले बोर्डों से लेकर शौचालयों तक बदइंतजामी हावी नजर आ रही है। सफाई व्यवस्था भी लापरवाही की भेंट चढ़ चुकी है। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार तहसील परिसर की तस्वीर बदलने को लेकर संजीदा नही हैं। पेश है एक रिपोर्ट :-



### खुले बिजली के बोर्ड हादसे को दे रहे दावत

परिसर की सफाई व्यवस्था भी लापरवाही की भेंट चढ़ चुकी है। ग्राउंड फ्लोर से लेकर रजिस्ट्री ऑफिस और चकबन्दी न्यायालय तक करीब आधा दर्जन लगे बिजली के बोर्ड खुले पड़े है। यहां किसी भी बोर्ड में ढक्कन नहीं लगा है और न ही तारो में टेपिंग की गई है।

### निकलना मुश्किल

लापरवाही की ये बानगी है कि उपजिलाधिकारी कार्यालय के ठीक सामने सीवर टैंक का पानी बह रहा है जिसके चलते दिनभर आसपास बदबू बनी रहती है। लोगों ने बताया कि यहां से गुजरना दूभर हो गया है। वहीं बगल में ही सीवर टैंक का मुख्य ढक्कन टूटा पड़ा है। इसमे कभी भी कोई गिर सकता है।

### शौचालय में लटक रहा ताला

ये विडम्बना है कि परिसर में आमजन के लिए शौचालय तो बना है लेकिन महिला व पुरुष शौचालय में ताला लटका हुआ। सबसे बड़ी समस्या उन महिलाओं के लिए है जो रजिस्ट्री कराने आती है। उन्हें शौच जाने के लिए पुरुषों के लिए बने पेशाब घर में जाना मजबूरी बनी हुई है।

### लापरवाही : टूट गया छज्जा

देखरेख के अभाव में तहसील के पहली मंजिल में बना छज्जा कई फिट टूट गया है जिसके चलते उससे सरिया बाहर निकली हुई है। मरम्मत न होने से उसके आगे के छज्जे में भी बड़ी दरारें पड़ने लगी है। चकबन्दी न्यायालय के पास बिल्डिंग में लगे शीशे टूटे है उन्हें बनवाने की आज तक प्रशासन ने ध्यान नही दिया। टूटे शीशे से न्यायालय में आने वाले लोग कभी भी हादसे का शिकार हो सकते है।

उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद ने बताया कि सीवर में यदि कहीं लीकेज है तो उसे ठीक कराया जाएगा। वहीं तहसीलदार आनन्द कुमार तिवारी से फोन पर सम्पर्क नही हो पाया।

# किराए पर कमरा देखने गई दो बहनों से दुष्कर्म का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव थानाक्षेत्र अन्तर्गत केशवनगर फैजुल्लागंज में किराए पर कमरा देखने गई दो बहनों को ब्रोकर के साथियों ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। होश में आने पर दोनों बहनों ने विरोध किया तब आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर उन्हें धमकाया। हालांकि, इस मामले में पीड़ित बहनों ने मड़ियांव कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। बावजूद इसके पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। पीड़ितों ने संयुक्त पुलिस आयुक्त समेत राज्य महिला आयोग, मुख्यमंत्री एवं गृह सचिव से मदद की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### चंडीगढ़, मध्य प्रदेश और असम ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्य प्रदेश, चंडीगढ़ और असम ने अंडर-23 राष्ट्रीय महिला वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक हासिल किए। मध्य प्रदेश ने बिहार को 59, चंडीगढ़ ने केरल को 98 और असम ने महाराष्ट्र को सात रन से पराजित किया। खराब मौसम के चलते तीनों मुकाबले कम ओवर के हुए।

### राम जीवन का आरंभ हैं और अंतिम सत्य भी : ध्रुव चैतन्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुबोधानंद फाउंडेशन ने स्वामी ध्रुव चैतन्य सरस्वती द्वारा शबरी के राम विषय पर गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में रविवार को ज्ञान यज्ञ शुरू किया। उद्घाटन सत्र में प्रवचन करते हुए स्वामी ध्रुव चैतन्य सरस्वती ने कहा कि राम हमारी चेतना हैं, वो हमारे प्राण और सनातन वैदिक संस्कृति की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में राम हैं कौन यही जीवन का एक शाश्वत प्रश्न है। राम जीवन का प्रारंभ हैं तो राम ही जीवन का अंतिम सत्य भी हैं। जिसने इस प्रश्न को हल कर लिया उसने अमर जीवन में प्रवेश कर लिया।

### बच्चों की प्रतिभा से रोशन हुआ उत्तर प्रदेश महोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम में चल रहे उत्तर प्रदेश महोत्सव में एडी डांस अकादमी एंड कोचिंग की डायरेक्टर प्रीति मिश्रा और पल्लवी शुक्ला के निर्देशन में बच्चों ने अलग-अलग गानों पर नृत्य किया। सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष व महोत्सव आयोजक डॉ. अमित सक्सेना, इप्सम डायग्नोस्टिक्स के निदेशक डॉ. वैभव प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार गौर, सुष्मित शर्मा, उमेश श्रीवास्तव आईपीएस (सेवा निवृत्त) आदि मौजूद रहे।

रविवार को कैंट स्थित लखनऊ रेस कोर्स में प्रतिभाग करते घुड़सवार। अमृत विचार

रविवार को लखनऊ रेस कोर्स में प्रतियोगिता के दौरान ट्रैक पर दौड़तीं विंटेज कारें। अमृत विचार

# अमर हबीबुल्लाह का विजयस ज्वॉय फिर बना चैंपियन

## रेसकोर्स में आयोजित की गई दूसरी घुड़दौड़ प्रतियोगिता, चमचमाती विंटेज कारों ने भी बिखेरा जलवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कोहरा और ठंड भी घुड़दौड़ के शौकीनों को रेसकोर्स पहुंचने से नहीं रोक सकी। रविवार को कैंट स्थित लखनऊ रेस कोर्स में सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई। जॉकी जहां अपने घोड़े को तैयार कर रहे थे, वहीं विंटेज कारों के मालिक अपनी कार का इतिहास लोगों को बताते दिखे।

लखनऊ रेस कोर्स में इस सीजन की दूसरी रेस आयोजित की गई। थॉरोब्रीड की रेस आयोजित करने के लिए जैसे ही घोषणा की गई, लोग ट्रैक के किनारे जमा हो गए। जैसे ही रेस शुरू करने के लिए इशारा हुआ तो दर्शकों का रोमांच दोगुना हो गया।

लखनऊ रेस कोर्स में घुड़सवारी को देखकर आनंद लेतीं महिलाएं व युवतियां। अमृत विचार

धूल के उड़ते गुबार को चीरते हुए जैसे ही घोड़े और जॉकी सामने आए, दर्शक उत्साहित होकर उन्हें आवाज देने लगे। डॉर्क टाइगर, हार्टी के साथ ही अपने पसंदीदा घोड़े को आवाज लगाते रहे। लेकिन विजयस ज्वॉय के सामने सभी की चाल धरी रह गई। पलक झपकते हवा से बाते करते हुए विजयस ज्वाय ने फिनिशिंग लाइन पार की और चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

**▸▸ विजयस ज्वॉय के सामने सभी की चाल रह गई धीमी**

सराका कप पर कब्जा करने वाले विजयस ज्वाय ने यह दूसरी रेस जीती। इससे पहले 17 दिसंबर को हुई रेस में भी विजयस ज्वाय चैंपियन बना था। अमर हबीबुल्लाह के विजयस ज्वाय के चैंपियन बनते ही सभी ने घोड़े की शानदार रफ्तार के कसीदे पढ़े। दूसरे नंबर पर जेएन माथुर का कोल हार्टी रहा। तीसरा स्थान भी जेएन माथुर के डार्क टाइगर को मिला। घुड़दौड़ के बाद घोड़े के मालिकों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### विंटेज कारों के साथ सेल्फी को उमड़े दर्शक

रेस कोर्स में एक बार फिर उम्रदराज कारें जलवा बिखरेती नजर आईं। इनकी चाल ने दर्शकों का दिल जीत लिया। आकर्षक और चमचमाती इन पुरानी कारों के साथ सेल्फी लेने से दर्शक खुद को रोक नहीं सके। इन कारों के मालिकों से दर्शक उनके पुराने इतिहास की जानकारी ले रहे थे। कोई कार 90 वर्ष पुरानी थी तो कोई 110 वर्ष। कार मालिकों ने बताया कि इन कारों की मेंटीनेंस आसान नहीं है। इनके मॉडल बंद हो जाने से इनका सामान नहीं मिलता है। जुगाड़ से इन कारों का रखरखाव किया जा रहा है। विंटेज कार रखने वाले अधिकांश लोग अपने परिवार के साथ इस समारोह में दिखाई पड़े।

### फैशन का जलवा

रेसकोर्स में फैशन का जलवा भी देखने को मिला। आकर्षक ड्रेस कॉम्पटीशन में महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। बेस्ट हैट और बेस्ट कपल कम्पटीशन भी आकर्षण का केंद्र रहा।

- बेस्ट ड्रेस कम्पटीशन के परिणाम
- बेस्ट ड्रेस्ड (पुरुष)- ए.ए. खान
- बेस्ट ड्रेस्ड (महिला)- शिखा खान
- मेड फॉर ईच अदर-रैना और ध्रुव

### घुड़दौड़ प्रतियोगिता का परिणाम

**थॉरोब्रीड**

1. अमर हबीबुल्लाह का विजयस ज्वाय बना विजेता, 10 हजार रुपये पुरस्कार, जॉकी- मो .इस्लाम
2. जेएन माथुर का कोल हार्टी बना उपजेता, 7000 रुपये का पुरस्कार, जॉकी- सूरज रावत
3. जेएन माथुर का डार्क टाइगर तीसरे स्थान पर, 4000 रुपये का नकद पुरस्कार, जॉकी-विशाल

**इंडियनब्रीड रेस**

1. कैप्टन रूप सिंह का रुद्रा बना विजेता, 5000 रुपये का पुरस्कार, जॉकी-हर्ष
2. सिकंदर सिद्दीकी की नाइट क्वीन बनी उपविजेता, 3000 रुपये का पुरस्कार, जॉकी-मिराज
3. मो. अब्दुल्लाह का बुराक को तीसरा स्थान, 2000 रुपये का पुरस्कार, जॉकी-अरविंद तिवारी

विंटेज कार शो में हिस्सा लेते प्रतिभागी व शो को देखने उमड़ी भीड़। अमृत विचार

रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्राई साइकिल के साथ दिव्यांग, साथ में अन्य।

# चार दिव्यांगों को ट्राई साइकिल और रक्तदाताओं को दधीची सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सामाजिक संस्था सर्वजन हिताय सेवा एवं जागरण संस्थान ने गांधी भवन के संग्रहालय सभागार में रविवार को अपना 24वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया। इस मौके पर संस्था ने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, निराश्रित महिलाओं को सिलाई मशीन और रक्तदान करने वालों को दधीची सम्मान से अलंकृत किया। इस समारोह में चार दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, तीन निर्धन महिलाओं को आजीविका चलाने के लिए सिलाई मशीनें, रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाने वाले दो विशेष रक्तदाताओं को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह देकर दधीची सम्मान से अलंकृत किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले

**▸▸ आजीविका चलाने के लिए तीन महिलाओं को दी गई सिलाई मशीन**

जितेन्द्र द्विवेदी और देवी प्रसाद अवस्थी को सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। पूर्व डीजीपी महेश चन्द्र द्विवेदी इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। संस्था के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेन्द्र निगम ने सम्मान समारोह की अध्यक्षता की। इस मौके पर जीके सेठ, डॉ. अशोक शर्मा, अवधेश कुमार सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, राजीव वर्मा वत्सल, अर्जुन लाल सोनकर, शांतनु पाण्डेय, जितेन्द्र मिश्र भास्वर, शिवशंकर पाण्डेय, श्रीकृष्ण द्विवेदी, अमरनाथ त्रिपाठी, प्रेमलता त्रिपाठी, नवीन बैसवारी, राजकिशोर त्रिवेदी, ज्ञानेंद्र दत्त शुक्ल और मनोज कुमार दीक्षित भी मौजूद रहे।

## लखनऊ के विराट ने जीता पहला स्वर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** विराट, जैन अली, दीपांशु ने चतुर्थ भारत रत्न स्व.अटल बिहारी बाजपेई स्मारक राज्य ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता के पहले दिन स्वर्ण पदक जीते। पहला स्वर्ण लखनऊ के विराट ने सब जूनियर अंडर 21 कि ग्रा और जैन अली ने ने सब जूनियर अंडर 18 किग्रा भार वर्ग में जीता।

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ की देखरेख में लखनऊ जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा आयोजित केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू और वी के साहू ने स्व.अटल बिहारी बाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद शैलेश कुमार शैलू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता महासचिवराज कुमार ने की तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के 430 खिलाड़ी भाग ले रहे है। पहले दिन विराट ने सब जूनियर अंडर 21 किग्रा तथा जैन अली तथा सब जूनियर अंडर 18 कि ग्रा भार वर्ग में ने स्वर्ण पदक जीते।

# एच. राजप्पा, भीमप्पा और एसएस रंजीथ ने पहले दिन जीते स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केपीटीसीएल के एच. राजप्पा, भीमप्पा और एसएस रंजीथ ने उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर की देखरेख में आयोजित 45वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता के पहले दिन पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल दबदबा बनाया। पहले दिन तीन भार वर्गों का फैसला हुआ, जिसमें मेजबान यूपी पावर सेक्टर के संदीप कुमार यादव ने 66 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के वेटलिफ्टिंग हॉल में शुरू हुई इस प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार को मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ हार-जीत के लिए नहीं खेला जाता है। इससे उत्पन्न खेल भावना आपकों कार्य क्षेत्र में दायित्वों के निर्वहन में भी सहायक होती है। साथ ही खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी का पद प्रदान किया।

इस अवसर पर प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष केबी सिंह (निदेशक, कार्मिक प्रबंधन व प्रशासन), जीडी

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम के साथ ऊर्जा मंत्री एके शर्मा। अमृत विचार

**▸▸ ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन**

द्विवेदी (निदेशक वितरण), सीपी यादव (अपर सचिव), शमशाद अहमद (अपर सचिव), वीके मिश्रा, राजकुमार रस्तोगी, अनिल निगम, आरएन पाल, जावेद मंसूरी, सीके वर्मा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और विद्युत विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

पहले दिन 59 किग्रा भार वर्ग में केपीटीसीएल के एच. राजप्पा ने 500 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण जीता। छत्तीसगढ़ के राजकुमार पाटकर ने 370 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। आसाम के सुमन दास को 155 किग्रा टोटल के साथ कांस्य पदक मिला। 66 किग्रा भार वर्ग में केपीटीसीएल के भीमप्पा ने 485 किग्रा टोटल वजन उठाते हुए स्वर्ण जीता। छत्तीसगढ़ के बलराम वस्त्राकर ने 460 किग्रा टोटल वजन उठाकर रजत व यूपी पावर सेक्टर के संदीप कुमार यादव ने 395 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

74 किग्रा भार वर्ग में केपीटीसीएल के रंजीथ एसएस ने 535 किग्रा वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ के तिजुराम नेतम ने 505 किग्रा वजन उठाकर रजत व तेलंगाना के सी.तिरुसेलम ने 425 किग्रा वजन उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

**आवश्यकता है**

**ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**

(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, (उ.प्र.)

प्राचार्य – 01 पद

प्रवक्ता – (स्नातक/ परास्नातक स्तर पर) हिन्दी – 05 पद, संस्कृत 03 पद, अर्थशास्त्र 01 पद ,अंग्रेजी 03 पद ,समाजशास्त्र 05 पद , शिक्षाशास्त्र 05 पद , राजनीति विज्ञान 05 पद, गृह विज्ञान 05 पद , प्राचीन इतिहास 05 पद , भूगोल 05 पद , भौतिक विज्ञान 05 पद , रसायन विज्ञान 05 पद , गणित 05 पद , जन्तु विज्ञान 05 पद , वनस्पति विज्ञान 05 पद

योग्यता – उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./ उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार वेतनमान –उ.प्र.शासन के मानकानुसार देय होगा।

नोट– इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।

अध्यक्ष
ज्वाला देवी
स्नातकोत्तर महाविद्यालय रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़
सम्पर्क सूत्र – 8765312453,9532071072

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल लोहियावादी समता पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय–539क/146 कसैला संजय गाँधीपुरम फैजाबाद रोड लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पार्टी के पदाधिकारियों के नाम /पता नीचे दिए गये हैं :–अध्यक्ष: मिथलेश सिंह, 539क/159/2 कसैला संजय गाँधीपुरम फैजाबाद रोड लखनऊ । महासचिव: अमित विक्रम सिंह 97 रामपुर कसिहा सलौन रायबरेली। कोषाध्यक्ष: नरेश पाल सिंह, ग्राम व पोस्ट जुनिहा फतेहपुर। यदि किसी को लोहियावादी समता पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल शिक्षित समाज पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय–96 सी0/6सी0 लेन 23 विष्णुपुरी कालोनी पनघटपुल प्रयागराज में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पार्टी के पदाधिकारियों के नाम /पता नीचे दिए गये हैं :–अध्यक्ष: अखिलेश त्रिपाठी, 7 आर/2/10 गोविन्द्रपुर प्रयागराज । उपाध्यक्ष: सुरेश बहादुर, ओम गायत्री नगर तेलियारगंज प्रयागराज । महासचिव: प्रवीण कुमार सोनी वार्ड सं0–8 निकट डाक बंगला बेल्थरा रोड बलिया। कोषाध्यक्ष: अभिषेक पाठक 96 सी0/6सी0 लेन 23 विष्णापुर कालोनी पोंघट पुल प्रयागराज। यदि किसी को शिक्षित समाज पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

## सार-संक्षेप

### महर्षि विद्या मंदिर में संपन्न हुआ पुरातन छात्र समागम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में पुरातन छात्र समागम रविवार को आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में देश-विदेश से सम्मिलित हुए सैकड़ो विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। समागम की शुरुआत विद्या मंदिर के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन करके किया। प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव ने अध्यक्ष सहित सभी पूर्व छात्रों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम सिंह ने कहा कि आज विद्यालय के लिए सौभाग्य का दिन है कि विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर यह छात्र भारतवर्ष ही नहीं अपितु अन्य देशों में महर्षि महेश योगी संस्थान की दी हुई शिक्षा प्राप्त कर हम सब का नाम रोशन कर रहे हैं। महर्षि एलुमिनाई वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप अवस्थी, सचिव एवं अन्य सदस्यों ने विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने के दौरान हुए अनुभवों को साझा किया। गुरु शिष्य समागम में सम्मिलित सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया और एक दूसरे से मिलकर पुरानी यादों को ताजा किया। विद्यालय के अध्यक्ष अजय प्रकाश को पूर्व छात्र 1991 बैच के हेड बॉय अनिल सिंह ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ पहनाकर सम्मानित किया।

विधानसभा के सामने से निकाली जा रही संविधान रथ यात्रा में शामिल डॉ. अम्बेडकर संवैधानिक महासंघ के पदाधिकारी एवं सदस्य। अमृत विचार

### विधानसभा के सामने से 75 संविधान रथ रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. आंबेडकर संवैधानिक महासंघ के तत्वावधान में विधानसभा के सामने से 75 संविधान रथ रवाना किए गए। पदमश्री प्रोफेसर यसयन कुरील, पूर्व न्यायिक मजिस्ट्रेट रेखा रानी, एडवोकेट आरआर जयसवार, मुख्य संयोजक रामचन्द्र पटेल, संयोजक राजेश सिद्धार्थ, गंगा प्रसाद बौद्ध ने झंडी दिखाकर संविधान रथ को रवाना किया।उक्त रथ यात्रा के मुख्य संयोजक रामचन्द्र पटेल ने बताया कि 75 रथ सहित सैकड़ों गाड़ियों के काफिले ने पूरे शहर में भ्रमण किया। इसके बाद 75 जिलों में शाम 7 बजे एक-एक रथ रवाना किए गए। संयोजक राजेश सिद्धार्थ ने बताया कि रथ यात्रा के माध्यम से गांव-गांव जाकर संविधान व बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के विचारों व राष्ट्रहित में लोगों को जागरूक करने का काम किया जाएगा। यात्रा के सहसंयोजक आरआर जयसवार ने कहा कि न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका सहित देश के सारी व्यवस्थाएं संविधान में ही निहित हैं। मुख्य रूप से प्रदीप रावत, सोनम गौतम, बंसराज भारती, सीमा गौतम, पीयस त्यागी, अमरेश चौधरी, सीएल कुरील, डॉ. सत्यवती दोहरे आदि लोगों के सहयोग से संविधान रथ यात्रा का संचालन किया गया।

हुसैनगंज स्थित अवध कोर्ट में लखनऊ फिल्म क्लब द्वारा मुनव्वर राना की याद में अदबी बैठक को संबोधित करते संजय मिश्रा, साथ में अन्य।

# मुहाजिरनामा ने बनाया सबसे बड़ा शायर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मशहूर शायर मुनव्वर राना को उनके साथी शायरों, बुद्धिजीवियों और चाहने वालों ने रविवार को लखनऊ फिल्म क्लब की तरफ से बुलाई गई अदबी बैठक में याद किया। हुसैनगंज स्थित अवध कोर्ट में प्रो. मसूदुल हसन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुनव्वर राना की शायरी और उनके व्यक्तित्व पर बड़े विस्तार से चर्चा हुई।

प्रो. मसूदुल हसन ने कहा कि मां पर मुनव्वर ने बहुत लिखा लेकिन मुहाजिरनामा ने उन्हें बड़ा शायर बनाया। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान-पाकिस्तान बंटवारे पर बहुत से शायरों ने लिखा लेकिन मुनव्वर राना ने जो लिखा उसे सबसे ज्यादा पसंद किया गया।

**▸▸ मुनव्वर राना की याद में सजी अदबी बैठक**

एनसीपी के वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश दीक्षित ने कहा कि मुनव्वर राना ने सीधी सपाट भाषा में लिखा और वो लोगों के दिलों में पहुंच गए :- मैं मरूंगा तो यहीं दफ्न किया जाऊंगा, मेरी मिट्टी भी कराची नहीं जाने वाली जैसे शेरों के जरिये उन्होंने हिंदुस्तान के साथ अपनी मोहब्बत का इजहार किया।

मुनव्वर राना की बेटी सुमैया राना ने बाप-बेटी के रिश्तों पर बात की। बताया कि वह सभी का किस तरह ख्याल रखते थे। घर के बाहर आग तापती हुई औरत को देखा तो ओढ़ी हुई अपनी वो शाल उसे दे दी जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद थी। उन्होंने बताया कि अपने आखिरी दिनों में मुनव्वर राना ने एक शेर लिखा था :-हर लफ्ज महकने लगे, यादों से हमारे, लफ्जों में महकता हुआ लोबान सा जाऊं।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति के शायर हसन काजमी के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में सुहैल वहीद ने बताया कि वाली आसी ने उन्हें मुनव्वर राना नाम दिया था। उनसे मुलाक़ात से पहले उन्हें मुनव्वर अली आतिश के नाम से जाना जाता था। संजय मिश्रा शौक ने भी मुनव्वर राना के वाली आसी के साथ के दिनों को याद किया। मुनव्वर राना का शेर :- वक्त की सीढ़ियों पे लेटे हैं, इस सदी के कबीर हैं हम।

परवेज मलिकजादा ने कहा कि मुनव्वर राना के साथ स्टेज पर मां का पाकीजा रिश्ता भी साथ आया। गायक मिथलेश लखनवी ने इस मौके पर मुहाजिरनामा के कई शेर गाकर सुनाये।

**कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता(मु.)**
जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग लखनऊ

पत्रांक 2044/ई.ई.(एच.क्यू.)/2023-24
दिनांक : 27.01.2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 05.02.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 05.02.2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3.30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 05.02.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4.00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-100, राजीव गाँधी द्वितीय वार्ड मे नन्दी पार्क हुसड़िया चौराहे के पास नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रू. 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रू. 200.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-37, गोमतीनगर वार्ड में जुगौली नेहरू क्लब के पास नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रू. 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रू. 200.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-12, खरगापुर सरसवां वार्ड मे खरगापुर चौराहे के पास नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रू. 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रू. 200.00
4. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या-14, भरवारा मल्हौर वार्ड मे भरवारा एस.टी.पी. चौराहे पर नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रू. 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रू. 200.00

अधिशासी अभियन्ता(मु.)
जलकल विभाग,
नगर निगम लखनऊ

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 1548 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 23/01/2024

**म्युटेशन सूचना**

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल पठानपुरा–2 वार्ड–12 राठ में स्थित गृह सं0 416 में श्री संजय सिंह व अजय सिंह पुत्रगण प्रमोद सिंह का नाम अंकित है। प्रार्थी श्री प्रमोद कुमार सिंह पुत्र मलखान सिंह ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का जुज भाग रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 05.01.2024 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त मकान के जुज भाग पर रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर अपना नाम अंकित कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर मुहाल पठानपुरा–2 वार्ड–12 में स्थित भवन सं0 416 पर अंकित श्री संजय सिंह व अजय सिंह पुत्रगण प्रमोद सिंह के जुज भाग पर बट्टे में करके श्री प्रमोद कुमार सिंह पुत्र मलखान सिंह का नाम अंकित कर दिया जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत- नीर, विकास खण्ड-अहिरोरी, जनपद (हरदोई)**

पत्रांक- 01/2024/राज्यवित्त/15वाँ वित्त/2023-24 दिनॉक-27.01.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत-नीर, विकास खण्ड-अहिरोरी, जनपद-हरदोई द्वारा राज्यवित्त/15वाँ वित्त के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यों की सामग्री (सीमेन्ट, मौरम, बालू, गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट प्रथम, सेंड, पैण्डपाथ सामग्री, तार, पिलर, नेट, सरिया लेबल, सोलर लाइट, टिन शेड, लोहा पाइप, पेंच आदि) आपूर्ति हेतु फार्म से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनॉक-28.01.2024 से 02.02.2024 को 03:00 बजे तक पंचायत भवन से प्राप्त कर जमा कर सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनॉक- 02.02.2024 को समिति द्वारा सायं 04:00 बजे पंचायत भवन में खोली जायेगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | भौतिक मात्रा (माप) | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | अस्थायी निराश्रित पशु आश्रय स्थल नीर मे नूसा तेड निर्माण। | 11.5×5.46 मीटर | 496700.00 |
| 2 | अस्थाई निराश्रित पशु आश्रय स्थल नीर में तार फिनेट व गेट निर्माण कार्य। | 1 नग | 495200.00 |
| 3 | अस्थायी निराश्रित पशु आश्रय स्थल नीर में टिन शेड (2) निर्माण कार्य। | 2 नग | 464300.00 |
| 4 | अस्थायी निराश्रित पशु आश्रय स्थल नीर मे हैण्ड पम्प एसंकर सेबल, गरनी, वाटर टैंक आदि निर्माण कार्य। | 1 नग | 358700.00 |
| 5 | अस्थायी निराश्रित पशु आश्रय स्थल नीर मे सुरक्षा खाई व सोलर लाइट स्थापना। | 3 नग | 225100.00 |
| 6 | अस्थायी गौशाला मे विविध कार्य निर्माण। | 2 नग | 750000.00 |
| 7 | सुरेश के घर से इदरीस के मकान तक इंटरलाकिंग या सीएसी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 80×3 मीटर | 752000.00 |
| 8 | रफीक बक्स के घर से राजेश शर्मा के घर तक सीएसी0 या इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 100×2 मीटर | 450000.00 |
| 9 | नीर डामर रोड से राम स्वरूप के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 46×3 मीटर | 270800.00 |

नोट-
1- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुयी किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
3- बिना बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदा फार्म पर उल्लेखित शब्द शब्दों मे अंकित करें।
5- स्थल की उपलब्धता पर कार्य कराया जायेगा।
6- कार्यों की कटौती प्रावधान / लागू दरो की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7- प्रशिक्षित कार्यों की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

(श्रीमती रामबेटी)
प्रधान
ग्राम पंचायत- नीर,
विकास खण्ड-अहिरोरी, हरदोई

(श्री लाल बिहारी)
सचिव
ग्राम पंचायत- नीर,
विकास खण्ड-अहिरोरी, हरदोई

## एक नजर

### आरक्षित रिक्तियों को सामान्य श्रेणी से भरने का आदेश संविधान विरोधी

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी व ओबीसी के लिए आरक्षित रिक्तियों को सामान्य श्रेणी से भरने का आदेश संविधान विरोधी है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि यूजीसी का निर्णय दलितों, आदिवासियों व पिछड़ों के आरक्षण पर डकैती है। उन्होंने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की।

### कांग्रेस मुख्यालय में मनी लाला लाजपत राय जयंती

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर विधायक वीरेंद्र चैधरी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, सम्पूर्णानंद मिश्रा, पूर्व कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी, संजय दीक्षित, संजय सिंह, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, विनोद मिश्रा, सिद्धि श्री, योगेश्वर सिंह, नितांत सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्रस्ट की जमीन को लेकर दो पक्ष भिड़े, तीन घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** हुसैनगंज इलाके में ट्रस्ट की जमीन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनों पक्षों से पांच को हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर हुसैनगंज राम प्रकाश गुप्ता ने बताया उदयगंज में राधाकृष्ण ट्रस्ट के अमित त्रिवेदी ने मो. नबी को जमीन बेची थी। इसी जमीन को ट्रस्ट के अनुराग तिवारी ने नूर मोहम्मद को बेच दी। शनिवार को एक पक्ष ने निर्माण शुरू किया तो दूसरा पक्ष ने विरोध किया। इसी को लेकर विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में लाठियां चटकने लगीं। इसमें तीन लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को शांति भंग हिरासत में लिया। इंस्पेक्टर ने बताया दोनों पक्षों और ट्रस्ट के जिम्मेदारों से बात की जा रही है। दोनों पक्षों की तरफ से एक दूसरे के खिलाफ तहरीर मिली है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# स्वच्छता कर्मियों को न्यूनतम मानदेय की मिले गारंटी

## सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा, उठाएंगे ठोस कदम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हर हाल में मिलनी चाहिए। सरकार जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी। स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित कर रखी गई है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मानदेय के साथ स्वच्छताकर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

वे रविवार पूर्वाह्न गोरखपुर नगर निगम की तरफ से अभयनंदन इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों हेतु ई-सेवा पोर्टल, दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष की शुरुआत की। कल्याण कोष से चार सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि के चेक प्रदान किये। सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों को यूनिफॉर्म, लंच बॉक्स वितरित किए और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की लागत वाली 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

योगी ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को न्यूनतम मानदेय के साथ आवासीय सुविधा भी मिलनी चाहिए। उन्हें राशन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा कवर, उज्ज्वला जैसी योजनाओं का लाभ भी मिलना चाहिए। नगर निगम गोरखपुर ने इस दिशा में सराहनीय पहल की है।

सम्मेलन के दौरान लगी प्रदर्शनी देखते मुख्यमंत्री, साथ में सांसद रवि किशन व अन्य।

### योगी ने एक हजार विद्यार्थियों को वितरित किए स्मार्टफोन

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के करीब एक हजार विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। रविवार अपराह्न स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 15 विद्यार्थियों को योगी के हाथों स्मार्टफोन प्राप्त हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने युवाओं को तकनीक के महत्व को समझाते हुए कई व्यावहारिक उदाहरण दिए।

### योगी ने रवि किशन से फिर ली चुटकी

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को फिर सांसद व अभिनेता रवि किशन शुक्ला की चुटकी ली। मौका, अभयनंदन इंटर कॉलेज में आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन का था। अचानक योगी ने जनता से सीधे पूछा, अभी तक रवि किशन की फिल्में कितने लोगों ने देखा है। फ्री में देखे हैं या टिकट लेकर। जनता की आवाज आई तो दोहराया अच्छा फ्री में। आगे उन्होंने कहा, चलिए रवि किशन की फिल्म देखें हैं तो चलो मुझे बताओ, ये अच्छा कपड़ा पहनकर एक्टिंग न करें, गंदा कपड़ा पहन कर अंडरवियर में एक्टिंग करने लग जाएं और खुद ठहाका मारकर हंसने लगे। खुद हंसी पर काबू पाते हुए फिर कहा, एक्टिंग के साथ आप सभी का मनोरंजन भी कर देते हैं। मेहनत भी खूब करते हैं। वॉल राइटिंग भी कर रहे हैं। विकास की योजनाओं के लिए भी कार्य कर रहे हैं। इससे पहले योगी ने बीते दिनों एक जनसंवाद कार्यक्रम में भी रवि किशन का नाम लेकर चाट विक्रेता से बातचीत की थी।

# अयोध्या रोड पर मिली ट्रक की लोकेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

- ट्रांसफार्मर फैक्ट्री की तरफ जाने वाले रास्तों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली
- चिनहट क्षेत्र के देवां रोड पर स्थित फैक्ट्री में हुई थी 80 लाख की डकैती

**अमृत विचार :** चिनहट इलाके में ट्रांसफार्मर फैक्ट्री से डकैत माल वाहन में भर कर ले गये थे। पुलिस सूत्रों का कहना है कि आसपास के फुटेज खंगाले पर घटना के समय फैक्ट्री को जाने वाले रास्तों पर आवाजाही करते एक संदिग्ध ट्रक को ट्रेस किया गया है। इस ट्रक की अयोध्या रोड पर लोकेशन मिली है। टीमें उक्त ट्रक की तलाश में जुटी हैं।

चिनहट की देवा रोड स्थित ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात 10 से 12 डकैत कर्मचारियों को बंधक बना 80 लाख रुपये के कॉपर के तार लाद ले गये थे। डकैती के खुलासे के लिये पांच टीमें लगी हैं। डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि टीमें डकैती का खुलासा करने का प्रयास कर रही हैं। टीमों ने फैक्ट्री तक जाने वाले दोनों रास्तों समेत अन्य प्रमुख मार्गो के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसमें शुक्रवार रात 12 बजे से शनिवार तड़के 4 बजे तक आवाजाही करने वाले सभी वाहनों के नंबर खंगाले गये है। इनके मालिकों से संपर्क किया गया है। एक फुटेज में पीड़ित के बताये घटना के समय एक ट्रक आता-जाता दिखा है। जिसे ट्रेस करने पर अयोध्या रोड पर दिखा है। दो टीमें उस ट्रक को ट्रेस करने के लिए लगी हैं।

### साल में टर्नओवर 25 लाख, जबकि 80 लाख का डाका

डीसीपी ने बताया कि संजीव अग्रवाल के कारोबार के बारे में डिटेल कलेक्ट की गयी। इसमें पता चला कि एक साल में चार ट्रांसफार्मर की ही ओवर हालिंग हो पाती है। दोनों फैक्ट्रियों का इनके पूरे साल का टर्नओवर तकरीबन 20 से 25 लाख के आसपास मिला है। जबकि उन्होंने करीब 80 लाख का डाका पड़ने की बात कही है। ऐसे में अन्य बिंदुओं को भी खंगाला जा रहा है।

### मालिक व कर्मियों के बयान एक समान

मालिक और कर्मचारियों के बयानों में भिन्नता नहीं हैं। ऐसे में यह लोग फिलहाल संदेह के दायरे से बाहर हैं। डीसीपी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि फैक्ट्री में बीते कुछ दिन से तार नहीं आये हैं। यूपीपीसीएल से जुड़े टेंडरों का भी पता लगा रहे हैं। डीसीपी ने बताया कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सर्विलांस सेल की टीम घटना के समय आसपास एक्टिव रहे नंबरों को खंगाला जा रहा है। कुछ संदिग्ध नंबर मिले हैं, पहले की कुछ घटनाओं से जुड़े हैं। ऐसे में पूर्व की घटनाओं से जुड़े लोगों की कुंडली खंगाली जा रही है।

### सरकार ने 192 निराश्रित वृद्धजनों को किया रेस्क्यू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में जारी शीतलहर को देखते हुए निराश्रित वृद्धजनों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए सरकार के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर ठिठुर रहे 192 निराश्रितों का रेस्क्यू किया गया है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, चौराहों इत्यादि में रात्रि में भ्रमण कर ऐसे निराश्रित वृद्धजनों की पहचान की गई, जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था और उन्हें आपात पुलिस सेवा 112 एवं एल्डरलाइन नंबर 14567 के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल वृद्धाश्रम में पुनर्वासित किया गया है, जहां उनके स्वास्थ्य का समुचित खयाल रखा जा रहा है।

# बिजनौर क्रिकेट लीग में लकी स्टार ने मारी बाजी

संवाददाता सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** बिजनौर इलाके के सरवन नगर स्थित आर्मी मैदान में रविवार को बिजनौर क्रिकेट लीग सीजन 3 टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट की शुरुआत समाजसेवी आनस सिद्दीकी द्वारा किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्रामीण क्षेत्र की 32 टीमों ने भाग लिया।

समाजसेवी आनंस सिद्दीकी ने टीमों के सदस्यों का परिचय लिया और शॉट लगा कर टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने गांव वासियों व युवा साथियों से खेलों के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में बहुत सी प्रतिभाएं हैं। आवश्यकता सिर्फ उन्हें तलाशने की है। क्या मालूम यहीं से कोई तेंदुलकर व धोनी निकल आए। प्रतियोगिता का आयोजन मोहम्मद फैजान, आनस की अध्यक्षता में क्रिकेट लीग सीजन 3 टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइल मैच में शक्ति नगर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। 15 ओवर में 173 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई। लकी स्टार टीम ने 176 रन बनाकर जीत दर्ज की। जीतने वाली को टीम को 21000 हजार रुपए व हारने वाली टीम को 11000 हजार रुपए दिया गया। इस अवसर पर गांव के उमेश यादव, मनोज कुमार, समीर खान, इमरान समेत सैकड़ों की संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

ट्रॉफी के साथ प्रतियोगिता में विजयी टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### विश्वासघात का नया कीर्तिमान बना है : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ:** बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भाजपा अपने जीवनकाल में इतनी कमजोर कभी नहीं थी, जितनी आज हो गई। आज विश्वासघात का नया कीर्तिमान बना है, जनता इसका करारा जवाब देगी। वहीं नीतीश कुमार का भी नाम लिए बगैर अखिलेश ने प्रतिक्रिया दी कि कोई आप पर विश्वास न करे, एक व्यक्ति के रूप में किसी की इससे बड़ी हार और कुछ नहीं हो सकती।

# ट्रांसगोमती में खुले रहे बिजली कार्यालय और कैश काउंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुख्य अभियंता ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कार्यालय सहित कैश काउंटरों को खोलने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** बिलों के समायोजन के साथ उनको जमा करने के लिए रविवार को ट्रांसगोमती क्षेत्र में बिजली विभाग के सभी उपकेंद्र कार्यालय दिनभर खुले रहे। इस बीच उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के साथ ही नए बिजली कनेक्शनों को देने के लिए उपकेंद्र अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने बताया कि उपभोक्ताओं की हर समस्या को दूर करने के लिए पॉवर कॉरपोरेशन ने कमर कसी है।बिलों को ठीक करने से लेकर उनको जमा करने के लिए कैश काउंटरों को खोलने का निर्देश दिया है। साथ ही नए कनेक्शनों को जारी करने से लेकर मीटरों में हो रही तकनीकी खामियों की वजह से हो रही दिक्कतों को भी सुना जा रहा है। इसके लिए अवकाश के दिनों में भी सभी उपकेंद्र कार्यालयों को खोलकर उपभोक्ताओं की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस की महत्ता पर रखे विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गणतंत्र दिवस के अवसर पर इडेन इंक्लेव रेजिडेंट वेल्फेयर सोसाइटी का झंडारोण कार्यक्रम इडेन गेस्टहाउस परिसर कुर्सी रोड में संपन्न हुआ। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष औसाफ अहमद व मस्जिद इमाम उजैर अहमद ने गणतंत्र दिवस की महत्ता पर विचार रखा। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने देश में आपसी सौहार्द व भाईचारे को बनाए रखने को वक्त की जरूरत बताया। समारोह में , शिवेन्द्र कुलश्रेष्ठ, सैम अंसारी, जावेद अहमद, मोनिस खान, आसिफ सिददीकी, नियाजुददीन सिद्दीकी, एडवोकेट तुफैल अहमद व शाद सिददीकी मौजूद रहे।

### डॉक्टर सैयद शाहिद हुसैन को पुत्र शोक

**अमृत विचार, लखनऊ:** सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर सैयद शाहिद हुसैन के बड़े बेटे मुबाशिर अहमद का रविवार को देहांत हो गया। वह पिछले एक माह से बीमार चल रहे थे और अस्पताल में भर्ती थे। उनकी नमाज ए जनाजा सोमवार यानी आज जोहर बाद अम्बरगंज से मिट्टी दादा मियां कब्रिस्तान जाएगी। जहां उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

### वंदे मातरम के जयघोष के साथ फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**अमृत विचार, लखनऊ :** 75वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के पदाधिकारियों ने आईटी समाचार पत्र वितरण केंद्र पर सुबह 9 बजे स्वामी विवेकानन्द अस्पताल के हाइड्रिल पार्क में राष्ट्र गान और वन्देमातरम के जयघोष के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर आईटी डिपो के अध्यक्ष राम इकबाल शर्मा, लखनऊ प्रभारी अजय कुमार सिंह ने मिष्ठान वितरण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता का सन्देश देते हुए समस्त देश वासियों, समाचार पत्र वितरक साथियों एवं प्रेस संस्थाओं के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सुनील शंखधर, नुपुर शंखधर, वरिष्ठ समाज सेवी अशोक सक्सेना, मन्दिर के महन्त केशरी नन्दन, अभय सक्सेना, संजय शुक्ला, अनुपम गुप्ता, राजेन्द्र मिश्रा, सुमिरन, आईटी डिपो के महामंत्री श्रीदत्त पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# देखी जा रही मनरेगा में कार्यरत श्रमिकों की मौजूदगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मनरेगा योजना अंतर्गत श्रमिकों की उपस्थिति व फोटोज को ऑनलाइन फीड करने के लिए उपयोग होने वाले नरेगा मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) के बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। इस सिस्टम को तकनीकी रूप से और अधिक मजबूत किया गया है। मनरेगा में श्रमिकों की उपस्थिति के फोटोग्राफ्स में त्रुटियां व कमियां मिलने पर सम्बन्धित कार्मिक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उक्त जानकारी देते हुए रविवार को ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि मानीटरिंग सिस्टम को पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स को सिस्टम में अपलोड कराने में पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। फोटोग्राफ लेते समय श्रमिकों की कुल संख्या स्पष्ट और श्रमिकों का मुख कैमरे की ओर रहे। फोटो ऐसे स्थल ली जाए जहां से समस्त श्रमिकों की मौजूदगी दिखे। सेल्फी फोटो न ली जाए और फोटो लेते समय मोबाइल कैमरे का लेंस बिलकुल साफ रहे तथा पर्याप्त सूर्य प्रकाश में ही फोटो ली जाए।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.) से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 20 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग

[COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475

9411221895

7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी

गुरू /प्रोफेसर – राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली

भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली

Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी

क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना

गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायं 7:00 से 8:00 बजे तक

रविवार

प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक

सायंकाल अवकाश

# 55 रुपये की चाय देने पर शबरी रसोई को नोटिस

▸▸ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे बिल को देख अयोध्या विकास प्राधिकरण ने की खिंचाई

अयोध्या कार्यालय

अयोध्या विकास प्राधिकरण

विकास प्राधिकरण की ओर से जारी किया गया पत्र।


शबरी रसोई
4th FLOOR,
Arundhati Bhawan west ,Multilevel parking, Tedhi Bajar ,Ayodhya
Uttar Pradesh -224123
GSTIN - 09AAFCK0954P1ZZ
Name:
Date: 22/01/24 12:53 Dine In: E44
Cashier: biller Bill No.: 20

| No. | Item | Qty. | Price | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tea | 2 | 55.00 | 110.00 |
| 2 | Toast White | 2 | 65.00 | 130.00 |
| | Total Qty: 4 | | Sub Total | 240.00 |
| | CGST | | 2.5% | 6.00 |
| | SGST | | 2.5% | 6.00 |

सोशल मीडिया पर वायरल बिल।

**अमृत विचार :** अयोध्या में अरुंधति भवन के शबरी रसोई के चाय और टोस्ट का बिल सोशल मीडिया पर वायरल होते ही अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने उसके कर्ताधर्ता मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट को नोटिस देकर जमकर फटकार लगाई है। एडीए ने यह भी स्पष्ट कहा है कि मैनेजमेंट तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण दें नहीं तो, प्राधिकरण आप से किया गया अनुबंध निरस्त कर देगा।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा विकसित अरुंधती भवन पश्चिम की सुविधाएं मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट देख रही है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने मेसर्स कवच को पत्र लिखा है। संबोधित पत्र में लिखा है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत अनुबंध व्यवस्था के तहत आप द्वारा डॉरमेट्री, पार्किंग व खान पान के औचित्यपूर्ण दरें निधारित की जाएंगी, लेकिन शबरी रसोई का एक बिल वायरल हो रहा है, जिसमें एक चाय की दर 55 रुपये रखी गई है जो कि बाजार दरों से काफी अधिक है। इस वायरल मैसेज से प्राधिकरण की छवि धूमिल हो रही है। आप को तत्काल प्रभाव से निर्देशित किया जाता है कि खान-पान व अन्य सेवाओं की औचित्यपूर्ण दरें निर्धारित करते हुए 24 घंटे के अंदर कार्यालय को सूचित करें। साथ ही तीन कार्य दिवस में स्पष्टीकरण देना सुनिश्चित करें की श्रद्धालुओं से खान-पान की अधिक दर वसूलने व प्राधिकरण की छवि को धूमिल करने के लिए क्यों न आपका अनुबंध निरस्त कर दिया जाए।

### नोटिस मिलने के बाद एडीए में दाखिल किया जवाब

बताया जा रहा है कि शबरी रसोई की तरफ से अयोध्या विकास प्राधिकरण को नोटिस का जवाब दे दिया गया है। जवाब में क्या दिया, अभी यह सामने नहीं आया है। शबरी रसोई के प्रोजेक्ट हेड सत्येंद्र मिश्र ने बताया कि 15 फरवरी से रसोई का संचालन शुरू होना है। उसी समय मेन्यू व उनके रेट भी सामने आएंगे। अभी जो चाय और टोस्ट का बिल वायरल हुआ है वह किसी ने साजिशन किया है।

## ओडिसी नृत्यांगना ने अपनी प्रस्तुति से मन मोहा



**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में चल रहे रागोत्सव में रविवार को ओडिसी नृत्यांगना सुजाता महापात्रा ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर रामलला के प्रति अपनी श्रद्धा को निवेदित किया। इस दौरान वह बेहद भावुक दिखीं। बता दें कि सुजाता केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत भी हैं। उन्होंने कम उम्र में ही अपने गुरु सुधाकर साहू से ओडिसी सीखना शुरू कर दिया था।

# राम मंदिर का रुका कार्य शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद मंदिर के रुके कार्यों को फिर शुरू करने की तैयारी की जा रही है। मंदिर के पश्चिम दिशा में पुनः दो टावर क्रेन खड़ा किये जा रहे है। 15 फरवरी से निर्माण कार्य के लिए मजदूर भी यहां पहुंच जाएंगे। इसके लिए निर्माण संस्था एलएंडटी ने तैयारी को शुरू कर दी है।

बताते चलें कि राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर एलएंडटी ने 15 जनवरी से श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को बंद कर दिया था और मजदूरों को एक माह की छुट्टी भी दे दी थी। प्राण प्रतिष्ठा

का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद निर्माण कार्य पूरा करने के लिए एक बार फिर मजदूरों को बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि 15 फरवरी के बाद यह सभी कर्मी अपने कार्य पर लौट आएंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर का निर्माण में प्रथम तल का कार्य लगभग पूरा होने को हैं। उसके बाद दूसरे और शिखर का कार्य किया जाना है। जिसके लिए एलएंडटी ने अपना कार्य फिर से शुरू करने की तैयारी की है।

### पहले उत्सव के रूप में मनाई जाएगी बसंत पंचमी

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में 14 फरवरी को बसंत पंचमी पर्व का पहला उत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार से वर्ष में लगभग 12 महत्वपूर्ण तिथियों पर उत्सव मनाए जाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक उत्सव तालिका तैयार कर रहा है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि रामलला के वर्ष में जो उत्सव होंगे, उसका भी निर्धारण किया गया है। उन्होंने कहा कि राम नवमी अयोध्या के लिए सर्व विदित उत्सव है। उसके पहले बसंत पंचमी का 8 भी 8 आता है और उसके बाद सीता नवमी, नरसिंह जयंती, सावन झूला उत्सव, जन्माष्टमी, बवान्द्वादशी, विजयादशमी जिसमें प्रभु का आयुद्ध पूजन भी करेंगे।

## डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने डॉ. आदित्य

**बाराबंकी, अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन जिला शाखा की वार्षिक कार्यकारिणी का समारोह पूर्वक गठन किया गया। इसमें डॉ. कुमार आदित्य को अध्यक्ष व डॉ. अजीत प्रताप सिंह को सर्वसम्मत से सचिव चुना गया। मुख्य अतिथि डॉ.सुधीर वर्मा रहे। कार्यकारिणी में डॉ.सत्यमित्र वर्मा को उपसचिव, डॉ.मोहम्मद शोएब को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान डॉ.आशीष उप्पल, डॉ.एनके गुप्ता, डॉ. ईस्ट वर्मा, डॉ.नीरज आदि रहे।

### पुलिसकर्मी पर हमला करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गणतंत्र दिवस पर जुलूस निकालकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी व राम मंदिर पर अभद्र टिप्पणी करना जनसत्ता राष्ट्रवादी एकता पार्टी को भारी पड़ी। पार्टी के 6 कार्यकर्ताओं को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इन पर एक पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमले का भी आरोप है। इन सभी पर सेवन सीएलए की धारा भी बढ़ाई गई है।

# सीतापुर में राजभर के मंच का हिस्सा गिरा, बाल-बाल बचे

सुनील राजवंशी को पार्टी की सदस्यता दिलाते ओमप्रकाश राजभर। अमृत विचार

**रामकोट (सीतापुर) :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर रविवार दोपहर भउवापुर गांव में पूर्व सपा नेता व पूर्व बसपा स्टार प्रचारक सुनील कुमार राजवंशी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम से पूर्व सपा नेता सुनील कुमार राजवंशी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की मौजूदगी में सुभासपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे ओमप्रकाश राजभर जैसे ही अपने पदाधिकारियों के साथ मंच पर बैठे, वैसे ही राजभर के मंच के पीछे का एक हिस्सा गिर गया जिसमें राजभर बाल-बाल बच गए। यह देख ओमप्रकाश मुस्कराए और अपने पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते रहे। बताया जाता है कि मंच कमजोर होने के चलते अचानक मंच का पिछला हिस्सा भरभराकर गिर गया। मंच गिरने से आधा दर्जन लोग मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। उधर, राजभर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी शोषितों, वंचितों, दलितों तथा अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ती आई है और हमेशा लड़ती रहेगी। राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि 20 साल तक सपा की सरकार नहीं आने देंगे।

## अगवा कर किशोरी की हत्या की आशंका

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक ने अपने बहनोई के साथ मिलकर किशोरी को अगवा कर लिया। पिता की शिकायत पर कोठी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस 24 घंटे बाद भी किशोरी को खोज नहीं सकी है। पीड़ित परिवार ने उसकी हत्या कर शव ठिकाने लगाने की आशंका जताई है। कोठी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी सर्वेश कुमार यादव अपने बहनोई सतरिख थाना क्षेत्र के डल्लूखेड़ा गांव निवासी सर्वेश कुमार के साथ मिलकर बहला-फुसलाकर ले गया। उसकी खोज में वह सर्वेश घर पहुंचा जहां पुत्री के कपड़े रस्सी पर टंगे थे लेकिन पुत्री से नहीं मिलने दिया गया। पिता ने दोनों युवकों पर पुत्री के साथ गलत हरकत कर शव फेंकने की आशंका जाहिर की है। पुलिस 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं लगा सकी है।

राजनीति | आम जनता को किया उद्वेलित, पूर्व की सरकारें भी तो कर सकतीं थीं यह सब काम

# 'प्रतीक्षारत से प्रत्यक्ष' का ब्रह्मास्त्र तैयार

इरा अवस्थी, कन्नौज

- अपने उद्बोधन में मोदी ने देव का प्रयोग कर देश में अयोध्या निर्माण का दिया संदेश

**अमृत विचार।** श्रीराम के प्रत्यक्ष होते ही गगनभेदी जयघोष मौन होने लगे तो दूसरी ओर उन्हें प्रतीक्षारत रखवाने वालों की उल्टी गिनती शुरू हो गई। घर-घर प्रार्थना होने लगी कि प्रभु को वेटिंग लिस्ट में डालने वालों को सजा जरूर मिले। इन प्रार्थनाओं का सीधा संकेत है, 'प्रभु के प्रतीक्षारत से प्रत्यक्ष' होने का ब्रह्मास्त्र लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव में उतरेंगे।

अयोध्या में पीएम मोदी ने अपने उद्बोधन में 'देव से देश' कहकर शैव और कृष्ण भक्तों के हृदय में स्थान बना लिया। संपूर्ण भारत में सर्वाधिक पूजा श्रीकृष्ण की होती है। आज कुछ राजनैतिक लोग उन्हें यदुवंशी कहते हुए स्वयं को उनका वंशज बताते हैं। लेकिन मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि देव (शिव, कृष्ण और श्रीराम) के चरित्र से देश में अयोध्या का निर्माण करेंगे। उन्होंने मशबरी, निषादराज तथा गिलहरी का सम्मान रखते हुए देश के निम्नतम वर्ग को नमन किया। 'प्रभु के प्रतीक्षारत रहते या कराते जो घटित हुआ उसकी अनुभूति सबको है' यह कहकर भारतीयों का दिल झकझोर दिया। लोगों को यह वाक्य भी सोचने को विवश कर रहा है कि 'कांग्रेस, सपा आदि चाहतीं तो क्या इतने वर्षों तक श्रीराम टेंट में यातना झेलते?' इसमें भी लोग अर्थ निकाल रहे हैं कि बीती सरकारें चाह लेती तो अनुच्छेद 370 का दंश कब का खत्म हो गया होता। राम मंदिर भी वर्षों पहले ही आकार ले चुका होता। लेकिन वोटों की राजनीति के खातिर भारत के 'महानायक' को यातना झेलनी पड़ी। मोदी का तरकश मंत्रशोधित बाणों से भरा लगता है। तभी तो वर्ष 2024 में होने वाले आम चुनाव की पूर्व संध्या पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न का सर्वोच्च सम्मान देकर विरोधियों को चौंका दिया, तो दूसरी तरफ एक वर्ग विशेष के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे।

इधर, तमाम असमंजस और खींचतान के बीच एक बार फिर से बिहार की सरकार भाजपा के रंग में रंग चुकी है। नीतीश कुमार आईएनडीआईए की रट छोड़ भगवा चोले के समर्थन से मुख्यमंत्री बन चुके हैं। कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री और उनके सिपहसालारों की टीम मजबूत रणनीति के तहत काम कर रही है। तभी तो इधर श्रीरामलला विराजे तो उधर बिहार की राजनीति में उलटफेर हो गया। इसके साथ ही तमाम कयासों पर विराम लग गया। खास बात यह कि उलटफेर की चर्चाओं के बीच गणतंत्र दिवस पर कन्नौज पहुंचे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने नीतीश के खेमा बदलने की बात को सिरे से नकार दिया था।

नवीं बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने वाले नीतीश राजनीति के मैदान में मंझे हुए खिलाड़ी हैं तो अवसर के साथ कब क्या करना है, यह अच्छी तरह जानते हैं। रोज बनते-बिगड़ते राजनीतिक हालात इस बात को साबित करने के लिए काफी हैं कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मजबूत तानाबाना एक बार फिर से मोदी को सत्तासीन करने के लिए आतुर है तो मोदी स्वयं भी आश्वस्त हैं कि वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

# बच्चों के तनाव नियंत्रण में माता-पिता के सहयोग का महत्व

डॉ. राजकुमार रंजन सिंह
विदेश व शिक्षा राज्य मंत्री

आज तेजी से बदलती दुनिया में छात्रों को अपने शैक्षणिक जीवन के हर पहलू में प्रतिस्पर्धा करनी होती है। ऐसे में शैक्षणिक तनाव माता-पिता और छात्रों के लिए चिंताजनक हो सकता है। शैक्षणिक उपलब्धि और मौजूदा परीक्षा प्रणाली का दबाव और माता-पिता, शिक्षकों, साथियों व परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं छात्रों में खराब मनोवैज्ञानिक स्थितियों को जन्म देता है। इस तरह का तनाव परीक्षा के दबाव के कारण चिंता बढ़ा सकता है, जो परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और बाद में छात्र को प्रभावित करता है। यह एक महत्वपूर्ण समस्या है, जिससे छात्र अपने पूरे शैक्षणिक जीवन में जूझते रहते हैं। परीक्षा का तनाव छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। इससे चिंता, अवसाद और अन्य भावनात्मक समस्याएं हो सकती हैं। इतना ही नहीं शैक्षणिक विफलता से जुड़ी कुछ प्रत्याशित निराशा या ऐसी विफलता की आशंका के बारे में सोचकर भी उनमें हताशा बढ़ती है।

छात्र के जीवन में तनाव के कई कारण होते हैं, जैसे बहुत अधिक कार्य, अन्य छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा, असफलता, खराब रिश्ते, पढ़ाई का लगातार दबाव, परीक्षा, भविष्य की योजना आदि। विशेष रूप से परीक्षा के समय में कुछ ऐसे फैक्टर्स होते हैं जो छात्रों में तनाव को जन्म देते हैं। वे इस प्रकार हैं : अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करें: पढ़ाई में कमी या पारिवारिक दबाव के कारण कुछ बच्चे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव झेलते समय तनाव महसूस कर सकते हैं।

असफल होने का डर: ऐसे बहुत से छात्र हैं जो परीक्षा में असफल होने को लेकर चिंतित होते हैं। इससे वे तनावग्रस्त और चिंतित महसूस कर सकते हैं। यह डर उन छात्रों के लिए विशेष रूप से बढ़ सकता है जो किसी खास तरह के विषय से जूझते हैं या जिन्होंने पहले परीक्षाओं में समस्याओं का अनुभव किया है। तैयारियों का अभाव: जो छात्र परीक्षा के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित/तैयार नहीं हैं, वे तनाव और दबाव महसूस कर सकते हैं। यह अध्ययन सामग्री की समझ की कमी, पढ़ाई के लिए समय की कमी या अन्य वजहों से भी हो सकता है।

समय की पाबंदी: परीक्षाओं में अक्सर समय की कमी होती है, जो उन छात्रों के लिए बुरा हो सकता है जो तनाव में काम करने के अभ्यस्त नहीं हैं। वास्तव में छात्र अपनी सफलता की उम्मीदों, अपने माता-पिता और शिक्षकों की अपेक्षाओं के कारण शैक्षणिक तनाव का अनुभव करते हैं। यह साफ है कि माता-पिता की अपने बच्चों से परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर अपेक्षाएं होती हैं। इससे उन पर दबाव पड़ता है। हालांकि यह कहा जाता है कि परीक्षा से होने वाला थोड़ा तनाव कुछ हद सकारात्मक और कारगर भी होता है क्योंकि यह परीक्षा से पहले बच्चों को सावधानी और सतर्कता बरतने को प्रेरित करता है। परीक्षा के दौरान बच्चों से अधिक उम्मीदें रखना परीक्षा के तनाव/दबाव और खराब प्रदर्शन का आधार बन सकता है।

आमतौर पर यह माना जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों के ज्ञानात्मक, व्यावहारिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपनी भूमिका में माता-पिता बच्चों को सांस्कृतिक और सामाजिक मानदंडों और समाज के मूल्यों से परिचित कराते हैं। इसका उद्देश्य उन्हें समाज की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए तैयार करना है।

बच्चों पर शैक्षणिक आकांक्षाओं के सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव का मार्गदर्शन और प्रबंधन करने में माता-पिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माता-पिता कुछ शारीरिक, सामाजिक, व्यावहारिक और मनोवैज्ञानिक चीजों को पहचानकर अपने बच्चों को परीक्षा के दबाव से निपटने में मदद कर सकते हैं। बच्चों में परीक्षा के तनाव के लक्षणों को पहचानना यह संभव है कि युवा लोग परीक्षा के दबाव और तनाव पर चर्चा करने में सहज महसूस नहीं करेंगे, लेकिन माता-पिता अपने बच्चों में तनाव के किसी भी लक्षण को देख सकते हैं और उनसे इसके बारे में बात कर सकते हैं। यहां तनाव के कुछ सबसे आम लक्षण हैं जो बच्चों में शारीरिक (जैसे, सिरदर्द, दांत पीसना, उच्च रक्तचाप, अपच, थकान, अनिद्रा), मनोवैज्ञानिक (जैसे चिंता, चिड़चिड़ापन, असंवेदनशीलता, क्रोध, मनोदशा में बदलाव, अवसाद की वजह से होने वाली असहायता स्थिति, निराशा) और व्यवहार संबंधी लक्षण (जैसे, भूख न लगना, टालमटोल का व्यवहार, लोगों से खुद को काट लेना/अकेलापन, व्यक्तिगत साफ-सफाई को नजरअंदाज करना) शामिल हैं।

माता-पिता की भूमिका: माता-पिता के रूप में सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक जो आप कर सकते हैं वह है जितना संभव हो उतना समझदार और सहयोगी बनें। उनसे संवाद करें और उन्हें याद दिलाना सुनिश्चित करें कि उनके जीवन में और भी महत्वपूर्ण अवसर हैं। ये परीक्षाएं हमारे जीवन का सिर्फ एक हिस्सा भर हैं। उन्हें बताएं कि आप हमेशा उनके साथ रहेंगे। आप स्वाभाविक रूप से चाहेंगे कि बच्चे अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो आप उन्हें दोष नहीं देंगे।

परीक्षा से पहले और परीक्षा के दौरान बच्चे के व्यवहार व भावनाओं के प्रति सचेत रहें। अपने बच्चे के साथ आपसी विश्वास बनाएं। माता-पिता अपने बच्चों को बताएं कि वे बिना किसी शर्त उनका सकारात्मक रूप से ध्यान रखते हैं। यदि वे किसी प्रकार की परेशानी महसूस करते हैं तो आपको बताने के लिए उनको प्रोत्साहित करना होगा। स्वस्थ और विविध संबंधों को लेकर उन्हें प्रेरित करें। खुद को प्रसन्न रखने से संबंधी शारीरिक गतिविधि, अच्छा पोषण और आराम के लिए प्रेरित करना होगा। परिवार और दोस्तों के प्यार एवं सहयोग से अपने बच्चे को कठिन समय से निकलने में उसकी क्षमता को याद दिलाएं। उपयुक्त सह-पाठ्यचर्या संबंधी अभ्यास चुनने में अपने बच्चे की सहायता करें। यदि आपका बच्चा चुनौतीपूर्ण परीक्षा देने जा रहा है या पहले ही दे चुका है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ाना न भूलें। बच्चों की बातों को गंभीरता से सुनें और सकारात्मक विचारों के साथ उनकी सहायता करें।

## वर्ग पहेली-326

**बाएं से दाएं**

3.1. एक तरह की कस्तूरी 2. एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।

5.1. जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2. तुच्छ, नीच, अधम 3. जिसकी बेकद्री की गई हो।

7. ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।

8.1. अंतिम, आख़िरी, चरम 2. निर्णायक

**ऊपर से नीचे**

1.1. ज़मीन, भूमि 2. देश, मुल्क 3. पृथ्वी, धरा 4. पेशबंदी 5. गज़ल की रदीफ़।

2. दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू, ओक, अंजुरी, अंजलि।

4. वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।

6.1. बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने



### वर्ग पहेली - 325 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 द | ■ | 2 शु | 3 चि | ता |
| या | ■ | ■ | ड़ि | ■ |
| र | ■ | 4 द | हा | ना |
| ■ | 5 ए | का | हा | र |
| ■ | का | ■ | ड़ | 6 झाँ |
| ■ | धि | ■ | ■ | ई |
| ■ | 7 क | चा | यँ | ध |

## सुडोकू-43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 3 | | 7 | 6 | 9 | |
| 7 | | 2 | | 4 | | | | |
| | | | 5 | | | | | 4 |
| 4 | 6 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 4 | 7 |
| 3 | | | | | 4 | | | |
| | 4 | | | 3 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | 1 | | 2 | | | 3 |

### सुडोकू - 42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 9 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जनवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी पूर्ण रात्रि तक।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- सकट चौथ। मुहूर्त- अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-12.41-13.25, 14.52-15.35 तक। दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 18.57 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

**मेष** — आज रिश्ते तो मजबूत बनेंगे ही, इसके अलावा रिश्तेदारी में ही आप किसी के साथ बिजनेस में कोई समझौता भी कर सकते हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष** — आज कोई कठोर निर्णय ले सकते हैं जिसका लाभ समय रहते आपको मिलेगा। किसी दोस्त के साथ बहस भी हो सकती है, लेकिन संयम से काम लेने पर वह सुलझ जाएगी। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें।

**मिथुन** — आज किसी अनजान व्यक्ति के साथ मेलजोल बनाने से बचें, क्योंकि वह आपके भविष्य के लिए अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा। कारोबार में बड़ी डील के होने की प्रबल संभावना है।

**कर्क** — आज परिवार के लोगों के साथ मिलना होगा और किसी बात को लेकर चर्चा संभव है। घर में मेहमानों का भी आना हो सकता है। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**सिंह** — आज व्यापार में साझेदारी कर सकते हैं। किसी की बात दिल पर लग सकती है, लेकिन आप उस ओर ज्यादा ध्यान न देकर बाकी कामों में ध्यान लगाएंगे। शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कन्या** — आज परिवर्तन को लेकर उत्साहित रहेंगे और पुरानी बातों को याद करेंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बनाएंगे, लेकिन कुछ अड़चने आएगी। ऑफिस में सहकर्मियों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** — आज किसी कल्पना में खोए रहेंगे और कुछ बातों को लेकर आशंकित भी रह सकते हैं। दोस्तों के साथ पार्टी का तो प्लान बनेगा, लेकिन खर्चे को लेकर चिंता रहेगी। कारोबारी यात्रा सफल और लाभप्रद साबित होगी।

**वृश्चिक** — आज किसी से धोखा मिल सकता है, जो आपके दिल को दुखाएगा। परिवार में सभी के साथ आपका संबंध और मजबूत बनेगा। आप अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त कर पाएंगे। प्रेमीजन अपनी दिल की बात प्रेमी से कह सकते हैं।

**धनु** — आज शाम के समय दुर्घटना होने के संकेत हैं। इसलिए आप वाहन ना चलाएं और हमेशा किसी के साथ ही यात्रा करें। प्रेम संबंधों में किसी बात को लेकर मतभेद होगा। पैतृक संपत्ति प्राप्त होने के प्रबल योग बल रहें हैं।

**मकर** — आज का दिन आप अपने किसी दोस्त के नाम कर सकते हैं। सुबह से किसी बात को लेकर चिंता रहेगी, लेकिन शाम होते ही वह छूमंतर हो जाएगी। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज व्यापार में किसी से सोच समझकर ही साझेदारी करें। जैसा सोचेंगे या प्लान करेंगे वैसा नहीं हो पाएगा। आराम नहीं मिलेगा और काम का बोझ ज्यादा ही रहेगा। भाई-बहन का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अत्यंत शुभ सिद्ध होगा। परिवार के लोग कुछ प्लान कर सकते हैं और शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। प्रतियोगी छात्रों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाएं रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10.00
धड़कन — रात : 07.00

SONY MAX
चेहरे — सुबह : 09.00
चेन्नई एक्सप्रेस — रात : 10.00

SONY PIX
स्पाइडर मैन 3 — सुबह : 09.35
बैटमैन बिगिन्स — रात : 09.00

ZEE CINEMA
ऑपरेशन रोमियो — सुबह : 10.30
कमांडो — रात : 07.30

colors CINEPLEX
सपने साजन के — सुबह : 09.53
स्वदेश — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म

बी 4 यू पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का घर वालों के साथ लड़की देखने गया।
लड़के के घरवालों ने लड़की के पिता से पूछा आपकी लड़की ने क्या किया हुआ है?
लड़की का पिता- अभी तो इसने हमारे नाक में दम किया हुआ है। आप बस इसे यहां से ले जाइए।

पप्पू अपने दोस्त से बात कर रहा था। मेरी पत्नी का स्वभाव बहुत खर्चीला है। हर दूसरे दिन 1000 और 2000 रुपये मांगने लग जाती है।
दोस्त- आखिर इतने पैसे का वह करती क्या है??
पप्पू- क्या पता मैंने कभी दिए ही नहीं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते !
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : !!

किसी जगह पर बिना बुलाए चले जाना, बिना पूछे बहुत अधिक बोलते रहना, जिस चीज या व्यक्ति पर विश्वास नहीं करना चाहिए उस पर विश्वास करना मुर्ख लोगो के लक्षण होते है।

## संपादकीय

# बदले समीकरण

बिहार में कई दिनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल थम गई है। राज्य में सत्ता का समीकरण एक बार फिर बदल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार बना ली है। रविवार को नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नीतीश ने पिछले दशक में चौथा और इस कार्यकाल में दूसरा पलटमार कदम उठाया है। वास्तव में राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता है। नीतीश के इस कदम से राज्य में महागठबंधन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट को भी गहरा झटका लगेगा। घटनाक्रम का समय बड़ा महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में प्रवेश कर रही है और कांग्रेस ने सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी सदस्यों के साथ शक्ति प्रदर्शन की योजना बनाई है। नीतीश का यह कदम विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा झटका है। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन करके ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था।

ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रकिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर सवाल खड़ा हो गया है। जाहिर है, आगे घटनाएं चाहें जैसा भी मोड़ लें, इतना तय है कि इंडिया को अपनी विश्वसनीयता की नई परीक्षाओं से गुजरना होगा। राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं पूरी करने की चाह में पिछले साल की शुरुआत में नीतीश ने विभिन्न भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने के प्रयास में , देश का दौरा करना शुरू किया। ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे जैसे नेताओं से मुलाकात की। उनके प्रयासों का फल इंडिया गठबंधन के रूप में मिला। नीतीश को विपक्षी गठबंधन के वास्तुकार के रूप में देखा गया । जिस बात से इंडिया के नेता हतप्रभ हैं, वह है बिहार के मुख्यमंत्री का उन लोगों के साथ शामिल होने का अचानक लिया गया निर्णय, जिनके खिलाफ वह युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहे थे। नीतीश गठबंधन के उन पारित प्रस्तावों के हस्ताक्षरकर्ता थे, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार लोकतंत्र के लिए खतरा है और विपक्षी गठबंधन देश बचाने के लिए लड़ रहा है। हालांकि नीतीश कुमार ने पहले भी अपने अवसरवादी निर्णयों से राजद और भाजपा को झटके दिए हैं, लेकिन भाजपा को गले लगाने की उनकी ताजा रणनीति आगामी आम चुनाव से पहले विपक्ष के राजनीतिक गणित को गड़बड़ करने की क्षमता रखती है।

# देवकुलों के बारे में हमारा ज्ञान और इंडोलॉजिस्ट्स का श्रम



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की घटना ने मुझे यह सोचने को मजबूर किया कि हिंदुओं के देव-देवियों के बारे में 99 प्रतिशत तक मैं कुछ खास नहीं जानता। अन्य सामान्य लोग अपनी जांच इस बारे खुद कर लें। इसका बड़ा कारण संभवतः संस्कृत भाषा के पठन-पाठन के बारे में मेरी कमजोरी है। मैंने संस्कृत भाषा और व्याकरण सिर्फ ग्यारहवीं जमात तक पढ़ी है और ठेठ या उच्च स्तर की वैसी संस्कृत बांचने और पाठ का अर्थ समझने में अक्षम हूं जैसी ऋग्वेद में है। एक भी ऋचा का अर्थ नहीं कर पाता, यूं अपने मन में यह ख्याल जरूर रखता हूं कि शायद समझ गया हूं। हम जिस तरह की शिक्षा प्रणाली से दीक्षा पाकर निकलते हैं उसमें भारतीय भाषाओं में हमारे सांस्कृतिक महत्व के पाठ और स्मृतियों के पठन-पाठन की कोई सामान्य-सी योजना भी नहीं है। विभाग विशेष अर्थात, संस्कृत महाविद्यालयों और सामान्य विश्व-विद्यालयों के, संस्कृत विभागों के आम सिलेबस से मैं अधिक वाकिफ नहीं बस इम्प्रैशन भर है कि शायद इनमें एमए पाठ्यक्रम में ये सब सामान्य तरीके से पढ़ाए जाते हैं।

हिंदू देवकुलों का अध्ययन एक खास किस्म का तजुर्बा है और जिससे आधार पर हम अपने अराध्यों और मार्गदर्शकों के निजी जीवन के कुछ पक्ष और बौद्धिक कृतियों के बारे में और इन द्वारा बताए गए जीवन दर्शन के गहन पहलुओं और अपने हिंदू समाज की दिनचर्या ही नहीं जीवन के गहराइयों को शायद समझ पाएं। हम अपने आसपास या दूरस्थ देवस्थलों और देवालयों में हिंदू देव, देवियों को चित्र, चित्रार्द्ध और चित्रभाषा में अनेक रूप में देखने के अभयस्त हैं लेकिन शायद ही हिंदू देवकुलों के विस्तार और इनकी श्रेणियों से परिचय पाने की जिज्ञासा रखते हैं। बस, सुनने से जो नाम मन पर चढ़ गए वे ही याद हैं। हिंदुओं के अलावा ग्रीक और रोमन देव-देवियों की भी लंबी फेहरिस्त है और हम यदा-कदा इनके नामों से भी प्रसंगवश परिचित होते रहे हैं जैसे कि अपोलो, जुपिटर, मार्स, मरकरी पुरुष देव हैं और वेस्ता, जूनो, मिनर्वा, देवियां हैं। भारत में देवकुलों की सूची में 500 नाम तो हैं ही। प्रत्येक देव-देवी के लिए पूजा, अर्चना के विधान और देवस्थान तय हैं। मुझे यह जानकर आश्चर्य होता है कि भारतीय धर्म-संस्कृति के ग्रंथाचार्यों ने

मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी। यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं।

कितनी मेहनत से यह सब किया होगा और इसका प्रयोजन क्या रहा होगा जिससे मैं तो अधिकांश अपरिचित ही हूं! भारत में एक बिलकुल ही निराले धर्म-दर्शन की सुदीर्घ परंपरा विकसित रही है जिसमें विस्तार हुआ और वैष्णवों, शैव, शाक्त और जैनियों के अलावा अनेक और समुदायों की उत्पत्ति हुई। इनका निकास आदि-शिव साधकों और वैष्णवों ने किया जैसे कि निम्बार्काचार्य, माधवाचार्य, दादू, श्री वल्लभ, चरनदास, चैतन्य, स्वामीनारायण, रामनुज और पंथ संस्थापकों जैसे कि गुरुनानक, रामदेव ने 70 से अधिक हिंदू धार्मिक संप्रदायों और अनेक पंथों ने एक प्रमुख गुरु और संत को अपनाया। इनके बारे में विस्तृत सूची और ब्यौरा सन 1896 में जोगेंद्रनाथ भट्टाचार्य ने 'हिंदू कास्ट्स एंड सेक्ट्स' पुस्तक में दिया है। इससे पहले प्रोफेसर वीपी जोहरापुरकर ने सन 1958 में प्रकाशित पुस्तक में भट्टारक जैन समुदाय के बारे विस्तार से लिखा है। इनसे भी पहले होरेस हेमन ने 1861 में 'ए स्केच ऑफ़ द रिलीजियस सेक्ट्स ऑफ़ द हिंदूज' में 50 से अधिक धार्मिक संप्रदायों के बारे में जानकारी दी थी। मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं। बाद में सामान्य तरीके से जीवन यापन में लग जाते हैं। देव-देवियों की प्रतिमाओं के शिल्प के बारे में, उनके कक्ष और श्रृंगार और निर्धारित अर्चना शैली के अलावा शिल्पियों की विद्या और प्रतिमा-मान एवं बहुत सी तकनीकी बातों की खोज नहीं करते जबकि भारतीय विद्यावृत्त में इनके बारे में विस्तार से जानकारी मौजूद है। मैं भी नहीं पढ़ पाया हूं इसलिए किसी तरह की डींग हांकने की जुर्रत नहीं कर रहा हूं। यह जानकर मुझे भी आश्चर्य होता है कि भारत अध्येताओं में अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने-चाहे किसी भी प्रयोजन और नीयत से, भारतीय हिंदू देवकुलों का अध्ययन करके सन 1810 में ही किताब लिख दी थी। जैसाकि ब्रिटिश सोल्जर और बाद में भारत अध्येता बने एडवर्ड मूर ने लिखी और प्रकाशित की थी। एडवर्ड मूर, भारत में आर्मी ऑफ़ द ईस्ट इंडिया कंपनी में सन 1782 में एक कैडेट अफसर के रूप में भर्ती हुए थे और सन 1796 में कैप्टेन थे। भारत में रहते हुए इन्हें सन 1806 में रॉयल सोसाइटी ऑफ़ इंग्लैंड का फेलो बनाया गया। मूर ने सन 1810 में 'द हिंदू पेन्थियन' के अलावा 1811 में 'हिंदू इन्फंटिसाईड' अर्थात बालहत्या और, सन 1834 में 'ओरिएण्टल फ्रैगमेन्ट्स' किताबें भी लिखी हैं।

वे सन 1848 में सिधार गए। इसके अलावा भी इंडोलॉजिस्ट्स ने बहुत कुछ और लिखा है जैसे कि कई खंडों में 'द सेक्रेड बुक्स ऑफ़ द हिंदूज़' और 'रिलीजियस हिस्ट्री ऑफ़ द ओरिएंट', आदि। परंतु जैसा कि मुझे दामोदर धर्मानंद कोसाम्बी (डीडीके) की 'कंबाइंड मेथड्स इन इंडोलॉजी' के कुछ अध्याय पढ़कर महसूस हुआ कि विशेषी मूल के भारत अध्याताओं ने बेशक बहुत मेहनत की और इन प्रकाशनों के अध्ययन के साथ प्रस्तुत संदर्भ विशाल संख्या में दिए हैं, लेकिन इनमें से कुछ अध्ययनों में अपनाए गए मेथड और निष्कर्षों को आंख मूंद कर स्वीकार भी नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए कोसाम्बी ने अपनी उक्त पुस्तक के 'डेवलपमेंट ऑफ़ द गोत्र सिस्टम्स' अध्याय में बताया है कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के जॉन ब्रौ की पुस्तक 'द अर्ली ब्राह्मनिकल सिस्टम ऑफ़ गोत्र एंड प्रवर –'अ ट्रांसलेशन ऑफ़ द गोत्रप्रवर मंज़री' में लिखित जानकारी के इंटरप्रिटेशन की बाबत सही टिप्पणी नहीं की है। गोत्र प्रवर मंजरी के लेखक पुरुषोत्तम पंडित हैं। कोसाम्बी ने हमें सावधान किया है और कहा कि अगर मूल पाठ नहीं देखा और इसकी पूर्ण समझ नहीं तो किसी किस्म की ऐसी टिप्पणी जिससे भारतीय समाज और इसके ज्ञानाधार के क्रमिक विकास के बारे में कुछ कहना है तो संयम से कहें। अर्थ यह कि विदेशी इंडोलॉजिस्ट्स में शायद वह समझ कभी विकसित नहीं हुई जिसकी पृष्ठभूमि को ठेठ भारतीय ज्ञान पद्धति से ही समझा जा सकता है। इंटरप्रिटेशन में सिर्फ सूचना का ही महत्व नहीं बल्कि भारतीय दर्शन की उत्पत्ति, कबीलों की उत्पत्ति और नामकरण, जियोग्राफी, नर-नारी के स्थायी निवास और प्रवर की उत्पत्ति के अलावा भाषा और संवाद, ग्रामर का विकास और भारत की अंतर्सामाजिक गतिकी के अलावा वर्णक्रम और इसकी अनेक मर्यादाओं को समझना होता है, ऐसा कोसाम्बी का सावधान करने वाला संकेत है। वेद, उपनिषद, पुराण और बहुत सी अन्य हिंदू धर्म और दर्शन की भारतीय मनीषियों द्वारा लिखित प्राचीन किताबें इन्होंने पढ़ी होंगी, भारतीय देवकुल सिस्टम को समझा होगा और फिर सूची बनाकर सबके विवरण जमा किए होंगें, भारतीय पंडितों से समझा होगा और भारतीय हिंदू समाज में इनकी व्यापकता को जाना होगा। जाहिर है एक अंग्रेज के लिए इन्हें समझना कितना श्रमसाध्य और समग्र प्रयास रहा होगा।मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी।

यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं। यह सब खुद को भ्रम में रखने जैसा निवारण प्रतीत होता है। तटस्थ भाव से उन लोगों की हमें प्रशंसा करनी चाहिए जिहोंनें अपनी भाषाओं अर्थात इंग्लिश, जर्मन, फ्रेंच, जापानी या मंडारिन में भारत को समझ कर किताबें लिखीं। जीवन के पहले 60-65 वर्षों में सांसारिक व्यस्तताओं से निपट कर अंतिम आश्रमावस्था के दौर में तो स्वाध्याय करके भारत को हम समझ ही सकते हैं अन्यथा टूरिस्ट बनकर मंदिरों के यूं ही ख्वामखाह चक्कर काटने से कुछ अधिक हासिल होने वाला नहीं है। इस समझ को भ्रमण से बढ़ाया जा सकता है। अंतिम दिनों में शांत होने के लिए इसे मैं अब जरूरी समझ रहा हूं।

## प्रसंगवश

# नीतीश : कितनी नावों में कितनी बार

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे

'कितनी नावों में कितनी बार' वैसे तो अज्ञेय जी का एक काव्य संग्रह है,जिस पर प्रतिष्ठापूर्ण 'ज्ञानपीठ'पुरस्कार मिला था, किंतु यहां हम उसका जिक्र नहीं करने जा रहे हैं। यहां हमारा वर्ण्य विषय है बिहार के आठ बार मुख्यमंत्री रहे और फिर बनने जा रहे नीतीशकुमार की बहुशः पाला बदल राजनीति। उन्हें ज्ञानपीठ तो नहीं हां 'पलटू राम'का खिताब जरूर हासिल हुआ है और देने वाले कोई और नहीं, वही भाजपाई हैं, जिनसे मिलकर अब नवीन सत्ता सृजन सामने है। यह युग अब 'राज'का ही रह गया है,'नीति'गायब हो चुकी है। भाजपा भी,अपने को 'पार्टी विद डिफरेंस'यानी अन्यों से भिन्न प्रकृति और व्यवहार रखने वाली पार्टी कहा करती रही है,अब सब की ही तरह होकर रह गई है। राजनीति अब केवल एक नाम भर रह गया है,कुर्सी ही सब कुछ है। ये नीतीशकुमार ने लालू यादव के भ्रष्ट और कुशासन के विरुद्ध समता पार्टी बनाने में आगे आगे रहे; लेकिन उनके साथ मिलकर खूब सरकारें बनाईं। अपने वरिष्ठ जार्ज फर्नांडीज़ के साथ कृतघन्नता की और उन्हें 2007 में टके का तीन करने में संकोच नहीं किया। पिछला विधानसभा चुनाव ये लड़े तो भाजपा से मिलकर थे, और सरकार भी बनाई; किंतु बहुत जल्द उससे ऊब गये और सुविधावादी दृष्टिकोण अपनाते हुए लालू यादव के राजद से हाथ मिला लिया। उनके नवीं फेल पुत्र तेजस्वी को उपमुख्यमंत्री पद पर आसीन करते हुए सरकार बना ली। जिनकी शासनावधि को जंगलराज कहा करते थे, गले लगा लिया। वर्तमान में भी इनके ह्रदय परिवर्तन का कारण कुर्सी ही है। लालू अपने बेटे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे; अतः नीतीश को सब्जबाग़ दिखाया कि 'आप अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष के पीएम फेस बनिये,मैं समर्थन करुंगा और बिहार तेजस्वी को दीजिए'। नीतीश यह महत्वाकांक्षा पाल बैठे कि वे विपक्ष के पीएम कैंडीडेट हो सकते हैं। इस क्रम में उन्होंने दौड़भाग शुरू की और विपक्ष के 'इंडिया'नामक गठबंधन ने आकार ले गया। हालांकि गठबंधन ने इन्हें भाव तो कभी नहीं दिया किंतु कुछ झटकों के बावजूद ये भ्रम पाले रहे कि शायद अब पीएम प्रत्याशी घोषित हो जाएं। अंततः जब कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे इस गठबंधन के अध्यक्ष चुन लिए गए, तब नीतीश की आशाओं पर तुषारापात हो गया। वे समझ गए कि यदि किसी तरह सत्ता विपक्ष के हाथ आ भी गई, तो पीएम कांग्रेस का ही होगा; उनका अपना कोई चांस नहीं। ऐसे में वे फिर भाजपा की ओर मुड़े और एनडीए का दामन थाम लिया। समझौते के अनुसार वे भाजपा की मदद से निर्बाध सीएम तो रहेंगे किंतु लोकसभा सीटें भाजपा को ज्यादा देनी पड़ेगी। भाजपा ने भी नैतिकता किनारे रखकर इनसे हाथ इसलिए मिलाया है,क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनावी वैतरणी पार करनी है। भाजपाई नेतृत्व जानता हे कि केवल 'रामभरोसे'काम नहीं चलेगा। यह भावनात्मक मुद्दा मात्र है; हो सकता है कि चुनाव तक भक्ति-जोश कम हो जाय और जाति या कुछ नई बातें पैदा हो जाएं, तो बेमेल गठबंधन भी कर लिए जाएं; सिद्धांत कौन पूछता है। जिन सुशील मोदी को नीतीश-मित्र मानकर बिहार की राजनीति से हटाया गया था,अब फिर भाव दिया जा रहा है।'जब आग लगी जलने,खैरात लगी बटने'कहावत में शब्दों का थोड़ा हेरफेर करना पड़ा। जरूरी था।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे! तब जनता इन मुखौटा बदलने वालों को क्या कहेगी और इनकी बात को कितना वजन देगी,यह भविष्य के अंधेरे में है।

# आधुनिकता के दौर में शर्मसार होती मानवता

सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं?

वर्तमान दौर में लोग रिश्तों की मर्यादा को भूलकर धन संपत्ति को तवज्जों देने में लगे हैं। आज का सबसे बड़ा सच यही है कि 'बाप-बड़ा ना भैय्या, सबसे बड़ा रुपैया'। धन दौलत के लिए संतान अपने माता-पिता से भी मुंह मोड़ रही हैं। जो मां बाप अपने बच्चों के लिए दिन-रात मेहनत करके सम्पति जमा करते हैं। लेकिन उसी सम्पति के लिए जब बच्चे अपनी मां की चिता का दाह संस्कार रुकवा दे तो ऐसी धन दौलत का क्या फ़ायदा? बीते दिनों मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना मथुरा के मसानी स्थित श्मशान घाट में देखी गई। जहां 85 वर्षीय महिला पुष्पा की मौत के बाद उसकी तीनों बेटियों के बीच जमीनी हक को लेकर लड़ाई शुरू हो गई और कई घंटे तक महिला का अंतिम संस्कार रुका रहा। सोचिए! उस मां की रूह पर क्या बीती होगी जब वह अपने ज़िगर के टुकड़ों को खुद से बढक़र जमीन जायजाद के लिए लड़ते देख रही होगी।

कहने को तो मां बेटी का रिश्ता दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता होता है। एक बेटी अपनी मां के हर दुःख तकलीफ़ को समझती है। लेकिन जब वही बेटियां धन दौलत के लालच में अंधी होकर अपनी मां की ही अंतिम विदाई की रस्म को रुकवा दे तो फिर क्या ही कहा जाए। वैसे तो अपने प्रियजन की मृत्यु किसी भी परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से दुखद और कठिन समय होता है। परिवार के सदस्य मृतक देह की अंतिम "विदाई" को पूरे सम्मान के साथ करते हैं। लेकिन बीते दिनों एक मां अपनी ही चिता के दाह संस्कार को तरसती रही। पुष्पा की तीन बेटियां हैं। लेकिन मां की मौत होते ही बेटियों में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद छिड़ गया। श्मशान घाट पर मां का शव रखा रहा और बेटियां लड़ती रहीं। जब तक मामले का निपटारा नहीं हो गया तब तक शव को मुखाग्नि नहीं दी जा सकी। करीब 8 से 9 घंटे मां का शव चिता पर रखा रहा। यहां तक कि श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार की विधि संपन्न कराने आए पंडित भी घाट से लौट गए। कई घंटे तक श्मशान घाट पर बेटियों का ड्रामा चलता रहा। पुलिस ने स्टाम्प लाकर जमीन का लिखित बंटवारा कराया तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार पूरा हो सका।

इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं? बस इस उम्मीद में की बच्चे उनके बुढ़ापे का सहारा बनेंगे। लेकिन आधुनिकता के इस दौर में ये परंपरा भी बदलती जा रही है। परिवार बिखरते जा रहे हैं। रिश्तों की डोर कमजोर हो रही है। पर आज भी माता-पिता का अपने बच्चों के प्रति प्रेम नहीं बदला है। श्मशान घाट जिसे मोक्ष धाम भी कहा जाता है, लेकिन एक मां की देह बेटियों की दौलत की लालसा में मोक्ष के लिए तरसती रहे। सोचिए जिन बहनों का जीवन बसाने के लिए एक मां ने उम्र भर कितने जतन किए होंगे। ख़ुद की खुशियां त्याग कर अपने बच्चों की जरूरत को पूरा किया होगा। पर इस निर्मोही समाज में रिश्तों का मर्म पत्थर हो गया है। ये घटना तो सिर्फ एक बानगी भर है। आए दिन निर्दयी समाज में ऐसे किस्से आम हो चले हैं।

बुजुर्गों की समस्या को देखते हुए सरकार उन्हें 'मरते दम तक' कीमती बनाए रखने का लाख जतन कर लें। लेकिन जब बुजुर्ग मां बाप को अपने बच्चों के सहारे की ज़रूरत हो तो सरकार कैसे उसकी औलाद को रिश्ता निभाना सिखाए? ये सवाल अहम हो जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण नियमावली 2014 में संशोधन करने जा रही है। इस संशोधन में न सिर्फ बुजुर्ग माता-पिता के बच्चों, बल्कि रिश्तेदारों को जोड़ा जा रहा है। जो बच्चे अपने माता पिता को प्रताड़ित कर या उनका ख़्याल न रखें उन्हें संपत्ति से बेदख़ल करने का प्रावधान किया गया है। साल 2017 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक गुजारा भत्ता एवं कल्याण कानून, 2007 के प्रावधानों को तीन माह के भीतर लागू करने का निर्देश दिया था। यह कानून राज्य सरकार को वरिष्ठ नागरिकों को गुजारा खर्च, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की सहूलियत प्रदान करता है। सरकार सीनियर सिटीजन के अधिकार को सुरक्षित कर रही है। बावजूद इसके आए दिन समाज में ऐसी अनगिनत कहानियां उजागर हो रही है। कहीं बच्चों के होते हुए भी बूढ़े मां बाप वृद्धावस्था में अपना जीवन गुज़र रहे है। तो कहीं घर के ही किसी कोने में घुटन भरी ज़िंदगी जी रहें हैं। बच्चे अपनी जवानी के नशे में भूल गए है कि कल उनका भी बुढ़ापा आएगा।

## सोशल फोरम

# विकसित भारत

मेरे एक दूर के रिश्तेदार हैं। स्वभाविक है कि सिख ही होंगे। तो अधिकतर सिखों के समान उनकी भी एक ही लालसा है....विदेश जाने की। अब पुश्तैनी पैसा हो और विदेशों में अपने सगे संबंदी हो तो विदेश जाना क्या मुश्किल। आखिर पहुंच गए विदेश उनके पास।

लेकिन कुछ महीनों के बाद ही वो वापिस चले आए। मुझे मिले तो थोड़े निराश से थे। शायद कोई ख्वाब टूटने का दर्द था। कहने लगे......विदेश से बढ़िया तो अपना भारत है। वहां तो किसी को फुरसत ही नही। गधे की तरह सप्ताह के पांच दिन काम करते हैं। और फिर दो दिन अपने घर का काम संवारते हैं। वहां तो सारा काम भी खुद ही करना पड़ता है। एक नौकर तक आदमी रख नही सकता।

इससे बढ़िया तो हमारा भारत है। जहां झाड़ू पोछा, चौका बर्तन से लेकर कपड़े धोने तक सब के लिए नौकर रख लो। अब हमारे घर मे ही देखो तीन तीन बाई आकर घर का सब काम करती हैं। घर की औरतों को असली मजा तो यहां है। वहां तो उन्हें भी काम पर जाना पड़ता है और सारा दिन जी तोड़ खटना पड़ता है। मैंने उससे कहा कि जिस बात पर तुम गर्व कर रहे हो , वास्तव में वो हमारे लिए शर्म की बात होनी चाहिए। काम के लिए तीन तीन बाई रख लेना कोई बहादुरी की बात नही, बल्कि इस बात का द्योतक है कि गरीबी यहां इस हद तक है कि 1000, 1500 रुपये में तुम इनसे घर का काम ले पा रहे हो। ये उदाहरण है कि कैसे करोड़ों असंगठित मजदूर वर्ग के लोगों का शोषण हो रहा है। इनके लिए कोई काम के घंटे नही। कोई छुट्टी भी नही। पीएफ, ग्रेटयूटी, मेडिकल सुविधा तो छोड़ दीजिए। कायदे से भारत तभी विकसित कहला सकता है जब तुम्हारे घर की स्त्रियों को सारे काम खुद ही करने पड़ें, जब तुम एक काम वाली बाई की तनख्वाह भी ना दे पाओ। जब काम वाली तुम्हारी बाई भी अपने दोपहिया पे तुम्हारे घर काम करने आए। और किसी रेस्तरां में वो तुम्हारे बगल में बैठ कर ही खाती मिले।मेरे मित्र मुझसे बहुत नाराज हैं, शायद इतना विकसित भारत उन्हें नहीं चाहिए।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

-फेसबुक वॉल से

# मौसम के दांव-पेच



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं।

इस साल अभी तक बारिश या बर्फबारी का नामो निशान नहीं है। नवंबर और दिसंबर का महीना बिन बारिश ही बीत गया था। नए साल की शुरुआत ने भी निराश किया है। जनवरी का महीना जाने को है लेकिन सूखा ही सूखा है। पूरे उत्तर भारत को कोहरे ने आगोश में लिया है। रेल और हवाई सेवाओं पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेन और फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं। दिल्ली में दृश्यता इतनी कम है कि जयपुर में लैंडिंग करवाने के कई मामले आए हैं।

लगभग एक महीने से धुंध का प्रकोप है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो रही है क्योंकि हवा में फैले अवांछित तत्व हमारी सांसों में घुलकर लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। शीत लहर और कोहरे ने सर्दी जुकाम, सांस के रोगियों और जोड़ों के की तकलीफों को तो बढ़ाया ही है, साथ ही एक सामान्य व्यक्ति को भी अवसाद से घेर लिया है। सूखी ठंड स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक भी मानी जाती है।

खेत खलिहानों पर भी सूखे का असर साफ़ दिख रहा है। यह रबी की फसल का मौसम है। गेहूं की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। अनाज और फलों के उत्पादन में 50 से 60 प्रतिशत की गिरावट बताई जा रही है। बारिश की कोई उम्मीद नहीं बन पा रही है। अगर यही हालत रही तो अन्न संकट गहरा सकता है। अर्थशास्त्र का नियम कहता है कि मांग और आपूर्ति में अगर असंतुलन हो जाए तो दाम बढ़ने तय हैं। सेव ठंडी जलवायु में उगने वाला फल है लेकिन बर्फबारी के अभाव के कारण इसे पकाने के लिए समुचित वातावरण नहीं मिल पा रहा है। पानी की कमी से गेहूं की फसल को पीला रतुवा रोग यानि फंगस लग गया है। जिससे कुल उत्पादन के 20 प्रतिशत के नुकसान का अनुमान बताए जा रहा है। अगर आने वाले समय में बारिश नहीं होती है तो इस प्रतिशत में वृद्धि हो सकती है।फिलहाल बाजार में सब्ज़ी और फलों के दामों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। जिससे बिचौलियों को छोड़कर किसानों और ग्राहकों दोनों को ही नुकसान है। नदियों और ताल तलैयों में भी इसका असर साफ दिखाई दे रहा है।

नैनी झील का स्तर लगातार घटता जा रहा है। एक तो वर्षा का न होना और ऊपर से जल दोहन। परिणामस्वरूप नैनी झील का जलस्तर 12 फीट से घटकर 7 फीट के लगभग आ गया है। जो निसंदेह चिंता जनक है। अभी बीते दिनों उधम सिंह नगर जिले में स्थित काशीपुर शहर की यात्रा पर जाना हुआ। बचपन में वहां जो ताल पानी से लबालब देखे थे, जिनमें कमल और दूसरे जलीय पौधों की भरमार रहती थी, आज सूख चुके हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अगर आने वाले समय में नैनी झील भी इस हालत में पहुंच जाय तो। हालांकि भूमिगत श्रोतों से इस झील को पानी मिलता रहता है लेकिन वर्तमान में इसका प्रतिशत बारिश से मिलने वाले पानी की तुलना में कम है। एक समय था जब नैनीताल में जनवरी तक कई बार बर्फवारी हो चुकी होती थी लेकिन जलवायु परिवर्तन के इस दौर में कई अपवाद देखने को मिल रहे हैं। शहर के आसपास पाए जाने वाले कई चिन्हित जल स्रोतों की संख्या भी अब धीरे-धीरे घट रही है। सूखाताल क्षेत्र में हालात बुरे हैं। अंधाधुंध कंक्रीट के जंगल खड़े करने से पानी के लिए जमीन के अंदर से रास्ता बनाना मुश्किल हो गया है। यही हाल भीमताल और आसपास के क्षेत्रों की झीलों का भी है। हिल सिटी नैनीताल जो ठंड के लिए मशहूर है, जनवरी के महीने में भी दोपहर में गर्मी का एहसास दिलाता है तो यह विचारणीय है। विंटर गेम्स के लिए प्रसिद्ध औली भी इस बार बर्फबारी का इंतजार कर रहा है।

इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं, वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश में अक्टूबर 23 से जनवरी 24 के बीच 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं रिकॉर्ड की गई। जो पिछले साल की अपेक्षा सात गुना अधिक हैं। इन घटनाओं ने वन भूमि को काफी नुकसान पहुंचाया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगलों में 600 से अधिक आग लगने की घटनाएं अभी तक हो चुकी हैं, जिनमें से अल्मोड़ा और चंपावत के जंगल प्रमुख हैं।अल्मोड़ा जिले के 11 हेक्टेयर से अधिक जंगल अभी तक आग की भेंट चढ़ चुके हैं। वन पंचायत के जंगल भी आग की गिरफ्त में हैं। लाखों रुपए की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। साथ में, धुएं से स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों में भी जंगलों में सूखी पत्तियों का ढेर जमा होने से कोई भी छोटी सी चिंगारी आग भड़काने का काम कर रही है। हिमालय की तलहटी पर बसे जम्मू कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का न होना इन राज्यों के लिए ही चिंता का विषय नहीं है बल्कि दूसरे राज्य भी इससे प्रभावित होने तय हैं। मौसम विभाग की जानकारी के मुताबिक उत्तर भारत में पड़ती इस भीषण सर्दी और कोहरे के लिए मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिम भारत में किसी भी पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय न होना है।

फागुन का महीना आते ही आयो नवल बसंत जैसे गीतों से मधुमास का स्वागत होने लगता था। मगर इस बार सुना है कि बसंत नहीं आएगा। सामान्यतः मार्च के महीने यानि होली तक हल्की ठंड रहती थी लेकिन वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि इस बार जाड़े के मौसम में कमी आएगी और फरवरी मध्य से अचानक तापमान बढ़ने लगेगा, जिससे बसंत ऋतु वाला मौसम गायब हो जाएगा।

## एक नजर

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

शक्तिफार्म। क्षेत्र के बैकुंठपुर पांच क्वार्टर निवासी युवक की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मृतक की 9 महीना पहले ही शादी हुई थी। बैकुंठपुर पांच क्वाटर निवासी उदय हालदार (22) पुत्र मनोज हालदार शनिवार शाम अपनी रिश्तेदार महिला के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बीजी 2086 से चोरगलिया क्षेत्र के जंगल स्थित सूर्य मंदिर से घर आ रहा था। किशनपुर रेंज के होरई खत्ता पास लकड़ी से लदे डंपर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उदय गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि महिला छिटककर दूर जा गिरी। महिला को भी काफी चोटें आईं हैं। दुर्घटना के बाद हरोई खत्ता के ग्रामीणों ने डंपर को रोककर घायलों को डंपर से उपचार के लिए भेज दिया।

# पांच जिलों में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीत लहर के बीच जनवरी के अंत तक और फरवरी के पहले सप्ताह तक अभी मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी का तो मैदानी इलाकों में गलन भरी सर्दी के साथ ही घने कोहरे का असर रहेगा। मौसम विभाग ने 1 फरवरी तक का यलो अलर्ट जारी किया है।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम में इस तरह का बदलाव आने का अनुमान है। मौसम विभाग ने

**1 फरवरी तक बिगड़ा रहेगा मौसम का मिजाज**

रविवार को जारी पूर्वानुमान में कहा है कि उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में 30 और 31 जनवरी के अलावा 1 फरवरी को बारिश हो सकती है। उच्च पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी का दौर रहेगा, जबकि राज्य के मैदानी इलाकों में ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जनपद में घना कोहरा छाया रहेगा। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बदलते मौसम को देखते हुए सावधानी बरतने को कहा है। कुछ जिलों में धूप तो खिलेगी, लेकिन शीतलहर के चलते ज्यादा असर नहीं रहेगा।

# मातृशक्ति के सहयोग बिना राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं: धामी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। आज प्रदेश के दुर्गम गांवों में महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर कुटीर उद्योगों के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान कर रही हैं। महिलाओं के पास कौशल की कभी कोई कमी नहीं रही और अब यही कौशल उनकी और उनके परिवारों की आर्थिकी को शक्ति प्रदान कर रहा है।

रविवार को रुद्रप्रयाग में नारी शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत

### मुख्यमंत्री ने किया ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में प्रतिभाग

मुख्यमंत्री ने प्राचीन देवल से अगस्त्य मुनि खेल मैदान तक विशाल रोड शो में हिस्सा लिया।

आयोजित ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में मुख्यमंत्री ने 467.78 करोड़ रुपये की 27140 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया और विभिन्न घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचप्रयागों में से एक प्रयाग होने के कारण इस भूमि का स्थान उत्तराखंड में ही नहीं बल्कि भारत में अति विशिष्ट है। हमारी मातृशक्ति सही अर्थों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज देशभर में करीब 23 करोड़ महिलाओं को जन धन खातों के जरिए बैंकों से जोड़ा जा चुका है। प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी योजना, नंदा गौरा मातृवंदना जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं।

### प्रदेश में जल्द लागू हो जाएगा यूसीसी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया। वहीं, धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया। प्रदेश में पहली बार लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई की। साथ ही हमने प्रदेश की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी प्रारंभ की। प्रदेश सरकार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का जल्द ड्राफ्ट मिल जाएगा, जिसके बाद जल्द समान नागरिक संहिता को लागू करने की तैयारी चल रही है।

# अब वह विष्णु के 11वां अवतार बनने निकले हैं

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देहरादून से साधा प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को देहरादून से लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान का आरंभ किया। चुनावी बिगुल फूंकने के साथ ही खरगे ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर तंज कसे। रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल के मैदान में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने यहां देरी से पहुंचने पर क्षमा मांगते हुए कहा कि आजकल उड़ने के लिए मोदी जी की आज्ञा लेनी पड़ती है। फिर हेलीकॉप्टर में चढ़ने, उतरने, हेलीकॉप्टर लैंडिंग में भी उनकी आज्ञा लेनी पड़ती है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आप उत्तराखंड के लोग हिम्मत वाले हैं।

**कहा- आजकल उड़ने, हेलीकॉप्टर में चढ़ने-उतरने व लैंडिंग में लेनी पड़ती है मोदी जी की आज्ञा**

पूरे देश को बचाने वाले हैं। उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा पर आरोप लगाया कि आजकल देश को बचाने का क्रेडिट वह उत्तराखंड या हिमालय को नहीं देते। पूरा क्रेडिट मोदी जी खुद लेते हैं। जो चल रहा है, आप सब सुबह अपने धर्म के गुरु की फोटो या चेहरा नहीं देखेंगे। टीवी लगाकर आप मोदी जी का चेहरा देखेंगे। इसीलिए अब वह विष्णु के 11वां अवतार बनने को निकले हैं। हर व्यक्ति धर्म पर भरोसा रखता है, लेकिन राज्य अलग होता है। उन्होंने कहा कि हमारी नेता इंदिरा गांधी ने देश को एक रखने के लिए अपनी जान दी। राजीव गांधी ने जान दी। उन्होंने भाजपा से पूछा कि आजादी के लिए आपके कितने लोग जेल गए, कितने बर्बाद हुए, कितनों ने अपने घरबार छोड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग फांसी पर चढ़े हैं। उनके घर का कोई व्यक्ति कभी आजादी के लिए नहीं मरा।

### राहुल गांधी तो उन्हें सोने ही नहीं दे रहे हैं

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि मोदी जी के सपने में नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी आते हैं। आजकल राहुल गांधी तो उन्हें सोने ही नहीं दे रहे हैं। वह डर रहे हैं। हमारी न्याय यात्रा मणिपुर, नागालैंड में अच्छी हुई, लेकिन असम में घुसते ही गड़बड़ी शुरू हो गई। यात्रा को रोकने का प्रयास किया गया। भाजपा की सरकार असम में है वहीं ये गड़बड़ हुई लेकिन हम डरकर भागने वाले नहीं हैं। जब तक आप सब हैं, कांग्रेस को कोई हिला नहीं सकता।

### वोटिंग पावर खत्म करने की कोशिश

खरगे ने आरोप लगाया कि हमने जो बनाया, उन सबको भाजपा बेचकर खा रही है। मैं 1974 में पंतनगर यूनिवर्सिटी में 30 वर्ष की आयु में आया था। वह यूनिवर्सिटी कांग्रेस ने बनाई। एनआईटी उत्तराखंड, एम्स, आईआईएम, बीएचईएल, ओएनजीसी जैसे सब हमने बनाए। हजारों लोगों को नौकरी मिली। उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि आपका कुछ है तो बताओ।

हल्द्वानी में रविवार को भू-कानून और मूल निवास की मांग को लेकर तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क से हीरा नगर स्थित पर्वतीय उत्थान मंच गोल्ज्यू मंदिर तक निकाली गई महारैली में उमड़ी भीड़। समन्वय संघर्ष समिति के आह्वान पर निकाली गई महारैली में विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संगठनों ने शिरकत की। ● अमृत विचार

# जंगल में लकड़ी बीनने गई महिला को बाघ ने मार डाला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** एक दिन पहले रामनगर के चुकुम गांव में गोपाल राम को बाघ द्वारा मार दिए जाने की घटना को लोग भूले भी नहीं थे कि रविवार को कार्बेट पार्क के ढेला रेंज में बाघ ने शाम साढ़े चार बजे 50 वर्षीय महिला दुर्गा देवी को मौत के घाट उतार दिया। ताजी घटना सावल्दे गांव के कशेरुवा नाले की है।

प्रत्यक्षदर्शी महिला गंगा देवी ने बताया कि वह लकड़ी बीनकर घर की ओर आ रहे थे। इसी बीच नाले के पास उनके सामने ही बाघ महिला को उठाकर ले गया। शोर मचाने के बावजूद बाघ महिला को जंगल के अंदर ले गया। सीटीआर के वन क्षेत्राधिकारी की टीम व ग्रामीणों ने शव को बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

ग्रामीणों ने मृतक महिला के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर बाघ को आदमखोर घोषित कर गोली मारने को कहा। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर दिगंथ नायक ने बताया कि सूचना पर विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और शव को बरामद कर लिया।

## वृद्ध को मारने वाला बाघ ट्रेंकुलाइज

**रामनगर।** शनिवार को सुबह वृद्ध पर हमला कर मौत के घाट उतारने वाले बाघ को रामनगर वन प्रभाग की टीम ने रविवार की अल सुबह तीन बजे ट्रेंकुलाइज कर लिया। बाघ देर रात चुकुम निवासी विनोद प्रकाश के मवेशी को भी मौत के घाट उतार चुका था। अब सीसीएमबी हैदराबाद भेजे जा रहे हैं बाघ के सैंपल, जिससे यह साफ हो पाएगा कि बुजुर्ग को निवाला बनाने वाला बाघ यही है या नहीं। बाघ को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज स्थित ढेला रेस्क्यू सेंटर में भेज दिया गया है। रामनगर वनप्रभाग के डीएफओ दिगांथ नायक ने बताया कि शनिवार दिन चुकुम गांव में बाघ के हमले की घटना हुई थी।

# रुद्रपुर से लापता शिक्षक का रामगंगा में उतराता मिला शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद के रुद्रपुर से लापता प्रधानाध्यापक का शव मिलक के कूप गांव में रामगंगा में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। मृतक के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

रुद्रपुर के मोहल्ला न्यू जैन कालोनी निवासी 45 वर्षीय त्रिवेणी सिंह राणा बिलासपुर तहसील क्षेत्र के सकटुआ गांव में कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। 8 जनवरी को अपराह्न करीब

**रामपुर जिले के मिलक थाना क्षेत्र का मामला**

तीन बजे वह जैकेट में चेन लगवाने के लिए बाइक से घर से निकले थे, लेकिन वह शाम को घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी।

रविवार को मिलक कोतवाली क्षेत्र के कूप गांव में रामगंगा में लोगों को एक शव उतराता दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। शिनाख्त कराने की कोशिश की। पुलिस की सूचना पर कूप गांव पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान त्रिवेणी सिंह राणा के रूप में की। मृतक के परिजनों का कहना है कि त्रिवेणी सिंह का मोबाइल भी नहीं मिला है। उनकी हत्या की गई है।

मिलक के कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि शिक्षक द्वारा रामगंगा नदी में कूदकर आत्महत्या का मामला लग रहा है। शव पानी में बहकर पुल से कूप गांव पहुंच गया होगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मूल निवास-1950 व भू-कानून को लेकर हल्ला बोल, जताया आक्रोश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मूल निवास 1950 और सशक्त भू-कानून लागू करने की मांग को लेकर रविवार को हल्द्वानी में विशाल महारैली निकाली गई। इस महारैली में हल्द्वानी समेत प्रदेश के सभी जनपदों से हजारों लोग शामिल रहे। महारैली से पूरा शहर बोल पहाड़ी हल्ला बोल..., सुन ले दिल्ली-देहरादून लेके रहेंगे भू-कानून... जैसे नारों से गूंज उठा।

मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति के आह्वान पर हुई महारैली में विभिन्न राजनीतिक,

**बुद्धपार्क से हीरानगर गोल्ज्यू मंदिर तक निकाली महारैली**

सामाजिक व सांस्कृतिक संगठनों ने शिरकत की। महारैली में शामिल होने के लिए सुबह करीब 9 बजे से ही लोग तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में जुटने लगे थे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे लोगों का हुजूम भी बढ़ता चला गया।

करीब साढ़े 12 बजे महिलाओं की अगुवाई में महारैली शुरू हुई जो नैनीताल रोड होते हुए बद्रीपुरा, कालाढूंगी रोड, जेल रोड चौराहा से हीरानगर स्थित गोल्ज्यू मंदिर पहुंची। जहां लोगों ने गोल्ज्यू देवता से न्याय की गुहार लगाई।

## विविध

### कश्मीर के गुलमर्ग में दो माह बाद बर्फबारी...

श्रीनगर। कश्मीर घाटी के ऊपरी इलाकों में रविवार को हल्की बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होने से लगभग दो महीने से चला आ रहा सूखा समाप्त हो गया। गुलमर्ग, सोनमर्ग, दूधपथरी, तंगमर्ग, गुरेज घाटी, बांदीपोरा के त्रागबल और कुपवाड़ा के कर्नाह जैसे पर्यटन रिसॉर्ट्स में बर्फबारी हुई। गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में पर्यटक बर्फबारी देखकर और यादगार तस्वीरें खींचकर बहुत खुश थे। पर्यटक बर्फ से अठखेलियां करते हुए खुशी का इजहार करते नजर आए।

# इतना जल्दी ऐसा होते कभी नहीं देखा

मुंबई, एजेंसी

नीतीश कुमार ने रविवार को इंडिया गठबंधन का साथ छोड़कर एनडीए के साथ सरकार बना ली। इस मामले पर शरद पवार ने कहा है कि राजनीति में इतने कम समय में ऐसा होते हुए उन्होंने कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा पटना में जो कुछ भी हुआ, इतने कम समय में ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं देखी गई। पवार ने कहा कि मुझे याद है कि नीतीश कुमार ने ही सभी गैर बीजेपी दलों को पटना में बैठक के लिए बुलाया था, लेकिन पिछले

**नीतीश कुमार के पाला बदल पर बोले शरद पवार**

10-15 दिनों में ऐसा क्या हो गया कि उन्होंने इस विचारधारा को छोड़ दिया और आज बीजेपी में शामिल होकर सरकार बना ली। उन्होंने कहा 10 दिन पहले ऐसा नहीं लग रहा था कि वो ऐसा कोई कदम उठाएंगे। इसके विपरीत, वो बीजेपी के विरोधी की भूमिका निभा रहे थे। अचानक क्या हो गया, ये पता नहीं। नीतीश कुमार के बारे में शरद पवार ने ये भी कहा कि जनता उन्हें भविष्य में ऐसा करने के लिए ज़रूर सबक सिखाएगी।

### लोकसभा की सभी 40 सीटें जीतेंगे: रविशंकर प्रसाद

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता, सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। रविशंकर प्रसाद ने कहा, वो एक अस्वभाविक गठबंधन था। डबल इंजन की सरकार आई है। वे बोले, अब जबकि बिहार में ये बदलाव आया है तो यहां विकास होगा। उन्होंने यह भी कहा हम लोकसभा की सभी 40 सीटें जीतेंगे।

# लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे दिग्विजय सिंह

**राजगढ़ , एजेंसी।** मध्य प्रदेश से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार किया है। सिंह ने शनिवार को राजगढ़ जिले के खिलचीपुर शहर में संवाददाताओं से कहा, ''चुनाव लड़ने का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि मैं राज्यसभा का सदस्य हूं और अभी भी (राज्यसभा के कार्यकाल में) दो साल से अधिक का समय बाकी है।'' दिग्विजय सिंह ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भोपाल लोकसभा सीट से किस्मत आजमाई थी लेकिन उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने 3.65 लाख मतों के अंतर से हरा दिया था। सिंह ने 1984 और 1991 में राजगढ़ लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया था।

# इलाबांस देवल मंदिर संरक्षित धरोहरों में शुमार, पर्यटन को मिलेगी पहचान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बीसलपुर में दियूरिया जंगल के समीप स्थित पौराणिक इलाबांस देवल मंदिर अब पुरातत्व विभाग के संरक्षण में रहेगा। मंदिर को राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति द्वारा संरक्षण में लेने की संस्तुति दे दी गई है। जिसके बाद राज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक ने डीएम को पत्र भेजकर पौराणिक स्थल से संबंधित राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

ऐतिहासिक विरासतों के सानिध्य में जहां कभी पीलीभीत की संस्कृति फली फूली, आज वहीं विरासतें संरक्षण के अभाव में अतीत के पन्नों में दर्ज होती जा रही है। इन्हीं में से एक हैं तहसील बीसलपुर का प्राचीन इलाबांस देवल मंदिर। यह देवस्थल जनपदवासी ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदवासियों के लिए भी प्रमुख आस्था का केंद्र है। इस देव स्थल पर मुख्य

**बीसलपुर का पौराणिक प्राचीन इलाबांस देवल मंदिर श्रद्धालुओं के लिए है प्रमुख आस्था का केंद्र**

मंदिर समेत तीन मंदिर है। प्रमुख मंदिर में वन देवी की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है, जबकि दो अन्य अन्य मंदिरों में प्राचीन मूर्तियों के अलावा शिलाएं मौजूद हैं। बताते हैं कि देवस्थल की प्रतिमाएं दसवीं शताब्दी के दौरान स्थापित की गई थी। मुख्य मंदिर पर लगी शिलालेख के मुताबिक इस पौराणिक देवस्थल का निर्माण विक्रमी संवत् 1049 में कराया गया था। इस देवस्थल को वन देवी के रूप में पूजने की मान्यता है। लोध राजपूत समाज के लोग इन्हें अपनी ईष्ट देवी/कुल देवी मानते हैं। यहां वर्ष में एक बार विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है। अप्रैल 2018 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के आगरा सर्किल की टीम ने मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया था। निरीक्षण रिपोर्ट विभाग के उत्खनन शाखा के

इलाबांस देवल मंदिर में स्थापित वनदेवी की प्राचीन मूर्ति। मंदिर में रखी प्राचीन मूर्ति।

निदेशक को सौंप दी गई, जिसमें उत्खनन की सिफारिश की गई थी, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया। करीब चार साल बाद अगस्त 2022 में पुरातत्व विभाग की लखनऊ सर्किल की टीम ने प्राचीन मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। इधर, तमाम सर्वे आदि के बाद अब राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति ने इलाबांस देवल मंदिर को संरक्षण में लिए जाने की संस्तुति दी है। राज्य पुरातत्व विभाग ने जिला प्रशासन से देवस्थल को संरक्षण में लिए जाने को लेकर राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा है। इसको लेकर राज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक रेनू द्विवेदी ने डीएम को पत्र भेजा है।

### इपिग्राफिया इंडिका में भी देवस्थल का उल्लेख

भारतीय इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण पुस्तक इपिग्राफिया इंडिका के अंक एक के पेज 75 पर इलाबांस देवल स्थल का उल्लेख है। वर्ष 1829 में अंग्रेजी विद्वान एचएस वुल्डरसन के शोध पर आधारित प्रकाशित लेख के मुताबिक दक्षिण भारत के छिन्दा राजवंश से संबंध रखने वाले राजा की पत्नी लक्ष्मी ने अपने पति की पराक्रम गाथा को दर्शाते हुए इस धरोहर का निर्माण कराया था। मुख्य मंदिर पर लगी शिलालेख के मुताबिक इस पौराणिक देवस्थल का निर्माण विक्रमी संवत् 1049 में कराया गया था। हालांकि स्थानीय किंवदंती पर गौर करें तो वर्षों पूर्व एक महात्मा द्वारा इस स्थल पर चबूतरा निर्माण के लिए खुदाई कराई गई थी।

# मोदी फरवरी में दो बार ओडिशा का कर सकते हैं दौरा

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी में दो बार ओडिशा का दौरा कर सकते हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने रविवार को यह जानकारी दी। श्री सामल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), संबलपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए तीन फरवरी को पश्चिमी ओडिशा के संबलपुर आने वाले हैं। प्रधानमंत्री अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान कुछ परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे और अन्य का उद्घाटन करेंगे। श्री सामल ने कहा कि प्रधानमंत्री महिला समावेश को संबोधित करने के लिए 10 फरवरी को फिर से ओडिशा का दौरा कर सकते हैं।

# कर्मचारियों की अवैध संपत्तियों को बुलडोजर से ढहाएगी सरकार

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि आरोपी कर्मचारियों की अवैध संपत्तियों को बुलडोजर से ढहा दिया जाएगा। दिलावर ने कहा कि अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोपी सरकारी कर्मचारियों को निलंबित और बर्खास्त किया जाएगा।

यहां एक आधिकारिक बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, ऐसे अपराधों (भ्रष्टाचार) के दोषियों की अवैध

**राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री का भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों को चेतावनी**

संपत्तियों को भी बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उन सरकारी कर्मचारियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले दर्ज हैं, लेकिन पर्याप्त सबूतों के अभाव में अब तक कार्रवाई से बच गए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध संपत्तियों को ढहाने में उन्हें ''अगर नियमों के उल्लंघन के लिए फांसी भी हो जाए'' तो कोई परवाह नहीं होगी।

### मन की बात की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में बोले प्रधानमंत्री

# संविधान निर्माताओं का भी प्रेरणा स्रोत रहा है राम का शासन: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि राम का शासन देश के संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था।

उन्होंने कहा कि इस साल हमारे संविधान के निर्माण के 75 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और लोकतंत्र के ये पर्व लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है और ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान निर्माताओं ने राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था।

#### परीक्षा पे चर्चा शिक्षा व परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा

छात्रों के साथ वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष 2.25 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया है जबकि 2018 में जब यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था, उस वक्त यह संख्या केवल 22,000 थी। उन्होंने कहा-परीक्षा पे चर्चा का यह सातवां संस्करण होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूं। इससे मुझे छात्रों के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है और मैं उनके परीक्षा सबंधी तनाव को कम करने का भी प्रयास करता हूं।

## पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही

सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर देशभर में नफरत और हिंसा फैलाने तथा गरीबों और युवाओं के हितों को नजरअंदाज करके बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए काम करने का आरोप लगाया। गांधी उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए एक अल्पकालिक भर्ती योजना 'अग्निवीर' को शुरू करके उन युवाओं का मखौल उड़ाया है जो सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहते थे। उन्होंने कहा-देशभर में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। इससे कोई फायदा नहीं होगा।

ठाणे में रविवार को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित विंटेज कार और बाइक रैली में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ● एजेंसी

## एक नजर

### मुंबई में क्रेन से कुचलकर मजदूर की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में क्रेन से कुचलकर 20 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि घटना शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे खारघर इलाके में हुई। उसने बताया कि केबल बिछाने के लिए खुदाई की जा रही थी और मजदूर उस जगह पर एक केबल ड्रम को धकेल रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सड़क पर क्रेन के पास गिर गया। खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उस समय क्रेन संचालक ने मशीन को आगे बढ़ा दिया, जिससे कुचलकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवी मुंबई के बेलापुर इलाके के निवासी सुनील नरसीमा तांगड़ी के रूप में हुई है।

### लड़की पर तेजाब फेंकने का आरोपी पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक स्कूल के समीप एक लड़की पर तेजाब जैसा तरल पदार्थ कथित तौर पर फेंकने को लेकर रविवार को 16 वर्षीय एक किशोर को पकड़ा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना बुधवार दोपहर एक बजे हुई, जब लड़की शास्त्री पार्क एक्सटेंशन इलाके में एक स्कूल से अपने 10 वर्षीय संबंधी को लाने के लिए गयी थी। घटना की शिकायत उसी दिन दर्ज कर बुराड़ी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई।

## दिल्ली के मंदिर में जागरण के लिए बनाया गया मंच गिरा, एक की मौत

नई दिल्ली,एजेंसी

▸▸ **शनिवार देर रात हुआ हादसा 17 अन्य लोग घायल**

दिल्ली में कालकाजी मंदिर में जागरण के लिए बनाए गए मंच के ढह जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुखद घटना शनिवार देर रात करीब 12.30 बजे हुई। मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को कालकाजी मंदिर के महंत परिसर में जागरण का आयोजन किया गया था और इसमें लगभग 1600 लोग शामिल हुए थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिला की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने लिखा "कालकाजी मंदिर के जागरण में कल रात हुआ हादसा बेहद दुखद है, हादसे में एक महिला की मौत हुई है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।

घायल हुए 17 लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। उन्होंने लिखा-मेरी सभी दिल्लीवासियों से अपील है कि किसी भी तरह के बड़े आयोजन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें, व्यवस्था इस प्रकार करें कि कोई भी अप्रिय घटना ना घटे। पुलिस उपीयुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया, कार्यक्रम के लिए कोई पूर्व अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मी तैनात किए गए थे। शनिवार रात लगभग 12.30 बजे 1,500-1,600 लोग एकत्र हुए थे। पुलिस के अनुसार आयोजकों और अति विशिष्ट लोगों के परिवारों के लिए मुख्य मंच के पास लोहे के फ्रेम के सहारे लकड़ी का ऊंचा मंच बनाया गया था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि लगभग 12.30 बजे वजन अधिक होने के कारण यह मंच बीच में से ढह गया। इसके चलते मंच पर बैठे और जमीन पर उसके आसपास बैठे लोग घायल हो गए।

एक प्रत्यक्षदर्शी वरुण ने बताया कि मंदिर में बड़ी भीड़ थी क्योंकि गायक बी प्राक वहां मौजूद थे। बताया-अचानक मंच ढह गया और मंच के पास बैठे लोगों को चोटें आईं। गायक बी प्राक तब तक वहां से जा चुके थे। मंदिर में मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उसने बहुत तेज आवाज सुनी और लोगों को बाहर भागते हुए देखा था।

## आप लोस चुनाव इंडिया के साथ मिलकर लड़ेगी : केजरीवाल

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन लोकसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के हिस्से के रूप में लड़ेगी।

लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में प्रस्तावित हैं जबकि विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने जींद में पार्टी की 'बदलाव जनसभा' में कहा-आज लोगों को केवल एक ही पार्टी पर भरोसा है, जो आम आदमी पार्टी है। एक तरफ उन्हें पंजाब, तो दूसरी तरफ दिल्ली में हमारी सरकार दिखती है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा एक बड़ा बदलाव चाहता है। इसके पहले दिल्ली और पंजाब के लोगों ने यह बड़ा बदलाव किया था और अब वहां के लोग खुश हैं।

## मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार के फैसले से मैं सहमत नहीं: नारायण राणे

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने रविवार को कहा कि वह महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें कहा गया है कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता है, तबतक उन्हें ओबीसी को मिल रहे सभी लाभ मिलेंगे। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने राणे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग में अतिक्रमण होगा तथा इससे महाराष्ट्र में अशांति फैल सकती है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनकी मांगें मान लिये जाने के बाद शनिवार को अपना अनिश्चितकालीन उपवास खत्म कर दिया था। मुख्यमंत्री शिंदे ने घोषणा की थी कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, तबतक उन्हें ओबीसी को प्राप्त सभी लाभ मिलेंगे।

## सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर ली शपथ

पटना, एजेंसी

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार ने रविवार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

राजभवन में आयोजित समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्री नीतीश कुमार के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू के विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, भाजपा के ही प्रेम कुमार, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा समर्थकों ने जय श्री राम और मोदी मोदी के नारे लगाए। वहीं, हम के समर्थकों ने जय भीम तथा जदयू समर्थकों ने नीतीश कुमार के पक्ष पर नारा लगाया।

**पटना :** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, नव-शपथ ग्रहण करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा। ● एजेंसी

▸▸ **नीतीश कुमार नौवीं बार बने बिहार के मुख्यमंत्री**

शपथ ग्रहण समारोह में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जदयू सांसद ललन सिंह, भाजपा नेता मंगल पांडे और राजीव प्रताप रूडी समेत कई अन्य गणमान्य शामिल थे।

### नीतीश कुमार असली सहयोगी हैं: जेपी नड्डा

भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन को असली (नेचुरल) गठबंधन बताते हुए रविवार को कहा कि उनके साथ गठजोड़ होने से राज्य को फायदा होगा और आगामी लोकसभा चुनाव में राजग प्रचंड विजय हासिल करेगा। गठबंधन सहयोगी के रूप में अपनी पार्टी के साथ कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के तुरंत बाद यहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में नड्डा ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का उपहास करते हुए कहा-गठबंधन का मतलब परिवार की रक्षा करना एवं भ्रष्टाचार का बचाव करना है।

### भाजपा ने 7 साल के छोटे सफर में उप मुख्यमंत्री बनाकर सम्राट चौधरी की पगड़ी का बढ़ाया मान

वंशवाद और परिवारवाद से परे की राजनीति का दावा करने वाली भाजपा ने सम्राट चौधरी को पार्टी के साथ महज 7 साल के छोटे सफर में ही बिहार का उप मुख्यमंत्री बनाकर उनकी पगड़ी का मान बढ़ा दिया है। भाजपा में वर्ष 2017 में शामिल हुए सम्राट चौधरी ने वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन में शामिल हो कर सरकार बनाने के बाद प्रण लिया था कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतारने के बाद ही वह अपनी पगड़ी खोलेंगे।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### भारत की गैस मांग 6% बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** उर्वरक इकाइयों, बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों में खपत बढ़ने के साथ भारत की प्राकृतिक गैस की मांग 2024 में छह प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह जानकारी दी। भारत में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति 2022 में सालाना आधार पर सात प्रतिशत घट गई थी, हालांकि 2023 में इसमें पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान मुख्य रूप से पेट्रोरसायन, बिजली उत्पादन, रिफाइनरी और औद्योगिक क्षेत्रों से मांग बढ़ी।

### सीएनएच पांच करोड़ डॉलर का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** इतालवी-अमेरिकी ऑफ रोड निर्माण और कृषि कंपनी सीएनएच इस साल भारत में कृषि मशीनरी खंड में पांच करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी का इरादा इस साल मई में 105 एचपी का ट्रैक्टर भी उतारने का है। सीएनएच इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीएनएच न्यू हॉलैंड ब्रांड नाम से कृषि मशीनरी और उपकरणों का उत्पादन और बिक्री करती है।

### प्रौद्योगिकी के व्यापार पर कल होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारी, उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियां और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ भारत की निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर 30 जनवरी को यहां चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के व्यापार तथा वैश्विक सर्वोत्तम व्यवहार पर विचार-विमर्श होगा। अधिकारी ने कहा कि रणनीतिक व्यापार नियंत्रण पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर चर्चा के लिए अधिकारियों और नेताओं को एक मंच मिलेगा।

## बजट में मोदी की गारंटी छाए रहने की संभावना

### पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग बोले-पेश की जा सकती हैं लोकलुभावन योजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में मोदी की गारंटी की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं। यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा।

गर्ग ने कहा कि वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं। उन्होंने कहा-सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों-को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी।

#### आगामी बजट से वाहन कंपनियों को भरोसा, हरित परिवहन को बढ़ावा देना जारी रखेगी सरकार

वाहन क्षेत्र की कुछ प्रमुख कंपनियों का मानना है कि सरकार को आगामी बजट में हरित परिवहन को बढ़ावा देने की नीति को जारी रखने की जरूरत है। उनका कहना है कि इसके अलावा बुनियादी ढांचा क्षेत्र की विकास की रफ्तार को भी कायम रखने की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा-हमारा अनुमान है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय जारी रहेगा। सरकार को हरित परिवहन के लिए नीतिगत प्रोत्साहन पर ध्यान जारी रखना चाहिए। इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उप-प्रबंध निदेशक (कॉरपोरेट योजना, वित्त एवं प्रशासन और विनिर्माण) स्वप्नेश आर मारू ने कहा कि वाहन विनिर्माताओं को भरोसा है कि सरकार अर्थव्यवस्था और परिवहन क्षेत्र को एक ऐसे हरित भविष्य में स्थानांतरित करने की दिशा में अपना प्रयास जारी रखेगी जो जीवाश्म ईंधन पर कम निर्भर हो। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा कि वाहन क्षेत्र के लिए सतत नीतियों से इस क्षेत्र का विस्तार होगा।

## लाल सागर संकट से तेल आपूर्ति में व्यवधान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **एचपीसीएल प्रमुख बोले, पिछले साल रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के चेयरमैन पुष्प कुमार जोशी ने कहा कि लाल सागर में हुती विद्रोहियों द्वारा माल ढुलाई जहाजों पर किए जा रहे हमलों से भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि हालांकि, रास्ता बदलकर अपेक्षाकृत लंबे 'केप ऑफ गुड होप' मार्ग अपनाने के कारण माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है। तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक भारत में रूस से तेल की आपूर्ति लाल सागर मार्ग से होती है।

पिछले साल भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक थी, जो प्रति दिन 17 लाख बैरल थी। रूसी जहाज और मालवाहक फिलहाल हमलों का मुख्य लक्ष्य नहीं हैं। हालांकि, स्वेज नहर और लाल सागर के माध्यम से आवागमन

के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे के आसपास का मार्ग अपनाने से जहाजों को लंबी यात्राएं करनी पड़ रही हैं, जिससे जहाजों की कमी हो गई है और माल ढुलाई लागत में वृद्धि हो गई है।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) के नतीजे आने के बाद निवेशकों के साथ एक बातचीत में जोशी ने कहा कि एचपीसीएल ने अप्रैल के मध्य तक कच्चे तेल की आपूर्ति तय कर दी है और उसे आपूर्ति में कोई बाधा नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल अपनी कच्चे तेल की 44-45 प्रतिशत जरूरतों को सऊदी अरब और इराक की राष्ट्रीय कंपनियों से किए गए करार के जरिए पूरा करती है।

#### मार्ग से देश का निर्यात 50%, आयात 30%

**मुंबई।** लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग-अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है। क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल-फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए।

## शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.16 लाख करोड़ रुपये घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का सामूहिक बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 1.16 लाख करोड़ रुपये घट गया। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ।

कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.56 अंक या 1.37 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 सबसे कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 32,661.45 करोड़ रुपये घटकर 10,90,001.31 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,682.74 करोड़ रुपये घटकर 5,71,337.04 करोड़ रुपये पर आ गया।

## टोल फ्री पर आए फसल बीमा के दावे कर दिए गए गोल

प्रशांत सक्सेना, अमृत विचार

▸▸ **2023-24 में कितने व्यक्तिगत दावे, कितने स्वीकार व कितने निरस्त पता नहीं**

▸▸ **क्लेम बचाने के चक्कर में कंपनियों ने कृषि विभाग को नहीं दिया कॉल विवरण**

**लखनऊ :** बीमा कंपनियों ने खरीफ 2023-24 में बीमित फसलों का क्लेम बचाने के चक्कर में व्यक्तिगत दावे गोल कर दिए। जो बारिश या फिर आपदा के समय किसानों ने टोल फ्री नंबर पर काल कर दर्ज कराए थे। नुकसान के समय प्रदेश में टोल फ्री नंबर पर कितनी काल आई, कितने दावे स्वीकार किए और कितने निरस्त किए यह व्यक्तिगत दावे कंपनियां छिपा गईं। कृषि विभाग को भी इस तरह का विवरण नहीं दिया गया। इससे यह माना जा रहा कि कंपनियों ने हर बार की तरह ज्यादातर व्यक्तिगत दावे निरस्त कर दिए। क्योंकि नुकसान के समय टोल फ्री नंबरों पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर शिकायत दर्ज की जाती है। इसी आधार पर कंपनियों को फसल का सर्वे कर 100 फीसद क्षतिपूर्ति 21 दिन के अंदर देय होती है। इसमें कंपनियों को घाटा होता है। जिसे बचाने के लिए दावे निरस्त कर कॉल रिपोर्ट दबा लेती हैं।

**... तो किस आधार पर 6 करोड़ :** खरीफ 2023-24 में 23.54 लाख किसानों ने धान, बाजरा, मक्का, तिल, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसल बीमित कराई थी। कंपनियों ने 600 करोड़ प्रीमियम लिया था। इसमें 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना बताया जा रहा है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ बकाया है। लेकिन, इसमें व्यक्तिगत दावे कितने और मध्यावधि की क्षतिपूर्ति कितनी यह स्पष्ट नहीं है। ऐसे में क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान उपज के आधार पर क्षतिपूर्ति दी जाएगी। इसमें कंपनियों को फायदा और किसानों को घाटा होता है।

वहीं इस संबंध में उमा शंकर सिंह, उप निदेशक (फसल बीमा एवं सांख्यिकीय, कृषि निदेशालय) ने बताया कि खरीफ का 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। इसमें मध्यावधि व व्यक्तिगत दावे शामिल हैं। लेकिन अलग-अलग संख्या स्पष्ट नहीं है। टोल फ्री पर आए व्यक्तिगत दावों की कॉल रिपोर्ट सभी कंपनियों से मांगी गई है।

#### इतने किसानों की फसल बीमित

केसीसी किसान - 20.17 लाख
गैरऋणी किसान - 3.37 लाख
बीमित क्षेत्रफल - 291.13 लाख

#### ये लिया गया प्रीमियम

| | | |
|---|---|---|
| कुल - | 600.95 | |
| कृषक - | 181.13 | |
| राज्य अंश - | 209.91 | |
| केंद्र अंश - | 209.91 | (करोड़ में) |

# मेदवेदेव को हराकर सिनर ने जीता पहला ग्रैंडस्लैम खिताब

## सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच का दबदबा किया था खत्म

मेलबर्न, एजेंसी

यानिक सिनर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है। सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच के टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने वाले 22 साल के सिनर पहली बार किसी बड़े टूर फाइनल में खेल रहे थे। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी है।

अमेरिकी ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव की ग्रैंडस्लैम के 6 फाइनल में यह पांचवीं हार है। यानिक सिनर ने टूर्नामेंट के अपने चौथे पांच सेट तक चले मैच के साथ ग्रैंडस्लैम के ओपन युग में कोर्ट पर सबसे अधिक समय बिताने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2022 अमेरिकी ओपन में कार्लोस अल्कराज के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। अल्काराज ने तब 23 घंटे 40 मिनट कोर्ट पर बिताए थे।

### 3 बार फाइनल में पहुंचने के बाद भी खिताब नहीं जीत सके मेदवेदेव

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार फाइनल में जगह बनाने के बावजूद मेदवेदेव खिताब नहीं जीत सके। वह 2021 में जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हारे थे। नडाल के खिलाफ भी वह अपनी पहले दो सेट की बढ़त को बरकरार नहीं रख सके थे। मेदवेदेव इस बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचने के लिए पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते। इसमें से दो मैचों में उन्होंने शुरुआती दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की। सिनर ने इस दौरान फाइनल से पहले छह मैचों में केवल एक सेट गंवाया, जो जोकोविच के खिलाफ तीसरे सेट के टाईब्रेकर में था।

### सू वेई और एलिसे मर्टेंस बनीं महिला युगल चैंपियन

ताईवान की सेह सू वेई ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरे सबसे उम्रदराज महिला बन गई, जिन्होंने बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको और यूक्रेन की लिउडमाइला किचेनोक को 6-1, 7-5 से हराया। यह सू वेई का सातवां महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब है, जबकि मर्टेंस का चौथा। इससे पहले पुरुष वर्ग में भारत के 43 वर्ष के रोहन बोपन्ना सबसे उम्रदराज युगल चैंपियन बने, जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ खिताब जीता। आस्ट्रेलिया की लीजा रेमंड सू वेई से आठ दिन बड़ी थी जब उन्होंने 2011 अमेरिकी ओपन खिताब जीता था। मार्तिना नवरातिलोवा ने 49 वर्ष की उम्र में 2006 अमेरिकी ओपन जीता था।

# दिव्यांश ने विश्व रिकॉर्ड से जीता स्वर्ण

काहिरा, एजेंसी

भारत के दिव्यांश सिंह पंवार ने रविवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल्स में विश्व रिकॉर्ड बनाकर देश को आईएसएसएफ विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। 21 साल के निशानेबाज दिव्यांश ने 253.7 अंक से चीन के शेंग लिहाओ के पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में बनाए गए 253.3 के रिकॉर्ड को बेहतर किया।

दिव्यांश ने क्वालीफिकेशन में विश्व स्तरीय 632.4 अंक से पहले स्थान से 24 शॉट के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें भी अपने सटीक निशानों से रजत पदक विजेता इटली के दानी सोलाजो को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। उन्होंने एक भी स्कोर 10 से कम का नहीं बनाया और उनके दो शॉट परफेक्ट 10.9 अंक के रहे। दिव्यांश ने कहा कि इस पदक से निश्चित रूप से इस महत्वपूर्ण वर्ष में आत्मविश्वास बढ़ेगा। सर्बिया के लाजार कोवासेविच ने कांस्य पदक जीता, जबकि फाइनल में पहुंचने दूसरे भारतीय अर्जुन बबूता छठे स्थान पर रहे। यह दिव्यांश का विश्व कप चरण में कुल पांचवां स्वर्ण पदक है। 2019 में चीन के पुटियान के बाद यह उनका दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है। भारत के अब दो स्वर्ण और दो रजत पदक हो गए हैं, जिससे देश ओलंपिक वर्ष के पहले आईएसएसएफ विश्व कप चरण की तालिका में शीर्ष पर चल रहा है।

# पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को 28 रन से हराया

## श्रृंखला में 1-0 से बनाई बढ़त, 231 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 202 रन पर सिमटी

हैदराबाद, एजेंसी

**196** रन बनाए इंग्लैंड के ओली पोप ने दूसरी पारी में

**7** विकेट झटके टॉम हार्टले ने टेस्ट क्रिकेट में डब्यू करते हुए

ओली पोप के 196 रन का शतक और अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले के 7 विकेट से इंग्लैंड ने रविवार को हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत पर 28 रन की यादगार जीत दर्ज की। इसके साथ 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया लेकिन हार्टले की फिरकी में फंसकर भारतीय टीम दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। घरेलू टेस्ट में 2013 के बाद यह भारत की चौथी हार है।

### हार्टले की फिरकी के आगे ढही भारतीय टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रवैया ओली पोप के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी से निपटने के तरीके से बिल्कुल विपरीत था। भारत के दोनों स्पिनर पिच पर कभी भी खतरनाक नहीं दिखे और इंग्लैंड ने दूसरी पारी में काफी रन बटोर लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने छह विकेट पर 316 रन से आगे खेलते हुए पोप की बदौलत दूसरी पारी में 420 रन बनाए, जिससे उन्हें काफी अच्छी बढ़त मिली। यह हार भारत को गहरा घाव देगी क्योंकि टीम 25 साल के लंकाशर के ऐसे गेंदबाज के सामने ढह गई, जिसे कुल तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच का अनुभव है।

### स्पिन के सामने बेबस दिखे भारतीय बल्लेबाज

पिच पर काफी टर्न और उछाल मौजूद था लेकिन भारतीय बल्लेबाज इससे निपट नहीं सके। शुभमन गिल (0), यशस्वी जायसवाल (15) और श्रेयस अय्यर (13) अपनी ही गलतियों से आउट हुए। जायसवाल सिली प्वाइंट पर पोप को कैच देकर लौटे। दो गेंद बाद ही गिल भी लौट गए, जो खाता भी नहीं खोल पाए। इस बार भी कैच सिली प्वाइंट पर पोप ने लपका। हार्टले ने रोहित शर्मा (39 रन) को पगबाधा आउट करके तीसरा विकेट लिया। इसके बाद केएल राहुल और अक्षर पटेल ने संभलकर खेला और चाय तक कोई विकेट नहीं गंवाया। हार्टले का सामना करने के लिए श्रेयस अय्यर के ऊपर अक्षर को भेजा गया लेकिन अक्षर को हार्टले ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। राहुल (22) एक और प्रभावी पारी खेलने की ओर बढ़ रहे थे लेकिन जो रूट की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। रविंद्र जडेजा तेजी से एक रन लेने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के सीधे थ्रो से रन आउट हो गए। तेजी से दौड़ते वक्त वह मांसपेशियों में खिंचाव से जूझते दिख रहे थे जो भारतीय खेमे के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

### दूसरी बार किसी टीम ने भारत के खिलाफ बनाए 400 रन

लंच तक भारत ने तीन विकेट गंवाए थे और अंतिम सत्र में तीन विकेट गंवाने के बाद रविचंद्रन अश्विन (28) और केएस भरत (28) ने आठवें विकेट के लिए 58 रन की भागीदारी निभाकर उम्मीद जगाई। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में 400 से ऊपर स्कोर किया और भारत के खिलाफ 2012 के बाद दूसरी बार ही कोई टीम इस आंकड़े को छूने में कामयाब रही है। पोप ने टॉम हार्टले (35) के साथ 106 गेंद में 80 रन की साझेदारी की। उन्होंने रिवर्स स्वीप और स्वीप शॉट बखूबी खेले। रविचंद्रन अश्विन ने इस साझेदारी को तोड़कर हार्टले को आउट किया। इसके बाद भारत ने जल्दी विकेट चटकाए। जसप्रीत बुमराह ने धीमी गेंद पर पोप को आउट करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया। बुमराह ने ही रेहान अहमद को विकेट से पीछे कैच कराकर सफलता दिलाई थी।

**2012** के बाद 400 रन का आंकड़ा छूने में कामयाब रही इंग्लैंड की टीम

# श्रीलंका क्रिकेट से निलंबन हटा

**कोलंबो, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने रविवार को तत्काल प्रभाव से श्रीलंका क्रिकेट पर लगा निलंबन हटा दिया। श्रीलंका क्रिकेट को आईसीसी सदस्य के रूप में दायित्वों के गंभीर उल्लंघन के लिए पिछले साल नवंबर में निलंबित कर दिया गया था। इन दायित्वों में विशेष रूप से अपने मामले स्वायत्तता से संभालने और संचालन में कोई सरकारी हस्तक्षेप नहीं होने की जरूरत शामिल थी।

**सरकारी हस्तक्षेप पर पिछले साल आईसीसी ने किया था निलंबित**

बोर्ड निलंबन के बाद से श्रीलंका क्रिकेट के हालात की निगरानी कर रहा है और अब इस बात से संतुष्ट है कि वह अब सदस्यता दायित्वों का उल्लंघन नहीं कर रहा है। खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने ट्वीट कर निलंबन हटाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा। आईसीसी ने पिछले साल नवंबर में राजनीतिक हस्तक्षेप का हवाला देते हुए श्रीलंका क्रिकेट को निलंबित कर दिया था।

## खेल डायरी

### हॉकी: नीदरलैंड से हार के बाद दक्षिण अफ्रीका दौरा खत्म

**केपटाउन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रविवार को नीदरलैंड के हाथों मिली 1-5 की निराशाजनक हार से समाप्त किया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल अभिषेक ने किया। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन ने दो गोल दागे, जबकि विश्व की शीर्ष रैंकिंग टीम के लिए डुको टेलजेनकैम्प, जेप होडरमेकर्स और कोएन बिजेन ने एक-एक गोल किए। नीदरलैंड ने जानसेन के गोल से शुरू में ही बढ़त बना ली। भारतीय टीम लगातार हमलों के बावजूद पहले क्वार्टर के अंत तक गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने 16वें और 21वें मिनट में दो गोल कर भारत पर दबाव बना दिया। फिर जानसेन ने 28वें मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया और नीदरलैंड की टीम पहले हाफ में 4-0 से आगे हो गई। दूसरे हाफ में भारत ने गोल करने की तमाम कोशिशें कीं लेकिन बिजेन ने एक और गोल कर नीदरलैंड को 5-0 से बढ़त दिला ली। फिर अभिषेक ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर स्कोर 1-5 किया।

### तवांग में अंतर्राष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट 5 फरवरी से

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा के पास तवांगचू नदी पर छह दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट अगले महीने आयोजित किया जाएगा। इस नदी में तिब्बत की दो नदियां मिलती है जो बाद में तिब्बत से होकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती हैं। पांच फरवरी से होने वाले तवांगचू टाइड्स टूर्नामेंट में प्रतिभागियों को रोमांच की पूरी सौगात मिलेगी। आयोजकों के अनुसार दुनिया भर के 130 कयाकर्स इसमें भाग लेंगे। इसका आयोजन अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू के मार्गदर्शन में हो रहा है, जो इसी प्रदेश से हैं। तवांगचू तवांग की प्रमुख नदी है और करीब 10000 फुट की ऊंचाई पर चीन की सीमा के करीब स्थित है। अरुणाचल प्रदेश तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के साथ 1,129 किलोमीटर लंबी एलएसी साझा करता है।

### एआईएफएफ ने प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने महासचिव शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। प्रभाकरण ने कहा कि उन्हें कार्यकारी समिति की बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्होंने सदस्यों को एक पत्र भी लिखा था लेकिन फिर भी आमंत्रित नहीं किया गया। प्रभाकरण को सात नवंबर को विश्वासघात करने के आरोप में महासचिव पद से हटा दिया गया था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने आठ दिसंबर को उनकी बर्खास्तगी पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। अदालत ने 19 जनवरी के अपने नवीनतम आदेश में कहा था कि प्रभाकरण को एआईएफएफ की आपातकालीन समिति ने बर्खास्त कर दिया था।

### फाइनल में नीदरलैंड से हारकर भारत बना उपविजेता

**मस्कट।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के फाइनल में नीदरलैंड से 2-7 से हारकर उपविजेता रही। भारत के लिए ज्योति छत्री और रूतुजा दादासो पिसाल ने गोल दागे। नीदरलैंड के लिए यानेके वान डे वेन्ने, बेंते वान डेर वेल्ट, लाना काल्से और सोशा बेनिंगा ने गोल किए। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी को 3 लाख और सहयोगी स्टाफ को डेढ़ लाख रुपये पुरस्कार देने का एलान किया है। मैच की शुरुआत से दोनों टीमों ने काफी आक्रामक खेल दिखाया लेकिन सफलता नीदरलैंड को मिली जब यानेके ने लंबी दूरी से लगाए गए शॉट पर गोलकीपर रजनी इतिमार्पू को छकाकर गोल किया। इसके दो मिनट बाद वान डेर वेल्ट ने दूसरा गोल दाग दिया। उसने आठवें मिनट में एक और गोल करके डच टीम का शिकंजा कस दिया। पहले हाफ से चार मिनट पहले लाना काल्से ने डच टीम के लिए चौथा गोल दागा और सोशा ने दो मिनट बाद बढ़त 5-0 की कर दी। पहले हाफ के आखिरी मिनट में यानेके ने एक और गोल किया। दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में भारत के लिए ज्योति ने गोल किया और तीन मिनट बाद रूतुजा ने एक गोल दागकर डच टीम की बढ़त कम की। इस बीच नीदरलैंड के लिए लाना ने जवाबी हमले पर गोल करके बढ़त फिर पांच गोल की कर दी।

# अब्दुसत्तारोव को शिकस्त देकर विदित संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**विज्क आन जी, एजेंसी।** ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने एक बार फिर विषम परिस्थितियों को पार करते हुए टाटा स्टील मास्टर्स के 12वें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को हराकर तालिका में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।

शतरंज

विदित की इस जीत से टूर्नामेंट काफी रोमांचक हो गया है। जहां शीर्ष पर 7.5 अंक के साथ पांच खिलाड़ी है और एक दौर का मुकाबला बचा है। विदित के साथ डी गुकेश, चीन के वेई यी, हॉलैंड के अनीश गिरी और अब्दुसत्तारोव तालिका में शीर्ष पर है।

फाइनल में हालांकि अनीश का पलड़ा भारी होगा क्योंकि उनका मुकाबला तालिका में आखिरी पायदान पर काबिज मैक्स वेरमेरडैम से है। आर प्रज्ञानानंदा ने 12वें दौर में गुकेश के साथ ड्रॉ मुकाबला खेला। आखिरी दौर के मुकाबलों में गुकेश के सामने ईरान के परम माघसूदलू की चुनौती होगी, जबकि विदित को वेई यी की मुश्किल चुनौती से पार पाना होगा।

# भारत ने अमेरिका को 201 रन से हराया

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

**अंडर-19 विश्व कप**

**327 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका टीम 125 रन पर हुई ढेर**

**108** रन बनाए अर्शिन ने

**4** विकेट चटकाए नमन तिवारी ने

सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी (108) के शतक के बाद तेज गेंदबाज नमन तिवारी के 4 विकेट की मदद से भारत ने रविवार को अंडर-19 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप मैच में अमेरिका पर 201 रन की बड़ी जीत दर्ज की।पहले ही सुपर सिक्स में जगह पक्की कर चुकी गत चैंपियन भारत ने इस तरह टूर्नामेंट में अजेय लय जारी रखी। अब टीम सुपर सिक्स में ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी।

सलामी बल्लेबाज अर्शिन के शतक और मुशीर खान (73) के अर्धशतक से भारत ने 50 ओवर में 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 20 रन देकर चार विकेट चटकाए। भारतीय गेंदबाजों ने कमजोर टीम अमेरिका को 50 ओवर में 8 विकेट पर 125 रन पर समेट दिया। अमेरिका की टीम किसी भी समय इस विशाल लक्ष्य के करीब पहुंचती नहीं दिखी। नमन और राज लिंबानी ने नई गेंद से पहले 10 ओवर में अमेरिका के शीर्ष क्रम को चरमरा दिया। लिंबानी ने प्रणव चेटिपालायाम को पहले ओवर में, जबकि नमन ने भाव्य पटेल को दूसरे ओवर में आउट किया। फिर आठवें ओवर में नमन ने कप्तान ऋषि रमेश को पवेलियन भेजा। उत्कर्ष श्रीवास्तव (40 रन) और मानव नायक भी नमन के शिकार बने।

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने बल्लेबाजी में दबदबा बनाया। हालांकि पारी के अंत में अमेरिकी गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट झटक लिए। अर्शिन ने 118 गेंद की पारी खेली। मुशीर ने 73 रन बनाए। दोनों ने 155 रन की साझेदारी की।

# शामार जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ झटके 7 विकेट

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** शामार जोसेफ के 7 विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता, जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है।

शामार जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर 7 विकेट लिए और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे। एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 24 साल के शामार जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की। 1997 में दस विकेट से जीत दर्ज करने के बाद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच नहीं जीता था।

# बॉलीवुड हलचल

## अमिताभ के बयान के बाद फिर छिड़ी साउथ और बॉलीवुड में टक्कर पर बहस

**साल** 2022 से ही बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। जहां 2022 में साउथ का जलवा रहा तो 2023 में बॉलीवुड ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। साउथ और बॉलीवुड के बीच चल रही टक्कर पर अमिताभ बच्चन के बयान के बाद एक बार फिर इस पर बहस शुरू हो गई है। अमिताभ ने हाल ही में पुणे में सिंबायोसिस फिल्म फेस्टिवल में कहा था कि रीजनल सिनेमा काफी अच्छा कर रहा है, वे हिंदी फिल्मों की तरह मूवी बना रहे हैं। इस दौरान अमिताभ ने मलयालम और तमिल सिनेमा की तारीफ भी की। अमिताभ बच्चन ने कहा कि हमारी सभी फिल्मों की स्टोरी में कही न कहीं दीवार, शक्ति और शोले है। बिग बी ने बॉलीवुड की आलोचना करने वालों को भी खरी-खोटी सुनाई। बिग बी ने कहा कि ये कहना गलत है कि उनकी फिल्में चल रही हैं, हमारी नहीं। अमिताभ बच्चन की कुछ फिल्मों का साउथ में रीमेक भी किया गया, इनमें अमर अकबर एंथोनी, डॉन, दीवार जैसी फिल्मों के रीमेक ने साउथ में जबरदस्त कमाई की।

### जब रॉकस्टार की शूटिंग करते वक्त गाना गाते-गाते खो गए थे रणबीर कपूर

**रणबीर** कपूर की फिल्म रॉकस्टार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रणबीर कुन फाया कुन गाने की शूटिंग में नजर आ रहे हैं। रणबीर ने इस पर अपनी राय रखी है। रणबीर ने बताया कि वह सिर्फ गाना गाते जा रहे थे और कैमरे ने कुछ ऐसा कैद कर लिया, जिसका श्रेय उन्हें आजतक मिल रहा है। रणबीर ने बताया कि वह इस गाने को गाते समय पूरी तरह खो गए थे। रणबीर कपूर के इस पुराने वीडियो ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर गदर काट दिया है।

## सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी मां श्रीदेवी के पदचिह्नों पर चलते हुए हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ साउथ की फिल्मों में भी अदाकारी करती नजर आएंगी। यही वजह है कि उन्होंने जूनियर एनटीआर की अगली पैन इंडिया मूवी देवरा के लिए एक झटके में हां कह डाली। अब वह एक और बड़े साउथ सुपरस्टार सूर्या के साथ जोड़ी बनाने की तैयारी में हैं। फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि जाह्नवी कपूर जल्द ही तमिल सुपरस्टार सूर्या के साथ उनकी अगली फिल्म कर्ण में नजर आएंगी। निर्देशक राकेश ओम प्रकाश मेहरा की यह एक बिग बजट ड्रामा फिल्म है। जिसे बेहद बड़े स्तर पर बनाया जाएगा। महाभारत की कहानी पर आधारित फिल्म में जाह्नवी कपूर सूर्या के साथ लीड रोल में दिखेंगी। खबर है कि इस फिल्म को मेकर्स 2 भागों में बनाने वाले हैं। फिल्म में कर्ण का किरदार सूर्या निभाएंगे, जबकि जाह्नवी कपूर के किरदार को लेकर अभी जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन पहले ही शुरू हो चुका है। अब फिल्म जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली हैं। बता दें कि जाह्नवी कपूर के हाथों कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं। वो तमिल सुपरस्टार सूर्या स्टारर इस फिल्म के अलावा जूनियर एनटीआर की मूवी देवरा में नजर आएंगी। जो पैन इंडिया मूवी है। इसके अलावा वो राजकुमार राव स्टारर फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही और अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में भी दिखेंगी। साथ ही उनके पास उलझ और रणभूमि जैसी फिल्में भी हैं।

## रामायण में हनुमान का किरदार निभाएंगे सनी देओल

**रणबीर** कपूर और साईं पल्लवी की मेगा बजट फिल्म रामायण रिलीज से पहले काफी चर्चा में है। फिल्म के डायरेक्टर नितेश तिवारी कलाकारों को कास्ट करने में काफी समय ले रहे हैं। अब तक हर रोल को लेकर काफी चर्चा चल रही है। हाल ही में खबर आई थी कि यश इस फिल्म में रावण का रोल निभाने वाले हैं। राम के रोल में रणबीर कपूर नजर आ सकते हैं तो वहीं हनुमान के रोल के लिए सनी देओल का नाम जोड़ा जा रहा है। अब सनी देओल की एंट्री फिल्म में पक्की मानी जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के कलाकार नजर आ सकते हैं। सनी देओल इस फिल्म के लिए मई से शूटिंग शुरू कर देंगे। इस फिल्म के तीन पार्ट आएंगे। पहले पार्ट में सनी देओल का छोटा सा रोल होने वाला है। इसके अगले दो पार्ट में सनी देओल का खास रोल होगा। रिपोर्ट के मुताबिक रामायण में सनी देओल हनुमान का रोल निभाने वाले हैं। फिल्म में सनी देओल के साथ-साथ उनके भाई बॉबी देओल भी नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के लिए विजय सेतुपति से भी बात की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी बताया जा रहा है कि लारा दत्ता का भी इस फिल्म में कैकेयी का रोल निभा सकती हैं।

### राहत फतेह अली खान का शार्गिद को पीटते वीडियो वायरल

**पाकिस्तानी** सिंगर राहत फतेह अली खान का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें राहत फतेह अली खान अपने एक स्टूडेंट को चप्पल-घूंसों से मारते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर हुई फजीहत के बाद पाकिस्तानी सिंगर राहत फतेह अली खान मीडिया के भी निशाने पर आ गए है। उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वायरल वीडियो में राहत फतेह अली खान अपने घर से एक बोतल गायब होने को लेकर छात्र से सवाल जवाब कर रहे हैं। वह इसके गायब होने पर अपना गुस्सा छात्र पर निकालते हैं। अब इस वीडियो पर खुद राहत फतेह अली खान ने भी सफाई दी है। उन्होंने उसी छात्र के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें वह इस मामले को उस्ताद और शार्गिद का रिश्ता बता रहे हैं। वीडियो में उन्होंने अपने उसी छात्र से सफाई भी दिलवाई है। साथ ही उसके पिता भी मामले पर मिट्टी डालते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद भी लोगों का गुस्सा थमा नहीं है। राहत फतेह अली खान के इस माफीनामे पर भी लोग जमकर अपनी भड़ास निकालते दिखे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## एक नजर

### बाली: विश्व का पहला प्राइवेट जेट विला, 1 रात का किराया 5.4 लाख

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली में 30 साल के रूसी प्रॉपर्टी डेवलपर फेलिक्स डेमिन ने समुद्र किनारे दुनिया का पहला प्राइवेट जेट विला बनाया है। पुराने बोइंग 737-200 में बने इस विला में एक रात रहने का किराया 5.4 लाख रुपये है। ये विला 2 साल में 8.3 करोड़ रुपये में बना है। हालांकि, भीड़-भाड़ से दूर यहां एक शांत वातावरण है। कॉकपिट में हॉट टब के साथ एक चट्टान पर स्थित यह दुनिया का सबसे अनोखा होटल है। विमान के ढांचे से निर्मित पहला लक्जरी विला है। बाली में न्यांग न्यांग बीच चट्टानों पर स्थित है और इसे बोइंग 737 विमान का उपयोग करके बनाया गया था।

### अमेरिका के लॉस एंजिलिस में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में शनिवार को गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इस हत्या के बाद आत्महत्या का मामला बताया है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान साझा कर बताया कि लेर्डो एवेन्यू के 11600 ब्लॉक में गोलीबारी की सूचना मिलने पर अधिकारी रात सात बजे से पहले घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर चार लोगों को मृत घोषित किया गया और जांचकर्ताओं के अनुसार, यह हत्या के बाद आत्महत्या करने का मामला है।

### बहुपक्षीय युद्ध अभ्यास से लौटा नौसेना का समुद्री निगरानी विमान

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का समुद्री निगरानी विमान पी-8आई गुआम में 'एक्स सी ड्रैगन-24' अभ्यास पूरा होने के बाद रविवार को स्वदेश लौटा। यह अभ्यास एक हफ्ते तक चला। भारतीय नौसेना ने बताया कि उसकी नौसेना के चालक दल ने पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास और रणनीति के जरिए अमेरिकी नौसना, ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना, जापानी समुद्री आत्मरक्षा बलों और कोरिया गणराज्य की नौसेना के साथ बहुपक्षीय अभ्यास में अंतर-क्षमता को बढ़ाया। गुआम प्रशांत महासागर के पश्चिमी हिस्से में स्थित एक द्वीप है। यह द्वीप अमेरिका के अधीन है।

## सदन की कार्यवाही में व्यवधान कोविड के खतरे से कम नहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

# 'चर्चा' लोकतंत्र की आधारशिला

मुंबई, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि 'चर्चा' जो लोकतंत्र की आधारशिला है, हंगामे में तब्दील हो गई है और सदन की कार्यवाही में व्यवधान लोकतंत्र के लिए कोविड के खतरे से कम नहीं है।

धनखड़ ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों को सदन की मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायी निकायों की कार्यवाही में व्यवधान एक दुखद परिदृश्य है। धनखड़ ने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि गड़बड़ी और व्यवधान की योजना बनाई जाती है, जिसके लिए बैनर छापे जाते हैं और नारे गढ़े जाते हैं। ऐसी चीजों का हमारी प्रणाली में कोई स्थान नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिनिधि संस्थाओं और प्रतिनिधियों में जनता के विश्वास का कम होना समाज के लिए कैंसर है। धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को सदन की कार्यवाही पर बारीक नजर रखनी चाहिए और मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा, पीठासीन अधिकारी लोकतांत्रिक स्तंभों के संरक्षक हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि (सदन में) अनुशासनहीनता और अशोभनीय व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं और व्यवधान डालने में गर्व महसूस किया जाता है। धनखड़ ने कहा, यह परेशान करने वाला परिदृश्य है और इससे बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए आत्ममंथन की जरूरत है।

### अशोभनीय आचरण की जगह हमारे देश की संसद में नहीं

84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में हंगामा और कार्यवाही बाधित करने की योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक इशारों पर तख्तियां छपवाई जाती हैं। उपराष्ट्रपति के मुताबिक सदन में नारेबाजी के लिए भी रणनीति बनाकर हंगामे होते हैं। इन बातों में कुछ भी अब रहस्य जैसा नहीं। संसद में ऐसे अशोभनीय आचरण की कोई जगह हमारे देश के सिस्टम में नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं के प्रति कम होता जनता का भरोसा कैंसर जैसा है।

### दल-बदल विरोधी कानून की समीक्षा के लिए नार्वेकर की अगुवाई में बनेगी समिति

**मुंबई।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि देश के दल-बदल विरोधी कानून की समीक्षा के लिए महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की अगुवाई में समिति गठित की जाएगी। उन्होंने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के बाद यह घोषणा की। संविधान की दसवीं अनुसूची में निर्वाचित और नामांकित सदस्यों को अपने राजनीतिक दल को छोड़ने से रोकने और विधायकों के पाला बदलने की समस्या पर रोक लगाने के लिए कड़े प्रावधान हैं। बिरला ने कहा कि नार्वेकर समीक्षा के लिए समिति की अध्यक्षता करेंगे। नार्वेकर ने 2022 में शिवसेना में फूट के बाद दल-बदल विरोधी कानून के तहत पार्टी के दोनों धड़ों द्वारा एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए दायर याचिकाओं पर इस महीने की शुरुआत में अपना फैसला दिया था। नार्वेकर राकांपा के दो गुटों द्वारा दायर ऐसी ही याचिकाओं पर भी सुनवाई कर रहे हैं।

## नेपाल: ग्लेशियर पिघलने से बाढ़ का खतरा, अब बिजली बना रहे

**काठमांडू।** नेपाल उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियर पिघलने से गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए छोटे-छोटे बांध बनाए जा रहे हैं। इनपर हाइड्रो पावर संयंत्र लगाने का प्रयोग कामयाब है। 2017 में पहली बार तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के क्यानजिन घाटी के दो गांवों में हाइड्रो पावर प्लांट से 175 घरों में रोशनी, खाना पकाने और अन्य जरूरतों के लिए बिजली दी जा रही है।

गर्मी बढ़ने से हिमालय की ऊंची चोटियों की बर्फ पिघल रही है। इससे तेजी से भरने वाली हिमनद झीलों के नीचे स्थित गांवों में विनाशकारी बाढ़ का खतरा मंडराता रहा है। इससे निपटने के लिए नेपाल ने छोटी-छोटी नहरें भी बनाई हैं। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में पूर्वोत्तर भारतीय प्रांत सिक्किम में ल्होनक झील के फटने से 150 से अधिक लोग मारे गए और 2 हजार घर गिर गए थे। नेपाल सरकार ने त्रासदी को देखते हुए पहल की है, और कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया जा रहा है।

# मुंबई: नौकरी करने वाले नहीं देने वाले बनें: धर्मेंद्र प्रधान

मुंबई, एजेंसी

▸▸ आईआईएम के दीक्षांत समारोह में बोले- 2047 तक विकसित भारत में शिक्षा का होगा अहम योगदान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना पूरा करने में शिक्षा और तकनीक का योगदान अहम होगा। आईआईएम मुंबई के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे विकसित इकोनॉमी बन सकती है और विकसित भारत मे हम दुनिया को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने नए स्नातकों का आह्वान किया कि नौकरी करने वाले नही नौकरी देने वाले बनें।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में संस्थान के 1013 छात्रों को स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान की गई। साल 1963 में स्थापित, भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई (आईआईएम मुंबई) शैक्षिक उत्कृष्टता के केंद्र का गढ़ है, जिसने देश के शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ संरेखित करने की प्रतिबद्धता के साथ, आईआईएम मुंबई को रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में क्षमता निर्माण के लिए नोडल केंद्र के रूप में नामित किया गया है, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से योगदान देता है। आईआईएम मुंबई तीन एमबीए कार्यक्रम, उद्योग की जरूरतों को पूरा करने वाले कार्यपालक कार्यक्रम, वैश्विक और राष्ट्रीय प्रमाणन कार्यक्रमों की पेशकश करता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशक और सीईओ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) आशीष कुमार चौहान और आईआईएम मुंबई शासी मंडल के अध्यक्ष शशि किरण शेट्टी और अन्य सदस्य शामिल थे।

# मालदीव की संसद में सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों में मारपीट

माले, एजेंसी

▸▸ घायल नेता को इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

मालदीव की संसद के विशेष सत्र में रविवार को पीपीएम व पीएनसी पार्टी की गठबंधन सरकार के सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें कुछेक सांसद घायल हो गए हैं और सरकार के प्रस्ताव पर संसद की मंजूरी नहीं मिल पाने से मोहम्मद मुइज्जू सरकार को करारा झटका लगा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सनसनीखेज वीडियो फुटेज में कुछ चौंकाने वाले दृश्य देखने को मिले।

इसमें मुख्यतः मारपीट विपक्षी एमडीपी सांसद इसा और सत्तारूढ़ पीएनसी सांसद अब्दुल्ला शहीम अब्दुल हकीम के बीच होती देखी जो सतारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों की मारपीट में बदल गई। बात दें, वीडियो में शमीम को इसा का पैर पकड़कर खींचते और फिर दोनों सांसदों के एक साथ जमीन पर गिरते दिखाया गया है। वहीं दूसरे फुटेज में ईसा को शहीम की गर्दन पर लात मारते और उनके बाल खींचते देखा गया। दोनों सांसदों की गुत्थम-गुत्था में और कई सांसद भी लपेटे में आ गए।

एक अन्य फुटेज में कई अन्य सांसदों को शहीम को खींचकर दूसरी तरफ ले जाता भी देखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार इस भीषण मार-पिटाई के बाद घायल एक सांसद को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजना पड़ा। मंत्रियों की पुनर्नियुक्ति को दोपहर 1.30 बजे मंजूरी दी जानी थी, लेकिन कुछ पीएनसी सांसदों ने सदन को घेर लिया और सत्र को बाधित कर दिया।

## फ्रांसीसी पत्रकार को नोटिस, भारत बोला- वीजा नियमों का हुआ उल्लंघन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में फ्रांस की एक महिला पत्रकार वेनेसा डौगनेक को नोटिस जारी किया था। यह नोटिस फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नई दिल्ली दौरे से पहले जारी किया गया था।

मैक्रों की यात्रा के बीच इस मामले पर भी खूब चर्चा हो रही थी। अब भारत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि उनको यह नोटिस वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण जारी किया गया है। वेनेसा को गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने नोटिस जारी किया था। भारत ने फ्रांस से कहा कि दिल्ली में रहने वाली फ्रांसिसी पत्रकार को वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण नोटिस जारी किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा था कि पत्रकार को इसलिए नोटिस जारी किया गया है, क्योंकि वह भारत सरकार के रुख के विपरीत रिपोर्ट करती हैं। भारत ने मैक्रों के दौरे के दौरान फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल के सामने इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखा। वेनेसा को वीजा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया था और उनसे दो फरवरी तक जवाब मांगा गया था। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति के बीच बातचीत की जानकारी पत्रकारों की दी।

### अंडरवाटर मेट्रो...

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के नीचे से गुजरने वाली देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो के सफर को रोमांचक और यादगार बनाया जा रहा है। हुगली नदी तल से 13 मीटर और जमीन से करीब 33 मीटर नीचे से गुजरने वाली 520 मीटर लंबी टनल में दोनों तरफ नीले रंग की लाइट लगाई गई है। इससे पानी के अंदर होने का अहसास होगा। सफर ज्यादा रोमांचक बनाने के लिए लाइट्स से ही टनल की दीवारों पर मछलियां बनाई गई हैं। ● एजेंसी

# लालच देकर स्वदेशी समुदायों का हो रहा धर्मांतरण

▸▸ आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमंत बोले- युवा स्वदेशी आस्थाओं -धर्मों को जीवित रखें

डिब्रूगढ़, एजेंसी

रविवार को डिब्रूगढ़ में आईसीसीएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि भारत के स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा धर्मांतरण के प्रयासों का लक्ष्य बन गए हैं। जिससे व्यक्तियों को भौतिक लालच देकर भ्रमित किया जाता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से स्वदेशी आस्थाओं और धर्मों को जीवित रखने का आग्रह किया।

साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों को साझा किया। आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और बुजुर्गों की सभा के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से भारत में स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा रूपांतरण प्रयासों का लक्ष्य बन जाते हैं। कई धार्मिक समूहों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के परिणामस्वरूप स्वदेशी आस्था का पालन करने वालों की आबादी में गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि मिशनरी संगठनों द्वारा दिए जाने वाले भौतिक लाभ, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल लाभों का प्रलोभन व्यक्तियों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी धार्मिक प्रथाओं की रक्षा करनी होगी। इन आस्थाओं को मानने वालों की आबादी में गिरावट दर्ज की गई है। जिसका असर संस्कृति और प्रथाओं पर पड़ता है। हिमंत ने कहा कि स्वदेशी आस्थाओं औ प्रथाओं का पालन करना युवा पीढ़ी का दायित्व और कर्तव्य है।

### हिमंत सरमा ने नीतीश, सम्राट और विजय को दी बधाई

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनने पर बधाई दी। सरमा ने कहा- बिहार को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने में नेतृत्व की सफलता की कामना करता हूं। सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा- बिहार में राजग सरकार बनने से खुशी हुई। मुख्यमंत्री की भूमिका संभालने के लिए नीतीश कुमार जी को बधाई और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

## विपक्ष मैदान से दूर, प्रत्याशियों से बोले इमरान- प्रचार करो या हटो

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ इमरान की दो टूक- चुनावी रैली शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को देंगे

पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल- एन) प्रमुख नवाज शरीफ अपने भाई शाहबाज के साथ रोज रैलियां कर रहे हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) भी अभियान शुरू कर चुकी है।

लेकिन, देश की सबसे लोकप्रिय पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए- इंसाफ (पीटीआई) मैदान से गायब है। उसके नेता सत्ता-सेना के डर से चुनाव प्रचार के लिए ही नहीं उतर रहे हैं। इस कारण अदियाला जेल में बंद इमरान ने पार्टी के उम्मीदवारों को चेतावनी दी है। इमरान ने कहा कि पार्टी उम्मीदवार रविवार से चुनाव अभियान शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को दे देंगे। पीटीआई ने नेशनल असेंबली की 272 सीटों में से 266 पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इमरान को पिछले साल मई में जेल भेज दिया गया। पार्टी के चुनावी चिह्न बल्ला इस महीने छीन लिया गया। बल्ला चुनाव चिह्न छीने जाने के कारण पीटीआई के सभी उम्मीदवार अलग-अलग चुनाव चिह्नों के साथ चुनाव लड़ेंगे।

### इमरान की बहन बोलीं- भाई के साथ भुट्टो जैसा न हो

इमरान की बहन अलीमा खान ने बताया कि हमारे परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। हमें इमरान पर लादे गए आपराधिक मामलों की चिंता है। उन्होंने कहा कि इमरान के साथ वैसा बर्ताव न हो, जैसा भुट्टो के साथ हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि नवाज अब सत्ता में किसी को आने नहीं देना चाहते।

## ईरान ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर 3 सैटेलाइटों का किया प्रक्षेपण

**तेहरान।** ईरान ने रविवार को कहा कि उसने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च किया है। ईरान की मीडिया ने कहा कि प्रक्षेपण में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जिसमें पहले कई विफलताएं हुई हैं।

अमेरिका ने पहले कहा है कि ईरान के उपग्रह प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव की अवहेलना करते हैं और तेहरान से परमाणु हथियार पहुंचाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं करने को कहा है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध पिछले अक्टूबर में समाप्त हो गए। अमेरिकी खुफिया समुदाय ने कहा कि प्रक्षेपण वाहनों के विकास से ईरान के लिए अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने की समयसीमा कम हो गई है, क्योंकि इसमें समान तकनीक का इस्तेमाल होता है।

# यहूदी विरोधी भावनाओं के खिलाफ खड़े रहेंगे: बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ बोले- हम सदैव समुदाय के साथ अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ काले अध्याय पर मना रहा शोक

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रलय स्मरण दिवस पर अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान जारी करते हुए प्रतिक्षा की कि यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ वे खड़े रहेंगे। होलोकॉस्ट से बचे सभी यहूदी लोगों को याद करते हुए फिर कभी नहीं का वादा किया है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ मिलकर मानव इतिहास के इस काले अध्याय पर शोक मना रहा है। नाजियों द्वारा ली गई जानों पर शोक मनाते हैं।

बाइडन के कहा कि पिछले साल से एक बार फिर यहूदी विरोधी भावना सिर उठाने लगी है। सात अक्टूबर को गाजा स्थित आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे। जिसमें 1200 लोग की मौत हो गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में इस्राइली नागरिकों के बंधक बनाया गया है। होलोकॉस्ट के बाद सात अक्तूबर ही यहूदी लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई थी। बाइडन ने कहा कि इस्राइल पर हमसा के हमले के बाद अमेरिका दुनियाभर में यहूदी विरोधी भावना में हो रही बढ़ोतरी को लेकर चिन्तिंत है। क्योंकि बड़ी संख्या में यहूदी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

### हेली ने बढ़ती उम्र पर उठाए सवाल, ट्रंप का पलटवार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह दिमागी तौर पर 20 साल पहले जितने तेज थे, अब उससे भी तेज हो गए हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब उनकी प्रतिद्वंदी निक्की हेली ने बढ़ती उम्र को लेकर पूर्व राष्ट्रपति पर निशाना साधा है। ट्रंप ने ये भी कहा कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों का दिमागी टेस्ट भी होना चाहिए।

# अमेरिका के स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सिख इतिहास

चंडीगढ़, एजेंसी

▸▸ पंजाब के 12वीं कक्षा के छात्र गुरइकप्रीत के प्रयत्नों से हुई पहल

दस्तार क्या है, सिखों ने दस्तार के लिए कौन सी कुर्बानियां दी है, सिख इतिहास क्या है। अब यह अमेरिका के स्कूलों का सिलेबस होगा। यह शुरुआत अमेरिका की स्टेट न्यूजर्सी से हुई है। यह पहल पंजाब से अमेरिका में बसे 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स गुरइकप्रीत सिंह के प्रयत्नों से हो पाई है। वह इन दिनों पंजाब आए हुए हैं।

गुरइकप्रीत सिंह ने पंजाब आ कर तख्त श्री दमदमा साहिब में अमृतपान भी किया। जहां पर सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उसे सम्मानित भी किया। गुरइकप्रीत ने कहा कि वह परिवार के साथ 2014 में अमेरिका गया। तभी से अमेरिका में ही स्ट्डी कर रहा है। जहां पर उसे 8वीं से 12वीं कक्षा तक पहुंचने तक दस्तार सजाने वाला कोई और सिख युवक नहीं दिखा। केवल वह अकेला ही सिख युवक है जो दस्तार सजाता है।

एसजीपीसी के महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि गुरइकप्रीत सिंह ने पूरी दुनिया में सिख धर्म का मान बढ़ाया है। यह बड़ी प्राप्ति है। उन्होंने कहा- देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है जो भारत के सिख समुदाय के लोगों का मान बढ़ेगा। लेकिन धीरे धीरे दूसरी स्टेटों में भी इसे लागू करवाना है।

## फ्रांस में मोनालिसा की पेंटिंग पर फेंका गया सूप म्यूजियम में मची भगदड़

**पेरिस।** पेरिस में मौजूद लौवर म्यूजियम में रखे प्रतिष्ठित मोनालिसा पेंटिंग पर सूप फेंका गया। फ्रांस में कृषि प्रणाली में बदलाव की जरूरतों को लेकर प्रदर्शन कर रहे दो प्रदर्शनकारियों ने पेटिंग पर सूप फेंका।

गौरतलब है कि पेंटिंग बुलेटप्रूफ शीशे में सुरक्षित रूप से रखा गया है, इसलिए इससे पेंटिंग को सीधे तौर पर कोई नुकसान नहीं हुआ। पेटिंग पर सूप फेंकने के बाद दोनों महिला प्रदर्शनकारी पेंटिंग के नजदीक खड़ी हो गईं। सूप फेंके जाने के तुरंत बाद पेंटिंग को काले पर्दे ढक दिया गया। फ्रांस ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर किसान पेरिस में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

**उपलब्धि** 700 मीटर लंबी प्रभावशाली सुरंग अखनूर और पुंछ को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी

# नौशेरा सुरंग का उद्घाटन, बीआरओ की बड़ी सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

200 किलोमीटर लंबा अखनूर-पुंछ गोल्डन आर्क रोड रणनीतिक दृष्टि से अहम है। ये दक्षिण कश्मीर और जम्मू क्षेत्र को प्रदेश के पश्चिमी इलाकों से जोड़ता है। यह अखनूर, राजोरी और पुंछ जैसे महत्वपूर्ण सीमावर्ती जिलों का आपस में मिलान करता है। इस खंड में चार प्रमुख सुरंगें हैं- कंडी सुरंग, सुंगल सुरंग, नौशेरा सुरंग और भीमबर्गगली सुरंग।

रविवार को भारत माता की जय के जयघोष के साथ नौशेरा सुरंग का उद्घाटन समारोह हुआ। 700 मीटर लंबी प्रभावशाली सुरंग अखनूर और पुंछ को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सीमा सड़क संगठन के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने सफलता समारोह में भाग लिया और इस परियोजना के महत्व को रेखांकित किया, जो क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाने और राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ सुगम परिवहन की सुविधा प्रदान करने में एक बड़ा कदम है। पिछले साल 25 नवंबर 2023 को कंडी सुरंग में सफलता हासिल की गई थी, जो राजोरी और पुंछ के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में बीआरओ के प्रयासों को दर्शाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग की प्रगति में तेजी आ गई है और इस परियोजना के निर्धारित समय से पहले 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।

अपने संबोधन के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने कहा कि बीआरओ जम्मू-पुंछ क्षेत्र में दूरदराज के क्षेत्रों को प्रमुख केंद्रों से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का नेतृत्व कर रहा है। जम्मू-पुंछ लिंक, तेजी से आगे बढ़ रहा है, अगले कुछ वर्षों में पूरा होने की राह पर है। एलओसी पर रक्षा बुनियादी ढांचे के बारे में पूछे जाने पर, डीजी बीआर ने उल्लेख किया कि रक्षा बुनियादी ढांचे का विकास एक सतत प्रक्रिया है और सीमा सड़क संगठन आईबी, एलओसी और एलएसी पर रणनीतिक सड़कों के निर्माण और उन्नयन द्वारा बुनियादी ढांचे रक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बीआरओ और प्रोजेक्ट संपर्क अपने जिम्मेदारी वाले क्षेत्र के नागरिकों के निर्माण, संपर्क, देखभाल और जीवन को बचाने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। यह सड़कें राष्ट्र का निर्माण करती हैं कहावत में विश्वास करती हैं और सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए सीमा सड़कों के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए खुद को फिर से समर्पित कर दिया है।

रविवार को नौशेरा सुरंग में इंजीनियरों और श्रमिकों के साथ मौजूद सीमा सड़क संगठन के कर्मचारी।